CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 23°C
सेंसेक्स 81,312.32
निफ्टी 24,752.45
सोना 98,670
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 29 मई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 296 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 1 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ट्रम्प ने स्टूडेंट वीजा के इंटरव्यू पर लगाई रोक

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### IPL का फाइनल सशस्त्र बलों को समर्पित करना सराहनीय कदम: गंभीर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## पाकिस्तान से सटे चार राज्यों में मॉक ड्रिल आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

- राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और जम्मू- कश्मीर शामिल, लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से सटे राज्यों में गुरुवार (आज) की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं। वहीं, पंजाब में 3 जून को ड्रिल होगी। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में माक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। मॉक ड्रिल यानी एक तरह की प्रैक्टिस जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है। ब्लैकआउट एक्सरसाइज का मतलब है कि एक तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर देना। इसका मकसद यह दिखाना होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे दुश्मन को निशाना साधने में मुश्किल होती है।



## किसानों को मिलेगी अब फसलों की ज्यादा कीमत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- धान समेत 14 फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी
- किसान क्रेडिट कार्ड पर कम ब्याज में मिलेगा लोन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 में खरीफ की फसल के लिए धान, बाजरा, मक्का, उड़द, मूंगफली और सूरजमुखी बीज सहित 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विपणन सीजन -**शेष पृष्ठ दो पर**

### प्रो. महमूदाबाद की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रो. अली खान महमूदाबाद को 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित आपत्तिजनक सोशल मीडिया टिप्पणी मामले में हरियाणा में दर्ज दो मुकदमों के तथ्यों पर केंद्रित जांच करने का बुधवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) को निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने प्रो. महमूदाबाद को 21 मई को दी गई अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाते हुए कहा कि वह इस मामले में जुलाई में सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के कपिल सिब्बल की इस आशंका पर कि जांच का दायरा बढ़ाया सकता है। उन्होंने कहा कि हम निर्देश देते हैं कि एसआईटी की जांच दो मुकदमों के तथ्यों तक ही सीमित रहेगी।

### मुंबई में तेज बारिश, राजस्थान में गर्मी बारिश व आंधी

**नई दिल्ली।** देश के 17 राज्यों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। बुधवार को मानसून समय से 12 दिन पहले छत्तीसगढ़ और 13 दिन पहले ओडिशा पहुंचा। दोनों राज्यों के कुछ जिलों में तेज बारिश हुई। महाराष्ट्र के मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ में बुधवार को भारी बारिश हुई। यहां बारिश का एलो अलर्ट जारी किया गया है। बदलापुर, उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली और ठाणे के अलग-अलग इलाकों में जलभराव हो गया है। राजस्थान में मौसम का तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। बूंदी जिले में तेज गर्मी पड़ रही है। यहां के गांव में वृद्ध महिला की मौत हुई।

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ चलेगा महाभियोग!

नई दिल्ली, वार्ता



- मानसून सत्र में प्रस्ताव संभव, कैश कांड के दोषी जज के घर मिले थे जले नोट
- सरकार अभी तक इंतजार कर रही जस्टिस वर्मा खुद दे दें इस्तीफा

**कैश कांड** मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ केंद्र सरकार संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। एक न्यूज एजेंसी ने सरकार से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि 15 जुलाई के बाद शुरू होने वाले मानसून सत्र में यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। हालांकि सरकार अभी इस बात का इंतजार कर रही है कि जस्टिस वर्मा खुद इस्तीफा दे दें।

दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जिसके बाद उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। 22 मार्च को इस मामले में तत्कालीन सीजेआई ने जांच समिति बनाई थी। कमेटी ने 3 मई को रिपोर्ट तैयार की और 4 मई को सीजेआई को सौंपी थी। कमेटी ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों को सही पाया और उन्हें दोषी ठहराया था।

### चार हाईकोर्टों के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्अ के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने राजस्थान समेत चार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से बुधवार को बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव को मद्रास उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार त्रिपुरा के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह को तेलंगाना, झारखंड के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचन्द्र राव को त्रिपुरा और मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति केआर श्रीराम का राजस्थान उच्च न्यायालय में तबादला किया गया है। बयान में कहा गया है कि कॉलेजियम की 26 मई को हुई बैठक में उक्त चारों उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश संबंधी फैसला लिया गया।

### मणिपुर में नई सरकार बनाने की तैयारी, गवर्नर के पास पहुंचे 10 विधायक

**इम्फाल।** मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इनमें 8 भाजपा, एनपीपी और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इन्होंने दावा किया है इनके पास 44 विधायकों का समर्थन है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा कि कांग्रेस को छोड़कर 44 विधायक मणिपुर में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। नई सरकार के गठन का विरोध करने वाला कोई नहीं है। मणिपुर विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत ने 44 विधायकों से मुलाकात की है। दूसरी तरफ, विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत केंद्रीय नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली रवाना हो गए हैं। जल्द ही सरकार बनाने पर आलाकमान का फैसला आ सकता है। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है। बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को दिया इस्तीफा, उसके बाद राष्ट्रपति शासन मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है। 9 फरवरी को भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था।

## कर्नल सोफिया पर टिप्पणी मामले में विजय शाह को अंतरिम राहत जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



### हाईकोर्ट की कार्यवाही बंद, सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को जांच के लिए और समय दिया, जुलाई के तीसरे सप्ताह में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम राहत जारी रहेगी। सर्वोच्च अदालत ने बुधवार को शाह के खिलाफ हाईकोर्ट में चल रही कार्यवाही को भी बंद कर दिया है और विशेष जांच दल (एसआईटी) की पहली रिपोर्ट को रिकॉर्ड में ले लिया। साथ ही एसआईटी को जांच के लिए और समय दिया। अब इस मामले पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में सुनवाई होगी।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि यह मामला सर्वोच्च अदालत के संज्ञान में है। इस तथ्य के मद्देनजर हाईकोर्ट में चल रही कार्यवाही को बंद किया जाना चाहिए। कोई समानांतर कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। याद रहे कि शाह ने इस मसले पर हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनके विवादित बयान पर हाई कोर्ट ने काफी सख्त रुख अपनाया था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए तीन वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की थी। शाह को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था, जबकि इस बीच उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। बुधवार को सुनवाई शुरू होते ही मध्य प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच को सूचित किया कि एसआईटी गठित कर दी गई है और उसने जांच शुरू कर दी है। शाह का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। जांच रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में अदालत में पेश कर दी गई है और आगे की जांच के लिए एसआईटी को समय चाहिए। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में दर्ज किया कि डीआईजी पुलिस द्वारा स्थिति रिपोर्ट दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि तीन आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी गठित की गई है और 21 मई को जांच की गई। घटनास्थल का दौरा किया गया और सामग्री एकत्र की गई। भाषण की स्क्रिप्ट तैयार किए जाने के साथ मोबाइल फोन जब्त किया गया है और गवाहों के बयान दर्ज किए गए।

### पेड़ों की अवैध कटाई मामले में वीके सक्सेना बरी, दोषी डीडीए अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली रिज क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई से संबंधित अदालती अवमानना के एक मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और डीडीए को बुधवार को बरी दिया, लेकिन प्रत्यके दोषी अधिकारी को 25,000 रुपये को जुर्माना भरने का निर्देश दिया। पीठ ने यह फैसला सुनाते हुए पेड़ों के नुकसान की भरपाई के लिए कई निर्देश भी दिए। पीठ ने डीडीए के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाषिश पांडा को भी राहत दी और उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद कर दी। उन्हें राहत देते हुए अदालत ने कहा कि अब वह इस पद (उपाध्यक्ष) पर नहीं हैं और पहले भी पूर्णकालिक सदस्य नहीं थे।

## एक अधिकारी तीनों सेनाओं के जवानों पर ले सकेगा एक्शन

- देश में इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू, केंद्र ने नोटिफिकेशन जारी किया

**नई दिल्ली।** देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकेगा। 27 मई से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया।

नए कानून बनने से इंटर सर्विस आर्गनाइजेशन के तहत एक कमांडर-इन-चीफ/ऑफिसर-इन- कमांड की नियुक्ति होगी। यह कमांडर सैनिकों पर कंट्रोल करने, कार्रवाई करने में सक्षम होगा। फिर सैनिक किसी भी सेना से जुड़ा हो। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बन गया था कानून इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन बिल दो साल पहले मानसून सत्र में संसद में पेश और पारित किया गया था। 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इसे 10 मई 2024 से लागू किया गया। सरकार ने बुधवार को नए नियमों को भी आधिकारिक रूप से राजपत्र के माध्यम से अधिसूचित (गजटेड) कर दिया गया है। नए नियम के तहत अब कोई भी सेवा अधिकारी (जैसे थलसेना का अधिकारी) इंटर सर्विस आर्गनाइजेशन में कार्यरत किसी भी अन्य सेवा (जैसे नौसेना या वायुसेना) के जवानों को कमांड दे सकेगा। पहले इस प्रकार के अधिकार केवल संबंधित सेवा के भीतर ही सीमित होते थे। इससे कई बार संचालन में बाधाएं आती थीं।

## देश में कोरोना के 1200 केस, अब तक 12 मौतें

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 1200 पहुंच गई है। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है।

यहां 325 मरीज हैं। इनमें से 316 मरीज सिर्फ मुंबई में हैं। इसके बाद केरल में सबसे ज्यादा 430 कोरोना पेशेंट हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र में 66, कर्नाटक में 36, गुजरात में 17, बिहार में 5 और हरियाणा में 3 नए मामले सामने आए हैं। नॉर्थ-ईस्ट में भी कोरोना के मामले सामने आने लगे हैं। अरुणाचल प्रदेश में मंगलवार को 2 महिलाएं कोरोना पॉजिटिव पाई गईं। इनमें एक को बुखार और हल्की खांसी है, जबकि दूसरी महिला में कोई लक्षण नहीं हैं। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में मंगलवार को 78 साल के कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह राज्य में कोविड के नए वैरिएंट से पहली मौत है।

## ऑपरेशन सिंदूर ने पाक को पांच साल पीछे धकेला

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। सबसे ज्यादा नुकसान पाकिस्तानी एयरफोर्स को हुआ है। सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के हमले के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना लाचार हो गई थी। उसे समझ में ही नहीं आ रहा था कि हमले का बचाव कैसे किया जाए। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने हवा से दागी जाने वाली क्रूज मिसाइलों, लंबी दूरी से मार करने वाले हथियारों और अलग-अलग तरह के घूमते रहने वाले हथियारों का इस्तेमाल किया।

रक्षा सूत्रों के मुताबिक भारतीय वायुसेना ने लगातार चार दिन तक पाकिस्तान में बहुत सटीक हमले किए। उनके मुताबिक इस हमले से पाकिस्तान को इतना नुकसान हुआ है कि उबरने में उन्हें कम से कम 5 साल लग जाएंगे। भारतीय सेना ने टैंक और कम दूरी की मिसाइल से ड्रोन को मार गिराने का वीडियो कुछ दिन पहले जारी किया था।






## संक्षिप्त समाचार

### राम मंदिर में पांच जून को होगी एक और प्राण प्रतिष्ठा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में रामनगरी अयोध्या में पांच जून को एक और प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय ने बुधवार को यहां पत्रकारों को बताया कि पांच जून को सुबह 11:25 से 11:40 के बीच राम दरबार समेत सभी आठ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। गंगा दशहरा पर प्राण प्रतिष्ठा का यह भव्य कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वत महंत योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश की अगुवाई में 101 वैदिक आचार्य संपन्न कराएंगे। इससे पहले दो जून को शाम चार बजे मातृ शक्तियां जल कलश यात्रा लेकर निकलेंगी। यह कलश यात्रा पुराने आरती स्थल से शुरू होगी और श्रृंगरहाट हनुमानगढ़ी दशरथ महल होते हुए राम मंदिर के यज्ञ मंडप पर पहुंचेगी। तीन जून को यज्ञ मंडप पूजन अग्नि स्थापना का अनुष्ठान शुरू होगा, जबकि चार जून को विभिन्न अधिवास पालकी यात्रा का आयोजन किया गया है।

### माओवादियों ने ओडिशा में विस्फोटकों से लदे ट्रक को लूटा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में सुंदरगढ़ जिले के सारंडा जंगल के पास लांगलकाटा क्षेत्र में माओवादियों ने विस्फोटकों से भरा एक ट्रक लूटने के बाद पश्चिमी रेंज के पुलिस उप महा. निरीक्षक और राउरकेला पुलिस अधीक्षक, पुलिस बल के साथ बुधवार को जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। उन्हें सूचना मिली थी कि संदिग्ध माओवादियों ने मंगलवार को विस्फोटकों से लदे ट्रक को लूट लिया है। सूत्रों के अनुसार ट्रक ओडिशा-झारखंड सीमा के पास बांको में एक पत्थर खदान में गोला-बारूद के गोदाम से जिलेटिन की छड़ों के सैकड़ों पैकेट सहित लगभग चार टन विस्फोटक ले जा रहा था। इसे जंगल के अंदर संदिग्ध माओवादियों ने रोक लिया, जहां बंदूक की नोक पर विस्फोटक से भरा ट्रक लूट लिया। हमलावर माओवादियों ने विस्फोटकों से लदे ट्रक को पास के सारंडा जंगल में ले जाकर खड़ा कर दिया, जो उनका गढ़ माना जाता है और ट्रक से सारी सामग्री उतार ली। वाहन चालक और सहायक को हालांकि माओ. वादियों ने बिना नुकसान पहुंचाए छोड़ दिया था।

### खराब मौसम के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे से दो उड़ानें रद्द

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण मंगलवार शाम श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दो उड़न सेवाओं को रद्द किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, चंडीगढ़ (आईएक्ससी) जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई6041 और मुंबई जाने वाली उड़ान 6ई215 को कश्मीर घाटी में खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि श्रीनगर में खराब मौसम के कारण दो उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। गौरतलब है कि इंडिगो की दिल्ली से श्रीनगर जा रही विमान को 21 मई को अचानक ओलावृष्टि का सामना करना पड़ा।

## आयुध अधिनियम का पालन करें डीएम, कारण बताना होगा

# शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने पर हाईकोर्ट सख्त

**प्रयागराज, वार्ता**



■ हाईकोर्ट ने कहा: केवल शत्रुता, आपराधिक केस व दुरुपयोग की आशंका के आधार पर नहीं निरस्त किए जा सकते शस्त्र लाइसेंस

■ कोर्ट ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के हापुड़ के डीएम के आदेश व मेरठ के मंडलायुक्त की अपील में पारित आदेश रद्द किया

■ अब नौ जजों की पीठ तय करेगी बीएनएसएस के तहत एफआईआर रद्द हो सकती है या नहीं, मामला वृहद पीठ को भेजा गया

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल किसी से शत्रुता, आपरा. धिक केस दर्ज होने और शस्त्र का दुरुपयोग करने की आशंका के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निलंबित या निरस्त नहीं किया जा सकता।

आयुध अधिनियम के तहत शस्त्र लाइसेंस निरस्त करते समय डीएम को कारण बताना होगा। यह टिप्पणी कर कोर्ट ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के हापुड़ के डीएम के आदेश व मेरठ के मंडलायुक्त की अपील में पारित आदेश रद्द कर दिया। साथ ही हापुड़ के डीएम को दो माह में नए सिरे से आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने देवेंद्र सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याची के खिलाफ बाबूगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके आधार पर डीएम ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया। याची ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची अधिवक्ता आशीष कुमार सिंह ने दलील दी कि लोक सुरक्षा व लोक शांति के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है। डीएम व कमिश्नर ने मशीनी आदेश पारित किया। यह स्वतंत्र देश के स्वतंत्र नागरिक के विशेषाधिकार का उल्लघंन है। कानून डीएम को फ्री हैंड नहीं देता। कोर्ट ने डीएम को आदेश को रद्द कर दिया। वहीं एफआईआर रद्द करने की हाईकोर्ट की अंतर्निहित शक्ति का परीक्षण अब नौ जजों की वृहद पीठ करेगी। यह देखा जाएगा कि हाईकोर्ट में एफआईआर को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-528 के तहत चुनौती दी जा सकती है या फिर भारतीय संविधान के अनुच्छेद-226 के अंतर्गत दाखिल होने वाली याचिका ही पोषणीय है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकल पीठ ने इस कानूनी उलझन को नौ जजों की वृहद पीठ को सौंपने का फैसला सुनाया है। साथ ही कोर्ट ने महानिबंधक को वृहद पीठ के गठन के लिए मामला तीन दिन में मुख्य न्यायाधीश के समक्ष पेश करने को कहा है। याची शशांक गुप्ता उर्फ गुड्डू और अन्य के खिलाफ चित्रकूट के कर्वी थाने में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज है। मामले में याचियों ने बीएनएसएस की धारा-528 के तहत एफआईआर रद्द करने की मांग के साथ हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दावा है कि मुकदमा दुर्भावनापूर्ण तरीके से उन्हें सताने के लिए दर्ज करवाया गया है। याची का तर्क है कि हाईकोर्ट अपनी अंतर्निहित शक्तियों का प्रयोग कर झूठी व दुर्भावनापूर्ण एफआईआर को रद्द कर सकता है। बीएनएसएस की धारा-528 हाईकोर्ट को यह अधिकार देती है कि वह ऐसी शिकायतों व एफआईआर को सीधे खारिज कर सके, जो प्रथम दृष्टया न तो किसी अपराध को दर्शाती है और न ही न्याय की कसौटी पर खरी उतरती है। इस नई धारा का उद्देश्य फर्जी मुकदमों से नागरिकों की रक्षा करना है। लिहाजा नए कानून के तहत याची के खिलाफ दर्ज मुकदमा रद्द किया जाना चाहिए। राज्य सरकार के अधिवक्ता ने 1989 में रामलाल यादव के मामले में सात जजों की पूर्ण पीठ के दिए फैसले का हवाला देते हुए याचिका की पोषणीयता पर प्रारंभिक आपत्ति उठाई। कहा कि एफआईआर को रद्द करने की मांग भारतीय संविधान के अनुच्छेद-226 के तहत ही पोषणीय है। बीएनएसएस की धारा-528 (पुरानी धारा 482 सीआरपीसी) के तहत एफआईआर रद्द करने की अर्जी स्वीकार नहीं की जा सकती।

### कानूनी उलझन वृहद पीठ को संदर्भित करने का पहला मामला

**प्रयागराज।** बीएनएसएस लागू होने के बाद यह पहला मामला है, जब धारा 528 के तहत एफआईआर रद्द करने की मांग की गई है। इससे पहले 1989 में सात जजों की पूर्ण पीठ ने एफआईआर रद्द करने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद-226 के तहत याचिका को पोषणीय माना था। सात जजों की पूर्ण पीठ के फैसले और नए कानून के प्रावधानों में टकराव को देखते हुए कोर्ट ने मामले को नौ जजों की वृहद पीठ को संदर्भित कर दिया। वृहद पीठ के का फैसला आने तक याचियों को दी गई अंतरिम राहत बरकरार रहेगी। उनके खिलाफ कोई भी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

# यूपी में उमस भरी गर्मी ने किया लोगों को बेहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ आज से बदलेगा मौसम, पूरब से पश्चिम तक गरज चमक के साथ बूंदाबांदी होने के आसार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गुरुवार से पूरब से पश्चिम तक गरज चमक के साथ बूंदाबादी के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस दौरान इन जगहों पर 40 से 50 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार हवाएं भी चलेंगी। बूंदाबांदी से तात्कालिक तौर पर पारे में हल्की गिरावट आएगी और उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

गुरुवार के लिए प्रदेश के पूर्वी और तराई इलाकों के 60 जिलों में तेज हवाएं चलने और गरज- चमक के साथ बूंदाबादी की चेतावनी जारी की गई है। बुधवार को प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक कहीं भी लू जैसी परिस्थितियां नहीं रहीं, लेकिन उमस भरी चिपचिपी गर्मी ने लोगों को बेहाल किया। पूर्वा हवा में नमी की मौजूदगी से आभासी गर्मी, वास्तविक गर्मी से ज्यादा महसूस किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 29 मई से प्रदेश में दो-तीन दिनों के लिए बूंदाबा. 'दी और हवाओं की तीव्रता और क्षेत्रफल में विस्तार देखने को मिलेगा। आईएमडी ने जानकारी दी है कि इस मानसून में जून से सितंबर के दौरान चार माह में पूर्वी यूपी में सामान्य से 10 प्रतिशत और पश्चिमी यूपी में सामान्य से 12 प्रतिशत अधिक बारिश की संभावना है। जून माह में देश भर में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक बारिश होगी। बांदा, फतेहपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बारा. बंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्धनगर, बुलन्दशहर, कासगंज, एटा, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले हालात


## श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से आधार शिविर कटरा शहर में रौनक लौटी

**जम्मू, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में बसे देवस्थान श्री माता वैष्णो देवी भवन में तीर्थयात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होने से आधार शिविर कटरा शहर में चहल-पहल लौट आई है। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से वैष्णो देवी यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में अचानक गिरावट देखी गई थी।

इस बीच श्राइन बोर्ड के अधिक. ारी ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने लगी है। इस वृद्धि के साथ लगभग 18000 से 20000 तीर्थयात्री प्रतिदिन भवन के दर्शन के लिए कटरा पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कड़ी सुरक्षा के साथ-साथ श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों के लिए व्यापक व्यवस्था भी की है, जिससे तीर्थयात्रा जोर पकड़ रही है और लगभग एक महीने के बाद यहां श्रद्धालुओं की संख्या 20000 तक पार कर गई है। पिछले महीने पहलगाम आतंकी हमले के बाद कटरा में कारोबार काफी हद तक प्रभावित रहा हालांकि श्राइन बोर्ड और धार्मिक निकायों के साथ-साथ व्यापारी समुदाय को उम्मीद है कि देशभर के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों के दौरान अब श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि होगी।

### गुलाम नबी आजाद ने अपने स्वास्थ्य के बारे में किया आश्वस्त




**श्रीनगर।** वरिष्ठ राजनेता एवं जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आज़ाद ने लोगों को अपने स्वास्थ्य के बारे में लोगों को आश्वस्त किया है। आजाद ने एक्स हैंडल पर अपने पोस्ट में कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कुवैत में अत्यधिक गर्मी के कारण मेरे स्वास्थ्य पर असर पड़ने के बावजूद भगवान की कृपा से मैं ठीक हूं और मेरी हालत में सुधार हो रहा है। सभी जांच रिपोर्टें सामान्य हैं। आप सभी की चिंता और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद। यह वास्तव में मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उल्लेखनीय है कि आज़ाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के लिए कुवैत गए हुए थे। इस दौरान कुछ स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी होने लगी जिसके बाद उन्हें यहां के अस्पताल में भर्ती कराया गया। आज़ाद पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के शून्य सहिष्णुता के संदेश को व्यक्त करने के लिए सरकार द्वारा खाड़ी देशों में भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों में से एक का हिस्सा हैं।

### वीर सावरकर की जयंती के मौके पर मोदी, शाह, नड्डा ने किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी वीर सावकर की जयंती के मौके पर उन्हें नमन किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, भारत माता के सच्चे सपूत वीर सावरकर जी को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। विदेशी हुकूमत की कठोर से कठोर यातनाएं भी मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण भाव को डिगा नहीं पाईं। आजादी के आंदोलन में उनके अदम्य साहस और संघर्ष की गाथा को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। देश के लिए उनका त्याग और समर्पण विकसित भारत के निर्माण में भी पथ-प्रदर्शक बना रहेगा।

# कोरोना वायरस से आगरा में पहली मौत

**आगरा, वार्ता**



■ स्वास्थ्य विभाग में कोई हलचल नहीं, अभी तक न आईसोलेशन वार्ड बनाए और न ही जांच केंद्र ही खोले गए

फिरोजाबाद के मरीज की कोरा. 'ना संक्रमण के बाद हुई मौत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग में कोई हलचल नहीं हुई है। अभी तक जांच केंद्र और आइसोलेशन वार्ड तक नहीं बनाए गए हैं। सीएमओ का कहना है कि कोई गाइड लाइन नहीं आई है। एहतियात बरती जा रही है।

प्रदेश के नोएडा, गाजियाबाद, जालौन के बाद फिरोजाबाद के संक्रमित की मौत से कोरोना के फैलने का खतरा फिर से बढ़ने लगा है। कोरोना महामारी के दौरान जहां स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक इंतजाम किए थे, वहीं अब आगरा में पहला संक्रमित केस मिलने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां लचर हैं। महामारी के दौरान एसएन मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों पर आइसोलेशन वार्ड बनाए गए थे। यह सभी वार्ड अब सामान्य वार्ड में तब्दील हो चुके हैं। ऑक्सीजन प्लांट केवल एसएन और जिला अस्पताल में ही संचालित हो रहे हैं। कोरोना संक्रमण की जांच की सुविधा भी एसएन अस्पताल के वायरोलॉजी लैब में ही उपलब्ध है। अभी तक कहीं भी अलग से कोरोना संक्रमण की जांच के केंद्र नहीं बनाए गए हैं। ऐसे में सामान्य लक्षण होने पर मरीज जांच भी नहीं करा पाएंगे। यहां तक कि ओपीडी में आने वाले खांसी, जुकाम बुखार के मरीजों के लिए फ्लू वार्ड भी शुरू किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी संक्रमण को लेकर कोई गाइड लाइन जारी नहीं की गई है। एहतियात बरती जा रही है। अगर किसी को लक्षण महसूस हों, तो उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज में जांच करानी चाहिए। सीएमओ अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि फिरोजाबाद का संक्रमित मरीज मिलने के बाद अब अस्पतालों में एहतियात बरती जाएगी। कोरोना के दोनों सब-वैरिएंट्स एनबी-1-8-1 और एलएफ-7 के मामले भारत सहित कई देशों में काफी तेजी से बढ़े हैं, भारतीय आबादी में भी इसके कारण संक्रमण में तेजी से उछाल आया है। बढ़ते जोखिमों को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अब एनबी-1-8-1 को वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग के रूप में वर्गीकृत कर दिया है, अब तक इसे वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट के रूप में रखा गया था। वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग का मतलब है कि अब वायरस के इस रूप को लेकर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देने और निगरानी की आवश्यकता है।

## अर्थ व्यापार    अर्थ व्यापार    अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार में गिरावट जारी



**मुंबई।** विश्व बाजार की भारी गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और धातु समेत तेरह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 239.31 अंक की गिरावट लेकर 81,312.32 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73. 75 अंक टूटकर 24752.45 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.22 प्रतिशत फिसलकर 45,093.52 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.50 प्रतिशत उछलकर 52,122.64 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1928 में गिरावट जबकि 2022 में तेजी रहे, वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2940 कंपनियों के शेयरों में से 1395 में बिकवाली जबकि 1462 में लिवाली हुई, वहीं 83 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में 13 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.11, एफएमसीजी 1.33, हेल्थकेयर 0.39, आईटी 0.01, यूटिलिटीज 0.44, ऑटो 0.67, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.58, धातु 0. 69, पावर 0.20, रियल्टी 0.11 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.11 प्रतिशत लुढ़क गए। विश्व बाजार का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.01, जर्मनी का डैक्स 0.18, हांगकांग का हैंगसेंग 0.53 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.02 और जापान का निक्केई 0.01 प्राइशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में संसेक्स 94 अंक उतरकर 81,457.61 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 81,613.36 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले यह 81,613.36 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### बीएलएस करेगी दिल्ली में आयुष्मान के लाभार्थियों की पहचान

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी बीएलएस इंटरनेशनल को दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य एजेंसी की ओर से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के लाभार्थियों की पहचान और कार्ड वितरण का काम सौंपा गया है। यह योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के सहयोग से चलाई जा रही है, जिसके तहत दिल्ली के 6.54 लाख परिवारों को पीवीसी कार्ड दिए जाएंगे ताकि वे मुफ्त इलाज की सुविधा पा सकें। बीएलएस इंटरनेशनल के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने कहा कि यह योजना दिल्ली के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी।

# उठाव सुस्त रहने से सभी जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 29 रिंगिट की बढ़त के साथ 3896 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट चढ़कर 49.64 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8800-8900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**किसानों को...**

2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड में 820 रुपये प्रति कुंतल, रागी में 596 रुपये प्रति कुंतल, कपास में 589 रुपये प्रति कुंतल और तिल में 579 रुपये प्रति कुंतल की गई है।

श्री वैष्णव ने बताया कि धान 'सामान्य' का एमएसपी का 2300 रुपये से बढ़ाकर 2369 रुपये और धान 'ए' का 2320 रुपये से 2389 रुपये प्रति कुंतल, ज्वार 'संकर' का 3371 रुपये से 3699 रुपये प्रति कुंतल और ज्वार 'मालदंडी' का 3421 रुपये से 3749 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा का 2625 रुपये से 2775 रुपये, रागी का 4290 रुपये से 4886 रुपये और मक्का का 2225 रुपये से 2400 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि अरहर का एमएसपी 7550 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये प्रति कुंतल, मूंग का 8682 रुपये से 8786 रुपये प्रति कुंतल और उड़द का 7400 रुपये से 7800 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है।

इसके अलावा मूंगफली का एमएसपी 6783 रुपये से बढ़ाकर 7263 रुपये प्रति कुंतल, सूरजमुखी के बीज का 7280 रुपये से 7721 रुपये प्रति कुंतल, सोयाबीन-पीला का 4892 रुपये से 5328 रुपये प्रति कुंतल, तिल का 9267 रुपये से 9846 रुपये प्रति कुंतल, नाइजर सीड 8717 रुपये से 9537 रुपये प्रति कुंतल और कपास - मध्यम का 7121 रुपये से 7710 रुपये और कपास - लंबा 7521 रुपये से 8110 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपणन सत्र 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की घोषणा के अनुरूप है। वर्ष 2014-15 से वर्ष 2024-25 की अवधि के दौरान 14 खरीफ फसल उगाने वाले किसानों को दी गई एमएसपी राशि 16.35 लाख करोड़ रुपये थी।

### राष्ट्रपति भवन में गुरुवार से दो दिन का साहित्य सम्मेलन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन गुरुवार से दो दिन के साहित्यिक सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है, जिसमें साहित्य की दुनिया में आ रहे बदलावों पर चर्चा होगी। बुधवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्यक्रम साहित्य अकादमी, संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रपि भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित किया गया है। इसका विषय है- साहित्य कितना बदल गया है? राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन देश भर से प्रतिष्ठित साहित्यकार और लेखक आमंत्रित किए गए हैं। सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में कवि सम्मेलन तथा सीधे दिल से, भारत का नारीवादी साहित्य: नई राहें बनाना, साहित्य में बदलाव बनाम बदलाव का साहित्य तथा वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय साहित्य की नयी दिशायें जैसे विषयों पर चर्चायें आयोजित की जाएंगी।

# मोदी के दौरे से पहले योगी ने परखीं तैयारियां



■ मोदी 30 मई को कानपुर में 20 हजार 900 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मई को प्रस्तावित कानपुर दौरे के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए।

मोदी 30 मई को कानपुर में 20 हजार 900 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वह खुर्जा, ओबरा और जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट की पांच इकाइयों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कानपुर पहुंचकर सीएसए मैदान में जनसभा स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संयुक्त आयुक्त उद्योग के सभागार में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रस्तुत तैयारियों के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 मई को होने वाले कार्यक्रम में पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता और यूरिनल जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सड़कों को साफ-सुथरा रखने और झाड़ियों को हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का आदेश दिया। साथ ही ट्रैफिक जाम से बचने के लिए सुव्यवस्थित यातायात और पार्किंग प्लान तैयार करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दौरान खुर्जा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (1320 मेगावाट, बुलंदशहर), ओबरा थर्मल पावर स्टेशन (1660 मेगावाट, सोनभद्र) और जवाहरपुर थर्मल पावर स्टेशन (1320 मेगावाट, एटा) की पांच इकाइयों का लोकार्पण और शिलान्यास होगा।

मुख्यमंत्री योगी ने इन परियोजनाओं को विद्युत आपूर्ति के लिए मील का पत्थर बताया। इनके शुरू होने से उत्तर प्रदेश में बिजली की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे औद्योगिक और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। बुलंदशहर में स्थित खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट 1320 मेगावाट की क्षमता वाला कोयला आधारित सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट है जो टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## पुष्कर सिंह धामी कैबिनेट की बैठक में लिए गए 11 अहम निर्णय

# स्थानीय ठेकेदारों को अब 10 करोड़ तक के काम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सरकार ने निर्णय लिया है कि अब स्थानीय ठेकेदारों को विभिन्न विभागों में 10 करोड़ रुपये तक के काम दिए जा सकेंगे। पहले ये लिमिट 5 करोड़ रुपये तक के ठेकों पर ही थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में कैबिनेट की बैठक हुई। मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े 11 फैसले लिए गए। कैबिनेट की बैठक के बाद सचिव दिलीप जावलकर एवं सचिव शैलेश बगौली ने संयुक्त रूप से मीडिया सेंटर में कैबिनेट के निर्णयों के ब्रीफिंग की।



**■ उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति ( प्रोक्योरमेंट ) नियमावली, 2024 प्रख्यापित ■ सचिव दिलीप जावलकर एवं शैलेश बगोली ने की ब्रीफिंग**

राज्य की भौगोलिक परिस्थिति तथा व्यवहारिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2017 में संशोधन की आवश्यकता पाये जाने के दृष्टिगत अधिप्राप्ति के ढांचे एवं पारदर्शिता को मजबूत किये जाने के उद्देश्य से कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रोक्योरमेंट) नियमावली, 2024 को प्रख्यापित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

कैबिनेट के द्वारा उत्तराखंड अधिप्राप्ति (प्रोक्योरमेंट) नियमावली में संशोधन का अनुमोदन करते हुए राज्य के स्थानीय निवासियों के सशक्तिकरण और उनके रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने के लिए विभिन्न विभागों में रू. 10 करोड़ तक की लागत के कार्य स्थानीय व्यक्तियों या स्थानीय पंजीकृत फर्मों के माध्यम से ही कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

अभी तक स्थानीय लोगों के लिए यह सीमा रू. 05 करोड़ तक थी। इसके साथ ही राज्य के विभागों में विभिन्न श्रेणियों में पंजीकृत ठेकेदारों के लिए कार्य की सीमा को भी बढाने का निर्णय लिया गया है। कैबिनेट के द्वारा स्वयं सहायता समूहों एवं एमएसएमई को प्रोत्साहित करने तथा स्थानीय उत्पादों को बढावा देने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूहों एवं एमएसएमई को क्रय वरीयता प्रदान करने के लिए भी नीति का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून व हल्द्वानी के पास बनेंगे विश्रामगृह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य के सीमित संसाधनों के दृष्टिगत राजकीय मेडिकल कॉलेज, देहरादून एवं हल्द्वानी के सम्बद्ध चिकित्सालयों में सुदूरवर्ती पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों से आने वाले रोगियों के तीमरदारों की सुविधा हेतु चिकित्सालयों के समीप विश्राम गृह की स्थापना एवं संचालन इच्छुक गैर लाभकारी संस्था-सीएसआर मद या बाह्य सहायतित योजनाओं के माध्यम से किये जाने का कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया।

राजकीय मेडिकल कॉलेजों में प्रदान की जानी वाली द्वितीयक एवं तृतीयक श्रेणी की चिकित्सा सेवा-सुविधा में आईपीडी रोगियों के साथ तीमारदार भी आवश्यक रूप से प्रवास करते हैं। जिनकी संख्या भी लगभग रोगियों- मरीजों के बराबर ही रहती है। तीमारदारों के विश्राम के लिए चिकित्सालय के नजदीक ही विश्राम गृह की व्यवस्था न होने के कारण रोगियों के परिजन चिकित्सालय की गैलरी, वार्ड के बाहर अथवा चिकित्सालय परिसर के आस पास ही ठहरते- रात्रि विश्राम करते हैं।

## कैबिनेट बैठक के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

### बनबसा के लिए 1.43 करोड़ की स्वीकृति

**देहरादून।** बनबसा में सैनिक स्मारक बनाये जाने के लिए मुख्यमंत्री ने 1.43 करोड़ धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत टनकपुर में सैनिक स्मारक निर्माण किये जाने की पूर्व में की गई घोषणा को संशोधित करते हुए विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत बनबसा में सैनिक स्मारक के निर्माण किये जाने हेतु 1.43 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

### चाय विकास बोर्ड में 11 अतिरिक्त पद बढ़ाने का फैसला

**देहरादून।** उत्तराखंड चाय विकास बोर्ड के ढांचे में 11 अतिरिक्त पद सृजित किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया है। वर्तमान में बोर्ड द्वारा पुराने चाय बागानों का जीर्णोद्वार, नये चाय बागानों की स्थापना, नये क्षेत्रों में चाय की खेती की सम्भावनाओं का सर्वेक्षण, निष्प्रोज्य पड़ी भूमि में चाय प्लान्टेशन कर स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा कृषकों की आय में वृद्धि करने एवं काश्तकारों से लीज पर ली गई भूमि में चाय बागान विकसित किये जाने के दृष्टिगत विभागीय कार्यहित में 11 अतिरिक्त पद (04 नियमित एवं 07 आउटसोर्स) सृजित किये जाने के प्रस्ताव को कैबिनेट द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है।

### सहायक लेखाकार से लेखाकार पदोन्नति पर मिलेगा 4800 ग्रेड वेतन

**देहरादून।** सरकार द्वारा राजकीय विभाग अधीनस्थ लेखा संवर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली, 2019 के राजकीय विभाग अधीनस्थ लेखा संवर्ग (अराजपत्रित सेवा नियमावली, 2019 के लागू होने से पूर्व कोषागार विभाग में कार्यरत सहायक लेखाकारों - लेखाकारों के सम्बन्ध में विद्यमान वेतन विसंगति का निराकरण किये जाने के संबंध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। ऐसे सहायक लेखाकार, जो कि न्यायालय के आदेशों के अनुक्रम में तत्समय वेतन मैट्रिक्स रु. 44900-142400, लेवल 7 (ग्रेड वेतन 4600) प्राप्त कर रहे थे, उन्हें लेखाकार के पद पर पदोन्नत होने पर अगला वेतन मैट्रिक्स रु. 47600-151100, लेवल 8 (ग्रेड वेतन रु. 4800) अनुमन्य होगा, के सम्बन्ध में कार्यालय ज्ञाप निर्गत किये जाने का कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया है।

### उत्तराखंड सेवा क्षेत्र नीति 2024 में किया गया संशोधन

**देहरादून।** उत्तराखंड सेवा क्षेत्र नीति 2024 में किये गये कुछ संशोधनों को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दे दी गई है। उत्तराखण्ड राज्य की विशेष भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए राज्य के पर्वतीय एवं कम विकसित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं संतुलित निवेश एवं विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य उत्तराखण्ड सेवा क्षेत्र नीति-2024 में कुछ संशोधन नियोजन विभाग द्वारा प्रस्तावित किया गए थे। जिस पर मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। संशोधन के द्वारा जहां राज्य के कतिपय विकसित क्षेत्रों यथा ऋषिकेश एवं देहरादून नगर निगम तथा मसूरी एवं मुनि की रेती नगरपालिका क्षेत्र, नैनीताल तहसील क्षेत्र आदि को इस नीति के दायरे से बाहर किया गया है।

### आयुष्मान का अस्पतालों को 75 करोड़ रूपये आवंटित

**देहरादून।** प्रदेश में संचालित अटल आयुष्मान योजना और राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के तहत अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में लंबित देनदारियों की प्रतिपूर्ति हेतु 75 करोड़ रुपए स्वास्थ विभाग को लोन के रूप में किया आवंटन।

## मिथाइल एल्कोहॉल अब हुआ जहर की श्रेणी में शामिल

**■ उत्तराखंड विष ( कब्जा और विक्रय ) नियमावली, 2023 में संशोधन ■ कैबिनेट ने नियमावली में संशोधन के प्रस्ताव को दी मंजूरी ■ मिथाइल एल्कोहॉल आसानी से नहीं किया जा सकेगा प्रयोग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में अब मिथाइल एल्कोहॉल आसानी से प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। क्योंकि अब ये विष यानी जहर की श्रेणी में शामिल कर लिया गया है। राज्य सरकार ने उत्तराखंड विष (कब्जा और विक्रय) नियमावली, 2023 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में आए इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है।

वर्तमान में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रख्यापित उत्तराखंड विष (कब्जा एवं विक्रय) नियमावली, 2023 की सूची में मिथाइल एल्कोहॉल को विष की श्रेणी में अधिसूचित नहीं किया गया है, जिस कारण मिथाइल अल्कोहॉल का प्रयोग करने वाली इकाइयों का निरीक्षण करने में कठिनाई होती है तथा इकाईयों का नवीनीकरण आसानी से हो जाता है। उल्लेखनीय है कि मिथाइल एल्कोहॉल एक रंगहीन, ज्वलनशील एवं जहरीला तरल रसायन है, जिसका 30 मिली० सेवन करने से व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है तथा इसके सेवन से अंधापन होना आम बात है। विष अधिनियम, 1919 (अधिनियम संख्या-12 वर्ष 1919) की धारा-2 एवं 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तराखण्ड विष (कब्जा एवं विक्रय) नियमावली, 2023 की अनुसूची में उल्लिखित विष की सूची में मिथाइल एल्कोहॉल को सम्मिलित किया जाने का निर्णय लिया गया है।

## उत्तराखंड योग नीति-2025 को मिली कैबिनेट की मंजूरी

# यूसीसी के बाद योग नीति लाने वाला पहला राज्य बना उत्तराखंड


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सहेजते हुए उत्तराखंड सरकार ने वर्ष 2025 में एक

**■ उत्तराखंड को योग और वेलनेस का वैश्विक केंद्र बनाना उद्देश्य**

महत्वाकांक्षी पहल के तहत उत्तराखंड योग नीति 2025 की घोषणा की है। यह देश की प्रथम योग नीति है जो राज्य को योग और वेलनेस की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। जिसे राज्य कैबिनेट द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है।

उत्तराखंड को भारत की आध्यात्मिक और योग परंपरा की भूमि माना जाता है, जो सदियों से ऋषियों, मुनियों और साधकों की साधना स्थली रही है। आज भी ऋषिकेश, कौसानी, चम्पावत जैसे स्थल कई दशकों से योग साधना के प्रमुख केन्द्र है।



### योगा नीति से राज्य को होंगे कई लाभ

नीति के तहत कुछ विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। जैसे कि वर्ष 2030 तक उत्तराखंड में कम से कम पांच नए योग हब स्थापित किए जाएंगे। मार्च 2026 तक राज्य के सभी आयुष हेल्थ और वेलनेस सेंटर में योग सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। समुदाय-आधारित माइंडफुलनेस कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे, जो अलग-अलग आयु, लिंग और वर्ग की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, योग संस्थानों का शत प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा, एक विशेष ऑनलाइन योग प्लेटफार्म शुरू किया जाएगा, योग पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रचार अभियान और अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा तथा मार्च 2028 तक 15 से 20 राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ भागीदारी विकसित करने का लक्ष्य है।

### केंद्र स्थापित करने पर मिलेगा अनुदान

इस नीति का सबसे बड़ा उद्देश्य है कि योग को केवल एक आध्यात्मिक या व्यक्तिगत साधना तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे एक सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और पर्यटन-आधारित मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। नीति का विजन अत्यंत स्पष्ट है। उत्तराखंड को योग और वेलनेस का वैश्विक केंद्र बनाना। नवीन स्थापित होने वाले तथा एक्सपेंशन करने वाले केंद्रों को पहाड़ी क्षेत्रों में परियोजना लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम रु. 20 लाख तक तथा मैदानी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत या अधिकतम रु.10 लाख तक का अनुदान दिया जाएगा। कुल वार्षिक अनुदान की सीमा रु. 5 करोड़ तक होगी।

## हेली कर्मचारी और पुलिसकर्मी की नोकझोक, कप्तान ने बिठाई जांच

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में वीआईपी दर्शनों को लेकर श्रद्धालुओं में हुए विवाद के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो का पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग ने संज्ञान लेते हुए जांच बिठा दी है। वहीं वीडियो में हेली कंपनी के कर्मचारियों के साथ नोंकझोंक करने वाले पुलिस कर्मी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था, जिसमें पुलिस कर्मचारियों एवं हेली कंपनी के कर्मचारियों में नोंकझोंक होती दिख रही है। वीडियो का तुरंत संज्ञान लेते हुए सीओ केदारनाथ से मामले की पूरी जानकारी ली गई एवं पूरे मामले पर जांच बैठा दी गई है। प्रथमद्रष्टया दोनों पक्षों को चोट लगने की जानकारी मिली है। पूरे क्षेत्र में लगे कैमरों की फुटेज देखने के निर्देश सीओ केदारनाथ को दिए गए हैं जिससे निष्पक्ष रूप से जांच हो सके। वहीं हेली कंपनी के कर्मचारी के साथ नोकझोक करने वाले पुलिस कर्मी के खिलाफ अनुशासनात्मक करने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि केदारनाथ धाम में देश विदेश से दर्शन को पहुंच रहे श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार को 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए जिसके बाद अब तक कुल दर्शन करने वाले भक्तों का आंकड़ा 625837 पहुंच गया है।

## निबन्धन लिपिक वर्गीय कर्मचारी सेवा नियमावली में संशोधन का निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य में उत्तराखण्ड निबन्धन लिपिक वर्गीय कर्मचारी सेवा नियमावली, 2025 में संशोधन के प्रस्तावों को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इस नियमावली के लागू होने से लिपिकीय पदों पर भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और स्पष्टता सुनिश्चित होगी। नियमावली कर्मचारियों को पदोन्नति, वेतन वृद्धि और स्पष्ट कार्य नीति प्रदान करेगी। वर्तमान में राज्य में स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग अंतर्गत लिपिक वर्ग संवर्ग हेतु पैतृक राज्य उत्तर प्रदेश से ग्राह्य की गयी लिपिक वर्ग सेवा नियमावली, 1978 ही लागू है।. जिसमें उत्तराखण्ड राज्य में तात्कालिक परिस्थितियों के अनुसार मात्र भर्ती प्रक्रिया निर्धारित करते हुए वर्ष 2008 में कतिपय संशोधन किये गये थे, जो कि वर्तमान परिस्थितियों में प्रासंगिक नहीं हैं।

## नैनीताल की शत्रु संपत्ति मेट्रोपोल होटल परिसर सरकार को मिला

**■ नैनीताल में पार्किंग के लिए अस्थायी रूप से उत्तराखंड सरकार को आवंटित ■ केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा निर्देश जारी, सीएम धामी के प्रयास सफल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा नैनीताल स्थित शत्रु संपत्ति मेट्रोपोल होटल परिसर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, पार्किंग के रूप में उपयोग के लिए उत्तराखंड सरकार को आवंटित कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र द्वारा इसकी जानकारी दी है।

मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नैनीताल में पार्किंग की गंभीर समस्या को देखते हुए शत्रु संपत्ति - मेट्रोपोल होटल परिसर के खुले स्थान को पार्किंग हेतु अस्थायी रूप से आवंटित करने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री के अनुरोध को स्वीकार करते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नैनीताल स्थित शत्रु संपत्ति मेट्रोपोल होटल परिसर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, पार्किंग के रूप में उपयोग के लिए उत्तराखंड सरकार को आवंटित कर दिया गया है।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री का आभार व्यक्त किया

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस निर्णय के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे नैनीताल में पार्किंग की समस्या को दूर करने में काफी सुविधा होगी। इस निर्णय से नैनीताल जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल में आने वाले पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। पार्किंग की बढ़ती समस्या से निजात मिलने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य ने किया एफआरआई का दौरा

**■ निरुपम चकमा ने की संस्थान के अंदर अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन की समीक्षा**

**मुख्य संवाददाता**

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरुपम चकमा ने 28 मई को वन अनुसंधान संस्थान , देहरादून का दौरा किया । इस दौरे का उद्देश्य संस्थान के भीतर अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन की समीक्षा करना था। बैठक की सह-अध्यक्षता वन अनुसंधान संस्थान के निदेशक ने की तथा इस बैठक मे वन अनुसंधान संस्थान और एनसीएसटी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। वन अनुसंधान संस्थान निदेशक द्वारा संगठनात्मक ढांचे पर प्रकाश डालते हुए संस्थान के भीतर एसटी कर्मचारियों की स्थिति और प्रतिनिधित्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए एक व्यापक प्रस्तुति दी गई। बैठक के बाद, संस्थान निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एनसीएसटी सदस्य ने संस्थान के विभिन्न संग्रहालयों का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान के व्यापक विरासत संग्रह के लिए गहरी प्रशंसा की तथा भारत की समृद्ध वानिकी विरासत को संरक्षित करने में संस्थान के महत्व को स्वीकार किया। आयोग ने 'हर्बेरियम' और जाइलारियम का भी दौरा किया, जहां भारत और दुनिया भर के जंगली पेड़ों और पौधों के अद्भुत हर्बेरियम संग्रह के माध्यम से भारत की अद्भुत वनस्पति विविधता का प्रदर्शन किया गया है।



हर्बेरियम संग्रह मे 3,50,000 नमूने शामिल हैं। आयोग को 'संजीवनी बूटी' के बारे में जानने में दिलचस्पी थी, और बुंदेलखंड क्षेत्र से एक नमूना उनके सामने प्रदर्शित भी किया गया। 'जाइलारियम' के भ्रमण के दौरान, भारत और 45 अन्य देशों की लकड़ी के 20,000 नमूने उन्हें दिखाए गए। भारत की सबसे महंगी लकड़ी की प्रजातियों के साथ-साथ महत्वपूर्ण वाणिज्यिक लकड़ी के बारे में जानकारी भी आयोग के साथ साझा की गई, जिसमें लाल चंदन, चंदन, सागौन, साल, शीशम आदि शामिल हैं। आयोग ने वन संवर्धन, इमारती लकड़ी, गैर-इमारती वन उत्पाद और



# छठवें राज्य वित्त आयोग की कार्यशाला में उठी जमीनी जरूरतों की आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** छठवें राज्य वित्त आयोग के तत्वावधान में बुधवार को जिला सभागार, नई टिहरी में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ एक विचार-विमर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आयोग के दायित्वों, पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका, अधिकार और क्षेत्रीय विकास से जुड़ी चुनौतियों पर व्यापक चर्चा हुई।

कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एन. रवि शंकर ने कहा कि सभी प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों की योजनाएं संबंधित विभागों को अवगत कराएं ताकि जिला योजना के साथ उनका समेकन किया जा सके। उन्होंने जोर दिया कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए समन्वय और पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है,




■ **पंचायती प्रतिनिधियों ने रखी कूड़ा निस्तारण पेयजल, खेती, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं, वित्त आयोग अध्यक्ष एन. रवि शंकर ने क्षेत्रीय योजनाओं के समेकन पर दिया जोर**

जिससे ग्रामीण विकास को नई गति मिल सके।

बैठक में विभिन्न प्रशासकों और प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों की जमीनी जरूरतों और समस्याओं को सामने रखते हुए आयोग से ठोस पहल की मांग की। इनमें कूड़ा निस्तारण के लिए अधिक गाड़ियों की आवश्यकता, गौशालाओं के लिए भूमि आवंटन, आपदा संभावित क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त बजट, सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना, खेती को प्रोत्साहन, पलायन रोकने की ठोस रणनीति, भूमि को बंजर छोड़ने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण, कार्मिकों की भारी कमी, आपदा प्रबंधन में वित्तीय सहयोग, पेयजल आपूर्ति की सुचारू नीति, और ब्लॉक स्तर पर शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे।

कार्यशाला में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के सुझावों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पंचायती राज संस्थाओं के साथ मिलकर समेकित विकास के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर जिला पंचायत प्रशासक सोना सजवाण, ब्लॉक प्रमुख प्रशासक नरेंद्रनगर राजेन्द्र भंडारी, जौनपुर की सीता रावत, थौलधार की प्रभा बिष्ट, चंबा की शिवानी बिष्ट, प्रतापनगर के प्रदीप रमोला, भिलंगना की बसुमती घणाता, जाखणीधार की सुनीता देवी, पीडी डीआरडीए पी.एस. चौहान, डीडीओ मो. असलम सहित क्षेत्र पंचायतों और ग्राम पंचायतों के प्रशासक, संबंधित क्षेत्रों के खंड विकास अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक ने बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने बुधवार को तड़के हुई मूसलधार बारिश के बाद प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने नई टिहरी नगर क्षेत्र में अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेते हुए क्षतिग्रस्त ढांचों की मरम्मत और जन सुविधाओं की बहाली को प्राथमिकता से लेने को कहा।विधायक ने सबसे पहले मोलधार स्थित वाल्मिकी कॉलोनी का दौरा किया, जहां बारिश के चलते कई घरों में पानी और मलबा भर गया था। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कुछ लोगों के चोटिल होने की जानक. ारी मिलने पर उन्होंने उनके इलाज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाई और राजस्व विभाग को नुकसान का शीघ्र आंकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इसके उपरांत उन्होंने केंद्रीय विद्यालय (केवी) भवन का निरीक्षण किया,निर्माणाधीन पुश्ता ढह गया था। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग तत्काल स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने विद्यालय से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिनमें वन विभाग व पुनर्वास विभाग से जुड़े चार हजार वर्ग मीटर भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया, विद्यालय की चारदीवारी का निर्माण, आसपास के नालों का सुदृढ़ीकरण, पेयजल लाइन का स्थानांतरण, तथा विद्यालय को आपदाओं से सुरक्षित बनाने जैसे बिंदु प्रमुख रहे। बौराड़ी स्टेडियम की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। 6.5 करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद स्टेडियम की दशा में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने पीआरडी निदेशक और संबंधित अधिकारियों को स्टेडियम की दशा सुधारने तथा इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के लिए उपयुक्त बनाने हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि टिहरी को खेल, शिक्षा और पर्यटन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए सभी विभागों को समन्वय से कार्य करना होगा और प्रत्येक समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# श्रीनगर के ड्रेनेज मास्टर प्लान तैयार को लेकर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर मेयर आरती भंडारी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित बैठक में श्रीनगर शहर में पहाड़ी क्षेत्र का पहला ड्रेनेज मास्टर प्लान तैयार किये जाने को लेकर विशेषज्ञों, नगर निकाय के अधिकारियों और तकनीकी सलाहकारों ने चर्चा की। बैठक में शहर की जल निकासी प्रणाली को वैज्ञानिक और स्थायी ढंग से विकसित करने को बात हुई, जिससे बरसात के मौसम में जलभराव और संबंधित समस्याओं से निजात मिल सके।बैठक में मेयर आरती भंडारी ने कहा कि श्रीनगर का तेजी से हो रहा शहरीकरण अब एक मजबूत और टिकाऊ ड्रेनेज सिस्टम की मांग कर रहा है।

हमारा लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में यह शहर स्मार्ट और आपदारोधी ढांचा अपनाने में मिसाल बने। कहा कि यह ड्रेनेज मास्टर प्लान न केवल शहर की स्वच्छता और जीवन गुणवत्ता में सुधार लाएगा, बल्कि शहरी नियोजन के क्षेत्र में श्रीनगर को एक मॉडल टाउन के रूप में स्थापित करेगा।

महापौर भंडारी ने कहा कि अब स्मार्ट शहरी विकास की दिशा में एक नई शुरुआत कर रहा है। ड्रेनेज मास्टर प्लान हमारे शहर के भविष्य की बुनियाद है। इससे न केवल जलभराव की समस्या का समाधान होगा, बल्कि यह श्रीनगर को पहाड़ों का पहला ऐसा शहर बनाएगा, जहां वैज्ञानिक तरीके से जल निकासी की व्यवस्था की जाएगी।

# सीएचसी कीर्तिनगर में एक्स-रे मशीन का शुभारंभ

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुधवार को नई एक्स-रे मशीन का देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने शुभारम्भ किया। सीएचसी में नई एक्स-रे मशीन लगने से कीर्तिनगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव के मरीजों को आसानी से सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। मशीन का शुभारंभ करते हुए कहा कि देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं जाने को लेकर वह तत्पर रहकर कार्य कर रहें है। कहा कि कीर्तिनगर के सीएचसी में एक्स-रे मशीन लगने से ग्रामीण सहित दुर्घटना के घायलों को त्वरित गति से एक्स-रे की सुविधा मिलेगी।

# ऋतु खण्डूडी ने बाढ़ सुरक्षा दीवार का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने बुधवार को मालन नदी के तट पर प्रस्तावित बाढ़ सुरक्षा दीवार का भूमि पूजन कर विधिवत शिलान्यास किया। यह परियोजना 942.42 लाख रुपए की लागत से निर्मित की जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने कहा कि नंदपुर, पदमपुर, शिवराजपुर, कोटला और गोरखपुर सहित कई ग्राम मालन नदी के किनारे स्थित हैं, जहां वर्षा ऋतु के दौरान हर वर्ष बाढ़ का खतरा बना रहता है।

वर्ष 2022 में मालन नदी में आई बाढ़ से कई ग्रामीणों की कृषि भूमि नष्ट हो गई थी। तभी से यहां के स्थानीय नागरिकों द्वारा बाढ़ सुरक्षा दीवार की मांग की जा रही थी। कहा कि इस दीवार की स्वीकृति में वन विभाग से संबंधित कुछ तकनीकी



अड़चनें आई थीं, लेकिन राज्य सरकार और प्रशासन के प्रयासों से आज यह कार्य प्रारंभ हो रहा है, जो समस्त क्षेत्रवासियों के लिए गर्व और संतोष का विषय है।

इस दीवार के निर्माण से न केवल भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि वन्यजीवों से होने वाले संभावित खतरे से भी ग्रामीण सुरक्षित रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता, दुगड्डा को निर्देश दिए कि इस परियोजना में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएं।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, राज्य मंत्री ऋषि कंडवाल, पार्षद शशिकांत जोशी, प्रमोद केस्टवाल, सौरव नौडियाल, पंकज जोशी, शशिबाला केस्टवाल, कमल नेगी, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग अनिल गौड़, विवेक भारती सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एक नजर.....

### माहवारी स्वच्छता दिवस पर किशोरियों को दी गई जानकारी

**कोटद्वार ।** आरकेएसके प्रोग्राम के अंतर्गत आरकेएसके काउंसलर अरविन्द सिंह व उर्मिला तड़ियाल, बेस हॉस्पिटल कोटद्वार द्वारा बुधवार को विकासनगर, गाड़ीघाट कोटद्वार के नम्बर 10 आंगनवाड़ी केंद्र में माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता, साफ सफाई, पोषण आदि के बारे जानकारी दी गई । साथ ही किशोरियो का एचबी टेस्ट भी एएनएम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में किशोरियों

### 3 से 5 जून तक आयोजित होगा चाई महोत्सव

**लैंसडाउन ।** जयहरीखाल प्रखंड के अंतर्गत ग्राम चाई में चाई ग्रामोत्सव का आयोजन 3 से 5 जून तक किया जायेगा। इस वर्ष यह उत्सव अपनी स्थापना के सोलह वर्ष पूरे करने जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य डॉ पद्मेश बुड़ाकोटी ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन उद्घाटन समारोह में सिंचाई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल मुख्य अतिथि व नगर पालिका अध्यक्ष रूद्रप्रयाग संतोष रावत विशिष्ट अतिथि होंगे। द्वितीय दिवस पर आयोजित होने वाले बौद्धिक विचार विमर्श को समाज सेवी प्रकाश कोठारी व डॉ सतीश कुलासरी संबोधित करेंगे। अंतिम दिवस पर कोटद्वार नगर निगम मेयर शैलेंद्र रावत मुख्य अतिथि व भू वैज्ञानिक डॉ महेंद्र प्रताप सिंह बिष्ट विशिष्ट अतिथि होंगे। बताया कि महोत्सव संस्कृति विभाग की टीम की सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी ।

### बच्चों ने सीखे स्टोरी टैलिंग, कविता पोस्टर और योगा के गुर

**श्रीनगर।** राजकीय इंटर कालेज खंडाह में आयोजित चार दिवसीय उलार



कार्यक्रम के दूसरे दिन बच्चों को क्राफ्ट, योगा का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डायट खंडाह के प्राचार्य स्वराज सिंह तोमर ने बच्चों के कैंप की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाना सराहनीय है। कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में लाभकारी सिद्ध होंगे। कार्यक्रम के पहले सत्र में नीलम पुरी बिष्ट ने छात्रों को योगा का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में शिक्षक अरूण ढौडियाल द्वारा क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के तीसरे एवं मुख्य सत्र में शिक्षक आशीष नेगी ने स्टोरी टैलिंग के माध्यम से आजादी के आंदोलन, सभ्यता के इतिहास एवं कला के बारे में छात्रों को बताया गया। दूसरे दिन आशीष नेगी ने कविता पोस्टर, गढ़वाल विश्वविद्यालय के शोध छात्र हरेंद्र कुमार द्वारा पेंटिंग प्रदर्शनी एवं संजय कुमार द्वारा डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौकै पर प्रदीप अंथवाल, शिक्षक अरविंद नेगी, दीपक भींगवाल, अंकित उछोली, अरुणेश मिश्रा, युवराज सहित आदि मौजूद थे।

### पुलिस कर्मियों को दिया क्राइम किट का व्यवहारिक प्रशिक्षण

**श्रीनगर।** फॉरेन्सिक यूनिट श्रीनगर के ओर से कोतवाली श्रीनगर के पुलिस कार्मियों को वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन करने सहित विभिन्न क्राइम किट का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के निर्देशन पर फॉरेन्सिक यूनिट श्रीनगर द्वारा महिला थाना श्रीनगर में साईबर और सीआईयू यूनिट के कार्मिकों के साथ फॉरेन्सिक से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान फॉरेन्सिक टीम द्वारा कृत्रिम घटनास्थल का निर्माण कर क्राइम सीन इवेस्टीगेशन किट, ड्रग डिटेक्शन किट, फिंगर प्रिंट किट आदि के प्रयोग करने सम्बन्धी जानकारी दी गई। जिसमें सभी पुलिस कार्मिकों मुख्य रूप से विवेचकों को घटनास्थल का निरीक्षण व विश्लेषण कर साक्ष्यों के संकलन करने सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई। फॉरेंसिक टीम द्वारा कार्मिकों को घटनास्थल पर वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलने कर साक्ष्यों की हैंडलिंग व पैकिंग करने, फिंगरप्रिंट किट का प्रयोग करते हुए फिंगर प्रिंट लेने एवं डीएनए परीक्षण कराने हेतु साक्ष्यों का संकलन करने में सावधानी बरतने के साथ ही इस दौरान ध्यान देने वाली मुख्य बातों के सम्बन्ध में जानकारी साझा की गई साथ ही इस दौरान सभी कार्मिकों से उनका फीडबैक लिया गया।

# अल्पसंख्यक समुदाय के दो सफल उद्यमी होंगे नामित

**रुद्रप्रयाग।** अल्पसंख्यक स्वरोजगार/मुख्यमंत्री हुनर योजना के अंतर्गत जनपद स्तर पर चयन समिति का पुनर्गठित किया जाना है। समिति के गठन के बाद अल्पसंख्यक समुदाय के दो सफल उद्यमियों को जिला स्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष द्वारा दो वर्ष के लिए नामित किया जाएगा।जिला समाज कल्याण अधिकारी/पदेन जिला प्रबंधक उत्तराखंड अल्पसंख्यक कल्याण व वक्फ विकास निगम हर्षवर्धन भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में निवासरत अल्पसंख्यक समुदाय के दो सफल उद्यमियों को जिला स्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष (मुख्य विकास अधिकारी) द्वारा अल्पसंख्यक स्वरोजगार/मुख्यमंत्री हुनर योजना के अंतर्गत जनपद स्तर पर चयन समिति हेतु दो वर्ष के लिए नामित किया जाना है।

# थत्यूड की अगलाड नदी बनी आपदा का प्रतीक, 12 वर्षों से तटबंध निर्माण अधर में

**मुकेश रावत**

**थत्यूड (टिहरी)।** विकासखंड थत्यूड मुख्यालय के समीप बहने वाली अगलाड नदी 12 वर्ष पहले आई आपदा के बाद से आज भी खतरे की प्रतीक बनी हुई है। वर्ष 2013 की त्रासदी ने न केवल नदी किनारे की उपजाऊ भूमि को उजाड़ दिया, बल्कि यहां के किसानों की आजीविका भी छीन ली।

आपदा के बाद से अब तक नदी पर सुरक्षा तटबंध नहीं बनाया जा सका है। इसका नतीजा यह है कि प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में थत्यूड बाजार क्षेत्र के व्यापारी और ग्रामीणजन भय के साये में जीने को विवश हैं। पूर्व में जहां इस क्षेत्र की भूमि पर आलू, बींस, मटर, टमाटर जैसी नगदी फसलें लहलहाया



करती थीं, वहीं अब वह जमीन बंजर पड़ी है। कभी प्रदेश भर में नगदी फसलों के लिए प्रसिद्ध रहा जौनपुर क्षेत्र आज पलायन की त्रासदी झेल रहा है।स्थानीय किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा बार-बार शासन और सिंचाई विभाग को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस विषय में जानकारी देते हुए सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता (एई) विवेक शर्मा ने बताया कि अगलाड नदी पर सुरक्षा तटबंध निर्माण हेतु 30 करोड़ रुपये की योजना केंद्र सरकार को भेजी गई है। इस पर अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठक प्रस्तावित है।

स्वीकृति मिलने पर कार्य शुरू किया जाएगा। अब देखना यह है कि शासन-प्रशासन कब जागता है और क्या थत्यूड के किसानों को एक बार फिर अपनी मिट्टी से जुड़ने का अवसर मिल पाएगा।

# घोड़े-खच्चरों की पिटाई का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ।** तृतीय केदार तुंगनाथ यात्रा के आधार शिविर चोपता में कुछ लोगों की ओर से तुंगनाथ यात्रा में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के साथ बेरहमी से मारपीट व अमानवीय व्यवहार का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पक्ष ने घोड़े-खच्चरों के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर पुलिस चौकी चोपता में कुछ लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर दी है।

बता दें कि ग्राम पंचायत उषाड़ा के कुछ युवा तुंगनाथ यात्रा में घोड़े-खच्चरो का संचालन कर रहे हैं। चोपता मे संचालित घोड़ा-खच्चर यूनियन के पदाधिकारियों के बीच नियमों को लेकर चल रहे विवाद के बीच कुछ लोगों ने उषाडा गांव के घोड़े-खच्चरो के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर विवाद को सामने लाकर रख दिया है। पीड़ित पक्ष ने घोड़े-खच्चरों के साथ मारपीट व अमानवीय व्यवहार करने की लिखित शिकायत पुलिस प्रशासन से की है। ग्राम पंचायत उषाड़ा के प्रशासक कुंवर सिंह बजवाल ने घोड़े-खच्चरों के साथ मारपीट-अमानवीय व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि बेजुबान पशुओं के साथ मारपीट व अमानवीय व्यवहार सरासर गलत है। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, दूसरी ओर तुंगनाथ घाटी में संचार सुविधा न होने से यूनियन के पदाधिकारियों व पुलिस प्रशासन से वार्ता नहीं हो पाई।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ करेंगे : क्षेत्रीय विधायक भूपाल टम्टा राम

शाह टाइम्स संवाददाता

थराली। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं गोविंद बल्लभ कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के सहयोग से गुरुवार से चमोली जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा।

कृषि विज्ञान केन्द्र ग्वालदम के प्रभारी अधिकारी डॉ. शिव दयाल ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा पूरे देश में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाने का निर्माण लिया है, इसके तहत 29 मई से अभियान शुरू किया जाएगा। बताया कि चमोली जिले में भी एक 15 दिनों में अभियान के तहत गोष्ठियों का आयोजन कर



किसानों को उन्नत खेती के गुर सिखाए जाएंगे।

बताया कि चमोली जिले में इस अभियान की जिम्मेदारी केबीके ग्वालदम को सौपी गई हैं। इसके तहत केबीके ने चमोली जिले के 9 विकास खंडों के लिए तीन टीमों का गठन किया है, जोकि कृषि विभाग सहित कृषि से संबंधित अन्य विभागों के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में जा कर किसानों को जागरूक करेंगे। इधर थराली कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी अश्वनी गौतम ने बताया कि गुरुवार को थराली मे अभियान की शुरुआत जोलाकोट गांव से की जाएगी।जिसका शुभारंभ थराली विधायक भूपाल राम टम्टा के द्वारा किया जाएगा।इस दौरान कृषि विभाग तमाम कृषि कार्य से सबंधित आधुनिक कृषि यंत्रों के साथ ही उन्नत बीजों, दवाओं एवं खादों का वितरण भी करेगा।

# तीन नेपाली महिलाओं से 20 किग्रा मांस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा में नेपाली मूल की महिलाएं मांस का कारोबार कर रही हैं। पुलिस की ओर से सघन चेकिंग अभियान चलाये जाने के बाद भी नेपाली मूल की महिलाएं सबक नहीं ले रही हैं और आये दिन यात्रा मार्गों पर मांस का कारोबार करती हुई पकड़ी जा रही है।

सोनप्रयाग कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान तीन नेपाली महिलाओं को मांस के साथ पकड़ा हुआ है। विमला शाही पत्नी स्वर्गीय कमल शाही निवासी नेपाल हाल गौरीकुंड, मनीषा पत्नी रामबहादुर नेपाल हाल गौरीकुंड व पूनम पत्नी तुलसीराम नेपाल हाल गौरीकुंड के पास से कुल 20 किलो मांस (मटन) बरामद हुआ है। पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि यह मटन अगस्त्यमुनि से खरीदकर लाये जाने तथा स्वयं के उपयोग व अन्य नेपाली मजदूरों को बेचा जाना था।

इनके पास से बरामद मटन को गड्डे में डालकर नष्ट किया गया तथा इन तीनों नेपाली महिलाओं का उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए सख्त हिदायत के साथ छोड़ा गया। अब तक जनपद पुलिस स्तर से 210 किग्रा मांस को नष्ट किया गया है और इस कार्य में संलिप्त 17 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गयी है।

# 200 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य शिविर का लाभ

श्रीनगर। एंजेल्स हेवन स्कूल खंदूखाल में हंस फाउंडेशन के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में लगभग 200 मरीजों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। इस दौरान हंस फाउंडेशन के ओर से पहूंचे डाक्टरों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज से सम्बंधित सलाह दी। मौके पर हंस फाउंडेशन से डॉ. आरके रावत, डॉ. राजीव नेगी, को-ऑर्डिनेटर नीरज भंडारी, सुमित, तपन, बालम भंडारी सहित आदि मौजूद थे।

# यमुनोत्री धाम में वैष्णो देवी की तर्ज पर रेन शेल्टर निर्माण का मागा प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी** 28 मई **:** जिलाधिकारी डॉ.मेहरबान सिंह बिष्ट ने

जिले में इको टूरिज्म,ट्रैकिंग पर्यटन को नई उड़ान के लिए 50 करोड़ से अधिक की योजनाओं पर कार्य कार्य प्रगति पर है।

बुधवार को पर्यटन विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने विभिन्न ट्रैक मार्गों एवं अन्य पर्यटक स्थलों के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए इकोटूरिज्म एवं ट्रैकिंग पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन हो सके। जिलाधिकारी ने सरनौल-सरुताल एवं जखोल-देवक्यारा और नचिकेता ताल जैसे पर्यटक स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं के विकास एवं ट्रेक मार्ग की मरम्मत,रेन शेल्टर,कैंपिंग शैड आदि निर्माण कार्य तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। ताकि पर्यटकों प्रतिकूल मौसम में इसका लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने नचिकेता ताल ट्रैक मार्ग एवं पाथ वे और अन्य कार्यों के लिए शीघ्र निविदा प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जानकीचट्टी से यमुनोत्री धाम तक पैदल मार्ग पर वैष्णो देवी मंदिर की तर्ज पर रेन शेल्टर निर्माण हेतु जिला पर्यटन विकास अधिकारी को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर वर्ष चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस दृष्टि से भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यात्रा मार्ग को अधिक सुरक्षित, सुगम एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के उद्देश्य योजना बनाई जाए। जिलाधिकारी ने ऐतिहासिक व रोमांचक गर्तांग गली को पर्यटन की दृष्टि से और बेहतर बनाने एवं ट्रैक मार्ग के विस्तारीकरण योजना तैयार करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा की जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं है। अवस्थापना विकास से न केवल पर्यटकों को सुविधा मिलेगी,बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार भी प्राप्त होगा। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि पर्यटन स्थलों को आकर्षक,सुरक्षित एवं पर्यटक-मैत्री बनाते हुए कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

जिला पर्यटन विकास अधिकारी केके जोशी ने पर्यटन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि जिले की ट्रैकिंग पर्यटन क्षमता को सशक्त बनाने के लिए ६50 करोड़ से अधिक की योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। बैठक में एसडीओ मयंक गर्ग,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका शालिनी चित्राण समेत समेत उप निदेशक गंगोत्री नेशनल पार्क हरीश नेगी,उप निदेशक गोविंद वन्य जीव विहार निधी सेमवाल,प्रभागीय वनाधिकारी रविन्द्र पुंडीर वर्चुअल रूप से जुड़े थे।

# छात्रों ने किया संस्कृत व अंग्रेजी संभाषण का अभ्यास

**कोटद्वार ।** जयहरीखाल विकास खंड के अंतर्गत राइंका मठाली में आयोजित समर कैंप के दूसरे दिन बुधवार को छात्रों को योगासन, संस्कृत व अंग्रेजी संभाषण का अभ्यास सहित अन्य क्रियाकलाप कराएं गए। प्रधानाचार्य दीपक गौड़ ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से छात्रों को नवीन क्रियाकलापों से अवगत कराया जा रहा है। छात्रों को योग का महत्व बताते हुए उन्होंने योग को अपने जीवन में शामिल करने का आह्वान किया। तत्पश्चात छात्रों को अंग्रेजी व संस्कृत संभाषण व योग का अभ्सास कराया गया। एएनएम गीतांजलि ने छात्रों को रक्ताल्पता एवं आयरन एण्ड फोलिक एसिड के प्रयोग की जानकारी दी। इस अवसर पर दीपक जदली, विवेक भट्ट, रुचि पैन्यूली, नीलम सैनी और वंदना नेगी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# हर नागरिक योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं: कंडारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** आयुष विभाग उत्तराखंड की ओर से बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज किलकिलेश्वर में ब्लॉक स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर लोगों को योग को दिनचर्या में लाने से होने वाले फायदों के बारे बताया गया।

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने योग की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल एक शारी. रिक अभ्यास नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और आत्मिक संतुलन की कला है। कहा कि यदि हर नागरिक योग को जीवनशैली का हिस्सा बना ले, तो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुधरेगा, बल्कि एक सशक्त और सक्षम राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। कार्यक्रम के नोडल वैद्य



सुशान्त मिश्र ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल बीमारियों से बचा जा सकता है, बल्कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं पर होने वाले खर्च को भी घटाया जा सकता है। उन्होंने योग को राष्ट्र की उत्पादकता और हैप्पीनेस इंडेक्स से जोड़ते हुए कहा कि एक स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है। कार्यक्रम में चिकित्सकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास में भाग लिया। मौके पर योग महिला योग अनुदेशकों सुनीता राणा व वंदना रतूड़ी ने प्रशिक्षुओं को सूक्ष्म व्यायाम, योगासन, योग निद्रा और ध्यान सहित आदि योग की मुद्दाओं को बारे में बताया। इस मौके पर अजीम जी प्रेमजी फाउंडेशन के संयोजक डॉ. प्रदीप अंथवाल, नैन सिंह चौहान, वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डा. केके गुप्ता सहित आदि मौजूद थे।

# दून में एफडीए ने 500 किलो मिलावटी पनीर किया जब्त

**■ पनीर को ट्रेंचिंग ग्राउंड कारगी चौक में नष्ट किया गया**

शाह टाइम्स

**देहरादून ( मुख्य संवाददाता )।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में बुधवार को खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है, जिसमें 500 किलो मिलावटी पनीर जब्त किया गया। यह पनीर न केवल खाद्य सुरक्षा मानकों के खिलाफ था, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद खतरनाक साबित हो सकता था।

सूचना के आधार पर जिला एफडीए अधिकारी मनीष सयाना और रमेश सिंह ने स्थानीय पुलिस चौकी इंचार्च निरंजनपुर मंडी, देहराद. ून प्रमोद भंडारी की टीम के साथभंडारी बाग क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी उन्हें एक सफेद हुंडई इयोन कार वैन संदिग्ध हालत में दिखाई दी। कर को रोका गया और उसकी तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान कार के डिग्गी तथा सीट मै से बिना किसी ठंडा रखने की व्यवस्था के लगभग 500 किलो पनीर बरामद किया गया, जिसे बेहद अस्वच्छ प्लास्टिक की बोरियों से ढककर और खुले में ढोया जा रहा था। मौके पर पनीर की भौतिक जांच की गई और प्रारंभिक दृष्टया यह मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाया गया। वाहन में पनीर स्वामी मोहम्मद इरशाद पुत्र खलील अहमद नामक व्यक्ति मौजूद था, जो कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका निर्माण स्थल का प्रमाण, न ही वितरण का रजिस्ट्रेशन अथवा ब्रांडिंग संबंधी जानकारी।



एफडीए अधिकारियों के अनुसार, पनीर जैसे दुग्ध उत्पादों को उचित तापमान (2 C ls 8 C) में संग्रहित और परिवहन किया जाना अत्यंत आवश्यक होता है। यदि ऐसा न किया जाए तो यह उत्पाद जल्दी खराब हो सकते हैं और उसमें हानिक. ारक बैक्टीरिया उत्पन्न हो सकते हैं, जो फूड पॉयजनिंग, डायरिया, टायफॉइड, और हड्डियों की कमजोरी जैसी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। पनीर के सैंपल मौके पर लेकर परीक्षण के लिए राज्य खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं, बाकी लगभग 500 kg पनीर को ट्रेंचिंग ग्राउंड कारगी चौक में नष्ट किया। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एफडीए आयुक्त डॉ. राजेश ने कहा- होगी कड़ी कार्रवाई

एफडीए आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने कहा षमिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ हमारी नीति स्पष्ट और कठोर है। ऐसी सामग्री उपभोक्ताओं की जान से खिलवाड़ है। हम प्रदेश भर में नियमित अभियान चला रहे हैं और यह बरामदगी हमारे उसी प्रयास का हिस्सा है। विभाग 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रहा है। यह कार्रवाई न केवल एक बड़ी खेप को बाजार में पहुँचने से रोकने में सफल रही, बल्कि यह भी दर्शाती है कि राज्य प्रशासन अब खाद्य सुरक्षा को लेकर अत्यधिक संवेदनशील और सख्त हो चुका है। गर्मी के मौसम में जब खाद्य पदार्थ जल्दी खराब होते हैं, ऐसे में मिलावटखोरी और लापरवाही से स्वास्थ्य पर जोखिम और अधिक बढ़ जाता है।

### एफडीए के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी का बयान

एफडीए के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने कहा ष्यह बरामदगी इस बात का प्रमाण है कि कुछ लोग अभी भी गैरकानूनी तरीके से बाजार में नकली और घटिया खाद्य उत्पाद खपाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन विभाग सतर्क है और ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। देहरादून सहित समूचे राज्य में खाद्य सुरक्षा पर निगरानी और तेज की जा रही है।

### एफडीए ने की जनभागीदारी की अपील

विभाग ने आमजन से यह भी अपील की है कि यदि उन्हें किसी दुकान, ढाबे, होटल, डेयरी या अन्य खाद्य इकाई में संदिग्ध गतिविधि नजर आती है, तो वे तत्काल एफडीए की हेल्पलाइन या नजदीकी खाद्य सुरक्षा अधिकारी को इसकी सूचना दें। किसी भी शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# राजधानी में 66 बस स्टॉप पर लगी हाईटेक डिजीटल डिवाइस

**■ यातायात प्रबंधन के लिए 11 चौक चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगाने का काम हुआ शुरू**

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी जिलाधिकारी सविन बंसल ने स्मार्ट सिटी के अंतर्गत संचा. लित विभिन्न निर्माण कार्यो को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को सख्त निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी के सभी प्रोजेक्ट गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण किए जाए।

देहरादून में बन रही उत्तराखंड की पहली इंटीग्रेटेड ग्रीन बिल्डिंग निर्माण कार्यो की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि ग्रीन बिल्डिंग एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। कार्यदायी संस्था जनमानस की अपेक्षाओं के अनुरूप तय समय में इसका निर्माण पूर्ण करना सुनिश्चित करें। डीएम ने कार्यदायी संस्था को साइट पर पर्याप्त संख्या में मैन, मशीनरी और मटेरियल के साथ निर्माण कार्यों में तेजी लाने और कंक्रीट प्लांट की परमिशन के लिए तत्काल सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्थानीय लोक संस्कृति एवं पारंपरिक शैली में निर्माणाधीन दिलाराम चौक, कुठाल गेट, घंटाघर, साईं मंदिर चौक चौराहों पर मानसून से पहले सिविल वर्क पूरे किए जाए। शहर में यातायात प्रबंधन के लिए महाराणा प्रताप, आईटी पार्क, नालापानी, मोथरोवाला, ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा, प्रेम नगर, सुद्धौवाला, धूलकोट तिराहा, रांगडवाला तिराहा, सेलाकुई बाजार तिराहा एवं डाक पत्थर सहित सभी 11 चौक चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगाने का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, एसीईओ तीर्थ पाल सिंह आदि उपस्थित थे।

# वित्तीय रूप से सशक्त बनेगा जिले का रायफल क्लब: मिश्रा

**■ 20 साल बाद जिले में रायफल फंड का उपयोग निर्धन, निर्बल, असहाय के लिए गतिमान**

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता में 10 वर्ष बाद रायफल क्लब समिति की बैठक ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। यह बैठक लम्बे समय बाद वर्ष 2015 के बाद आज आयोजित की गई। बैठक समिति द्वारा विभिन्न कार्यों के लिये रायफल क्लब अनुदान राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है।

जिलाधिकारी ने रायफल क्लब में लिए जाने वाले अनुदान में वृद्धि के किये प्रस्ताव समिति द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर सहमति देते हुए समिति सोसायटी एक्ट में रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि रायफल फंड और अधिक सशक्त बनाने तथा इसमें प्राप्त धनराशि से असहाय, निर्बल के जनसामानय के सहायतार्थ कार्य किए जाएंगे। मूलभूत आवश्यकताओं से परे शस्त्र लाईसेंस एक लग्जरी ट्राजेंक्शन है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के के मिश्रा ने बताया कि रायफल क्लब में अनिवार्य योगदान जनहित के दृष्टिगत नया लाईसेंस, शस्त्र बदलाव, समय विस्तार, सीमा विस्तार, क्रय-विक्रय, सब ट्रांजेक्शन उच्च निवल मूल्य तय कर दिए गए हैं, जिससे रायफल क्लब वित्तीय रूप से सशक्त बनेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के. के मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी, मुख्य कोषाधिकारी सुश्री नीतू भण्डारी उपस्थित रहे।

# सृष्टि की सृजनकर्ता है नारी : रेखा आर्या

**■ विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर कैबिनेट मंत्री ने किया बालिकाओं को जागरूक**

मुख्य संवाददाता

**देहरादून/अल्मोड़ा ( शाह टाइम्स )।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर राज्य की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने किशोरी और महिलाओं के जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया। इस मौके पर महिलाओं और किशोरियों को स्वच्छता किट वितरित की गई।



अल्मोड़ा स्थित उदय शंकर नाट्य अकादमी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि भारतीय परंपरा में इस जैविक प्रक्रिया को मासिक धर्म कहा गया है। यह विचारणीय बात है कि अगर इसे धर्म से जोड़ा गया तो यह अपवित्र कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म महिलाओं को ईश्वर का वह पवित्र आशीर्वाद है जो उन्हें सृष्टि की सृजनकर्ता बनाता है।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इस विषय में समाज में बहुत सारी भ्रांतियां प्रचलित है और इस बारे में सामाजिक सोच को बदलना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के लिए स्वास्थ्यवर्धक खान-पान और मासिक धर्म के दिनों में स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक उपाय अपनाना आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने किशोरी और बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता किट वितरित की। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मोदी सरकार ने देशभर में स्थित हजारो जनऔषधि केदो पर मात्र ध्1 में सुरक्षित सेनेटरी पैड वितरित किया जाता है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार ने मेरी सहेली नैपकिन वेंडिंग मशीन व आंगनबाड़ी बहनों के माध्यम से चल रही नैपकिन वितरण योजना के जरिए ग्रामीण समाज की लाखों महिलाओं को सुरक्षित स्वच्छता उपाय है अपनाने में मदद की है। इस अवसर पर अल्मोड़ा मेयर अजय वर्मा, जिलाधिकारी आलोक पांडे, पार्टी जिलाध्यक्ष महेश नयाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, किरन पंत, गणेश जलाल, नवीन बिष्ट,अन्नू भोज, नरेंद्र प्रसाद आगरी, मनीष जोशी, संदीप भोज, पूनम पालीवाल, निशा बिष्ट, प्रेमा ,योगेश बारकोटी, रमेश कांडपाल, घनश्याम तिवारी, देवेंद्र बिष्ट, भानू अधिकारी, हितेश भट्ट, राजेंद्र प्रसाद, जिला विकास अधिकारी दिनेश साशनी, डीपीओ पीतांबर प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# सचिवालय एथलेटिक्स एंड फिटनेस क्लब के अध्यक्ष बने जोशी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** सचिवालय एथलेटिक्स एंड फिटनेस क्लब के बुधवार को संपन्न हुए चुनाव में ललित चन्द्र जोशी अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद जोशी महासचिव एवं दिनेश घींगा को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। सचिवालय एसथेटिक्स एंड फिटनेस क्लब के इस द्विवार्षिक चुनाव के लिए 26 मई को नामांकन 27 मई को नाम वापसी और 28 मई को चुनाव संपन्न कराया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में राकेश जोशी, महासचिव सचिवालय संघ के द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में यह निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। निर्वाचित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। निर्वाचित कार्यकारिणी द्वारा शीघ्र ही प्रबंध कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यों को नामित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य सुरक्षा अधिकारी जीवन सिंह बिष्ट, सेनि अपर सचिव सुनील कुमार पांथरी, रीता कौल, रीना शाही, प्रमिला टम्टा, गोदावरी रावत, निधि, दीपा बोहरा, मीनाक्षी गुणवंत, डॉक्टर अशोक कुमार मिश्र, भुवन चंद्र जोशी, महेश धर्मशक्तू, मगन चन्द सिंह राणा , तेज सिंह, रणजीत सिंह रावत, माधव नौटियाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# हल्द्वानी 'जय हिंद रैली' में जुटेंगे हजारों लोग: धस्माना

**देहरादून ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए व ऑपरेशन में शहीद हुए सैनिकों व आम नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने व ऑपरेशन में घायल हुए नागरिकों के प्रति सद्भावना व्यक्त करने के लिए उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की एक जून को हल्द्वानी में आयोजित होने वाली जय हिंद रैली में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व आम लोग शामिल होंगे जिसमें प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता शामिल होंगे व अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता भी भागीदारी करेंगे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उक्त जानकारी प्रेस से साझा करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने कही।

# वाहन चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की।

क्षेत्राधिकार डालनवाला अनुज आर्य के अनुसार तीन दिन पूर्व सैयद मोहल्ला कैंट निवासी समीर पुत्र सलीम की स्पेलण्डर मोटर साइकिल को अज्ञात चोर द्वारा उनके घर के बाहर से चोरी कर लिया है। जिसके चलते अज्ञात वाहन चोर के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। वाहन चोरी घटना के खुलासे को लेकर थाना कैंट पर पुलिस टीम का गठन किया गया।गठित टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर, घटनास्थल के आसपास आने जाने वाले मार्गो पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजो को चौक किया।



पुलिस टीम द्वारा यमुना कॉलोनी में वाहन चौकिंग के दौरान बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल को रो. ककर वाहन चालक से वाहन के संबंध में सख्ती से पूछताछ की गई तो वाहन चालक शत्रुघ्न पुत्र चरण दास निवासी ग्राम सुआका, थाना मनिया, जिला धौलपुर, राजस्थान द्वारा उत्तम मोटरसाइकिल को कैंट क्षेत्र से चोरी करना बताया। जिस पर संबंध अरोपी को मौके से गिरफ्तार कर वाहन को कब्जे में लिया गया।

बताया गया है कि पकड़ा गया वाहन् चोर नशे का आदि है तथा अपने नशे की पूर्ति के लिये उसके द्वारा वाहन चोरी की घटना को अजांम दिया था।पुलिस से बचने के लिए अरोपी द्वारा वाहन में लगी नंबर प्लेट को उतार दिया था।

## एक नजर .......

### एमडीडीए ने 150 बीघा अवैध प्लॉटिंग की ध्वस्त



**देहरादून ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण ने बुधवार को मसूरी रोड पुरकुल में विभिन्न स्थानों पर लगभग 150 बीघा में अवैध रूप से की जा प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया बिना अनुमति और नियमों के विरुद्ध चल रही प्लाटिंग में मसूरी रोड के पुरकुल गांव में विक्रम सिंह, द्वारा लगभग 40 से 50 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी, जिसे एमडीडीए की टीम ने रोकते हुए जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा एक अन्य प्रकरण में मसूरी रोड के पास, पुरकुल गांव में राज सेठी द्वारा लगभग 100 बिघा भूमि को समतल कर प्लाटिंग की जा रही थी, जहां भी प्राधिकरण ने कड़ी कार्रवाई करते हुए प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण किया। कार्यवाही में सहायक अभियंता शैलेन्द्र सिंह रावत, अवर अभियंता उमेश वर्मा, सुपरवाइजर सत्यनारायण भट्ट तथा पुलिस बल की उपस्थिति रही। ज्ञात हो कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्राधिकरण की ओर से लगातार अवैध निर्माण और प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण कार्रवाई कर रहा है । अब तक सैकड़ो मामलों में प्राधिकरण की ओर से कार्रवाई की जा चुकी है।

### सरे राह तमंचा लहराकर जान से मारने की धमकी देने वाला पकड़ा

**देहरादून ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र में सरे राह तमंचा लहराकर गुंडागर्दी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। मुजफ्फरनगर के हर्ष चौधरी पुत्र विरेन्द्र सिह ने थाना नेहरूकालोनी मे दो दिन पूर्व शिकायती पत्र देते हुए बताया था की अजय व आरव, निवासी सहारनपुर द्वारा उनका पीछा कर रिस्पना पुल के पास उनके वाहन को रोककर मारपीट/गाली गलौज करते हुए तमंचे की बट से उनकी गाड़ी का शीशा तोड़ कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज किया और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये थाना प्रभारी नेहरूकालोनी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस ने मुखबिर तंत्र के आधार पर कार्यवाही करते हुए आरोपी आरव चौधरी पुत्र नरेन्द्र चौधरी को हरिद्वार बायपास रोड से गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल अन्य अजय चौधरी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि हर्ष चौधरी के साथ उसका तथा उसके साथी अजय चौधरी का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिसके चलते अरोपी द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर उक्त घटना को अंजाम दिया गया।

### आईसीएमएस का आयोजन कल से

**देहरादून( शाह टाइम्स संवाददाता )।** यूपीईएस देहरादून के स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंजीनियरिंग के गणित विभाग द्वारा इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन मैथेमेटिकल साइंसेज: इमर्जिंग एप्लीकेशंस इन इंजीनियरिंग एंड एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी " का आयोजन 29 30 मई को किया जा रहा है। यह सम्मेलन भारत सरकार के साइंस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड और उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद देहरादून के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में दुनियाभर से छात्रों, शोधकर्ताओं तथा पेशेवरों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम दिन सीएसआईआर-नीस्ट के निदेशक डॉ. वीरेंद्र एम. तिवारी तथा द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी डॉ. विनीत के. गहलोत उपस्थित रहेंगे। साथ ही, पोलैंड की पोलिश एकेडमी ऑफ साइंसेज से प्रो. तदेयुष चाखोस्की विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त, विश्वभर के कई प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और अकादमिक विशेषज्ञ अपने नवीनतम शोध प्रस्तुत करेंगे।

# एसजीआरआर यूनिवर्सिटी में एलुमनी मीट का आयोजन

**■ पूर्व छात्रों के साथ दिखा आत्मीय मिलन का नजारा, गर्म जोशी के साथ किया गया वेलकम**

मुख्य संवाददाता

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय, देहरादून द्वारा एलुमनी मीट 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें 2018 और 2019 बैच के सफल पूर्व छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और यह समारोह विश्वविद्यालय के गौरवशाली पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित हुआ।



कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रोफेसर डॉ. कुमुद सकलानी, रजिस्ट्रार डॉ. लोकेश गम्भीर तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर डॉ मालविका कांडपाल के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

विश्वविद्यालय के अध्यक्ष श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज ने अपने संदेश में सभी पूर्व छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं तथा समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना की।

इस अवसर पर पूर्व छात्रों में प्रमुख रूप से उत्तराखंड सरकार में जिला उद्यान अधिकारी के रूप में कार्यरत एमएससी एग्रोनॉमी सत्र 2019-21 के छात्र राहुल राणा, एमएससी एंटोमोलॉजी सत्र 2021 से 2023 बैच के छात्र और युवा उद्यमी सुरज मल्होत्रा, गुरुकुल में कार्यरत जितेन्द्र और अर्चना, हेरिटेज स्कूल में कार्यरत मालविका तिवारी, उत्तरांचल कॉलेज में अंग्रेजी संप्रेषक के रूप में कार्यरत मल्लिका पायल और राधिका सिंह की उपस्थित रहे।

कुलपति प्रोफेसर डॉ कुमुद सकलानी ने अपने प्रेरणादायक संदेश में सभी पूर्व छात्रों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी और कहा कि हमारे पूर्व छात्र हमारे विश्वविद्यालय का गौरव हैं तथा उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है कि श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देता है।

एलुमनी मीट 2025 न केवल आत्मीय मिलन का अवसर बना बल्कि यह पूर्व छात्रों और विश्वविद्यालय के बीच रिश्तों को और प्रगाढ़ करने का एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ।

# अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले में कॉलेजों के नाम सार्वजनिक करे सरकार: कांग्रेस

**■ पूर्व में एससी एसटी घोटाले में चल रही एसआईटी की जांच आज तक पूरी नहीं हुई: नेगी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी के नेतृत्व में देहरादून स्थित अल्पसंख्यक निदेशालय में निर्देशक के माध्यम से मुख्यमंत्री को अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले के लिए सीबीआई जांच की मांग की। हाल ही में छात्रवृत्ति वितरण अथवा अन्य वित्तीय सहायता योजनाओं के अंतर्गत एक संभावित वित्तीय घोटाले की जानकारी सामने आई है।

इस अवसर पर विकास नेगी ने कहा कि कुछ छात्रों के नाम पर फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर अथवा बिना पात्रता के राशि प्राप्त की गई है, जिससे राज्य सरकार की योजनाओं की पारदर्शिता और ईमानदारी पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल वास्तविक पात्र छात्रों के अधिकारों का हनन करती हैं, बल्कि सरकारी धन का दुरुपयोग भी करती हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक प्रदीप तोमर जी,प्रदेश महासि. चव सुधांशु अग्रवाल,प्रदेश सचिव अमित जोशी आदि छात्र उपस्थित थे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान व कृषि महोत्सव की तैयारियों को लेकर समीक्षा की

**■ 29 मई से 12 जून तक चलेगा राष्ट्रव्यापी "विकसित कृषि संकल्प अभियान**

मुख्य संवाददाता

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को अपने कैंप कार्यालय में राजकीय व निजी कृषि विश्वविद्यालयों के कुल. पतियों और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। 29 मई से 12 जून तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी "विकसित कृषि संकल्प अभियान" तथा 14-15 जून को देहरादून में आयोजित होने वाले कृषि महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोजित की गई।



बैठक में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विकसित कृषि संकल्प अभियान की सभी आवश्यक तैयारियां को अंतिम रूप देने और कृषि मेले के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में शुरू किया जा रहा है, जो देश में कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का कार्य करेगा। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि इस अभिनव अभियान के तहत 2,170 विशेषज्ञ टीमों का गठन किया गया है, जो देश के 65,000 से अधिक गांवों का दौरा करेंगी। ये टीमें स्थानीय कृषि-जलवायु परिस्थितियों, मिट्टी की उर्वरता, जल उपलब्धता, और वर्षा पैटर्न का आकलन करेंगी। इसके अलावा, ये टीमें किसानों से सीधा संवाद कर उन्हें उचित फसल चयन, उच्च उपज वाले बीज, आदर्श बुवाई तकनीक, और संतुलित उर्वरक उपयोग की जानक. ारी देंगी। कृषि मंत्री ने बताया कि अभियान का उद्देश्य वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती को बढ़ावा देना, कृषि लागत को कम करना और मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार लाना है। उन्होंने सभी शैक्षणिक संस्थानों से अभियान और कृषि महोत्सव में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। मंत्री जोशी ने अधिकारियों को कृषि मेले की व्यवस्थाओं जैसे प्रदर्शनी स्टॉल, किसान जागरूकता सत्र, और तकनीकी परिचर्चाओं की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि यह अभियान देश के 1.3 करोड़ से अधिक किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा और भारत में कृषि जागरूकता एवं नवाचार को नई दिशा देगा। इस अवसर पर कृषि महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान, कृषि निदेशक केसी पाठक, बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र पाल, कैप डायरेक्टर नृपेंद्र सिंह चौहान, जैविक बोर्ड के एमडी विनय कुमार, डॉ. रतन कुमार, संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार, कुलपति पंतनगर विवि डॉ. एमएस चौहान, कुलपति भरसार प्रो. परमिंदर कौशल, सहायक प्रोफेसर डॉल्फिन इंस्टीट्यूट उपेंद्र द्विवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 14-15 जून को देहरादून में आयोजित होगा कृषि महोत्सव

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि 14-15 जून को देहरादून के गढ़ीकैंट स्थित महिंद्रा ग्राउंड में भव्य कृषि मेला आयोजित होगा। इसमें प्रदेश के किसान, एफपीओ, स्टार्टअप्स, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान, स्वयं सहायता समूह भाग लेंगे। मेले में स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी, मोटे अनाज (मिलेट्स) पर चर्चा, वैज्ञानिक सत्र और नवाचारों की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहेंगे। उन्होंने कहा कि उद्घाटन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। साथ ही कार्यक्रम में अन्य राज्यों के कृषि मंत्री एवं देश-विदेश के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

# आयुष विभाग और पुलिस ने किया नकली आयुर्वेदिक दवाएं बनाने का भंडाफोड़

## भारी मात्रा में नकली दवाएं, रैपर, लेबल, कच्चा माल, दवा बनाने की मशीन बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आयुष विभाग और ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने छापामरी कर नकली आयुर्वेदिक दवाएं बनाए जाने का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मौके से भारी मात्रा में नकली दवाएं, रैपर, लेबल, कच्चा माल, गैस सिलेंडर और दवा बनाने के लिए इस्तेमाल की जा रही पिसाई मशीन बरामद हुई है। मकान में शरीफी हर्बल के नाम से फर्जी दवाओं का कारोबार चल रहा था। शरीफी हर्बल बढेरी राजपूतान रुड़की द्वारा कम्पनी के नाम से अहबाबनगर ज्वालापुर में अवैध रूप से बिना लाइसेंस के नकली आयुर्वेदिक दवाएं बनाए जाने के संबंध में शिकायत दर्ज करायी गयी थी। शिकायत के आधार पर औषधि निरीक्षक एवं जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा.स्वास्तिक सुरेश द्वारा विभाग के अधिकारियों व कोतवाली ज्वालापुर पुलिस के साथ मोहल्ला अहबावनगर स्थित मकान में छापेमारी की गई। छापेमारी एवं तलाशी के दौरान मकान के अन्दर फिरोज अंसारी पुत्र मोहम्मद यूसुफ निवासी मोहल्ला घोसियान मौजूद मिला। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मौके पर भारी मात्रा में तैयार नकली दवाओं की पेटियां व दवाइयां बनाने के लिए कच्चा माल बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर कोतवाली ज्वालापुर पर ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट व अन्य संबंधित धाराओं में मुकद्मा दर्ज किया गया है। आयुष विभाग की टीम में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय निरंजनपुर के चिकित्सा अधिकारी डा.अश्विनी कौशिक व कर्मचारी राम मूरत, पुलिस टीम में एसआई नरेश कुमार, कांस्टेबल अमित गौड़ व राजेश बिष्ट शामिल रहे।



# पुलिस ने चोरी की बाइक और चाकू समेत युवक दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को चोरी की बाइक ओर चाकू समेत गिरफ्तार किया है। बरामद बाइक के संबंध में थाना बहादराबाद में मुकद्मा दर्ज है। आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत ज्वालापुर कोतवाली पुलिस बीती रात नहर पटरी पर रेगुलेटर पुल के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बहादराबाद की तरफ से आ रहा एक बाइक सवार पुलिस को देखकर वापस भागने लगा। लेकिन बाइक अनियंत्रित होने पर गिर गया। मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम गिरीश कुमार पुत्र यशपाल निवासी ग्राम मिलक मुकीमपुर थाना नहटौर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ। बाइक के संबंध में पूछने पर बताया कि बाइक उसने पिछले वर्ष बहादराबाद स्थित काली माता तिराहा से चोरी की थी। बाइक पर नंबर प्लेट भी नहीं थी। पुलिस ने ई मशीन से चेसिस नंबर चेक किया तो बाइक सलेमपुर निवासी संतोष कुमार तिवारी के नाम पंजीकृत निकली। थाना बहादराद से संपर्क करने पर सामने आया कि बरामद बाइक चोरी होने के संबंध में थाने पर मुकद्मा दर्ज है। पुलिस टीम में एएसआई प्रताप दत्त, कांस्टेबल रवि कुमार, प्रमोद कुमार शामिल रहे।



# वीर सावरकर स्मृति सम्मान से सम्मानित किए गए डा. रजनीश सैनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दामोदर वीर सावरकर की जयंती पर शिक्षा, साहित्य, कला एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वरिष्ठ समाजसेवी, युवा हिंदी साहित्यकार एवं देवभूमि जागृति फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. रजनीश सैनी को वीर सावरकर स्मृति सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। डा.रजनीश सैनी को यह सम्मान शिक्षा, खेलकूद, साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। वीर सावरकर स्मृति सम्मान से सम्मानित किए जाने पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों और देश के समाजसेवियों, साहित्यकारों, राजनीतिक व्यक्तियों एवं शिक्षा जगत के महानुभवो ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। डा.रजनीश सैनी को यह सम्मान शिक्षा, साहित्य, कला एवं संस्कृति संगम के निदेशक ओमप्रकाश लवलंशी राजस्थान के द्वारा प्रदान किया गया।

# डीएम और सीडीओ ने रीप परियोजना कार्यों का औचक निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** 'जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा बुद्धवार को ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के अंतर्गत भगवानपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत अमानतगढ़ और ग्राम पंचायत बुग्गावाला में किए गए कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उद्यमों की प्रगति का आँकलन व भौतिक प्रगति की मौके पर ही समीक्षा की। निरीक्षण की शुरुआत ग्राम पंचायत अमानतगढ़ में ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के अंतर्गत पशुपालन विभाग उत्तराखंड के सहयोग से स्थापित बकरी प्रजनन केंद्र के भ्रमण से हुई। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी महोदया को जिला परियोजना प्रबंध क, ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना संजय सक्सेना और मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, श्री डी. के. चंद्र द्वारा केंद्र के उद्देश्यों, संभावित लाभों और भविष्य में इसके संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। श्री सक्सेना ने बताया कि केंद्र की लागत, बकरियों की क्षमता, उनकी प्रजाति और बच्चों के विपणन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। इस केंद्र की विशेष पहचान चार प्रकार की बकरी नस्लों का उत्पादन करना है। पहले चरण में राजस्थान की जाखराना ब्रीड लाई गई है, जिसका औसत दैनिक दुग्ध उत्पादन 3 से 4 लीटर है। यहां उत्पन्न होने वाले उच्च नस्ल के बकरी का विपणन जिले के बकरी पालकों को उचित दाम पर किया जाएगा, जिससे जनपद में बकरी उत्पादन और दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जो भविष्य में वैल्यू एडिशन के माध्यम से कन्फेक्शनरी और अन्य उत्पादों के उत्पादन का मार्ग प्रशस्त करेगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसान एवम् पशु पालकों को जनपद के मौसम के अनुकूल बकरी की नस्लें उपलब्ध कराई जाएं जोकि यहां के वातारण में जीवित रहने के साथ ही सही से फलखफूल सकें ताकि किसानों की आय के लिए एक अच्छा संसाधन मिल सके। तत्पश्चात, जिलाधिकारी कमेन्द्र सिंह और मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने प्रकाशमय सीएलएफ, बुग्गावाला सीएलएफ कार्यालय का दौरा किया, जहां प्रकाशमय सीएलएफ के बीओडी सदस्यों ने जिलाधिकारी महोदय और मुख्य विकास अधिकारी महोदया का गर्मजोशी से स्वागत किया। बीओडी सदस्यों ने कार्यालय में स्थापित आलू प्रसंस्करण इकाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसमें आलू के चिप्स और आटा बनाया जाएगा। इस इकाई की स्थापना महिलाओं द्वारा स्थानीय आलू किसानों को उचित मूल्य न मिलने की समस्या के समाधान के लिए की गई है, और इसके उत्पादों के विपणन की योजना भी पहले से ही तैयार है। इकाई का पूरा प्रबंध न निदेशक मण्डल द्वारा किया जाएगा, और इसके संचालन हेतु एक विशेषज्ञ को नियुक्त किया जाएगा जो गुणवत्ता और उत्पादन पर तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। निरीक्षण के दौरान, महिलाओं ने बिजली कनेक्शन संबंधी समस्या से अवगत कराया, जिसके त्वरित निस्तारण हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने मार्गदर्शित करते हुए कहा कि आपके प्रोडक्ट की क्वालिटी और टेस्ट जितना अच्छा होगा, सामान की डिमांड उतनी ही अच्छी होगी क्योंकि अच्छे प्रोडक्ट को मार्केट की नहीं बल्कि मार्केट को अच्छे प्रोडक्ट की आवश्यकता होती है। उन्होंने रीप के अधिकारियों को समूह को नियमानुसार सभी सुविध एं मुहैया कराने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश, जिला सूचना अधिकारी अहमद नदीम, रीप परियोजना के जिला स्तरीय स्टाफ, खंड विकास अधिकारी भगवानपुर आलोक गर्ग, रीप और एनआरएलएम विकासखंड स्टाफ, सीएलएफ स्टाफ, और अन्य रेखीय विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। परियोजना निदेशक रीप ने बताया कि यह निरीक्षण जनपद हरिद्वार में ग्रामीण सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे ठोस प्रयासों को उजागर करता है, जिससे स्थानीय किसानों और महिला उद्यमियों को सीधा लाभ मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# कांग्रेसियों का वंदना कटारिया स्टेडियम का नाम बदलने को लेकर छठे दिन धरना रहा जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वंदना कटारिया स्टेडियम का नाम बदलने को लेकर कोंग्रेसियों का छटे दिन धरना जारी रहा। सैकड़ो के तादात मे जिले भर से कांग्रेस विधायकगण, नेतागण, पूर्व लोक सभा प्रतियाशी वीरेंन्द रावत धरने पर पहुंचे तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर धरने के संयोजक वरुण बालियान ने कहा की भाजपा सरकार दलित विरोधी है वंदना कटारिया के नाम से जो रोशनाबाद मे स्टेडियम स्थित है उसका नाम बदलकर भाजपा सरकार ने अपनी दलित व महिला विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। जिसे कांग्रेस हरगिज बर्दास्त नहीं करेंगी, वंदना कटारिया हमारा गौरव है। लोकसभा पूर्व प्रतियाशी वीरेन्दर रावत ने कहा कि भाजपा सरकार विकास को भूलकर केवल केवल नाम बदलने का कार्य कर रही है भाजपा का बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा खोखला है। भाजपा सरकार में दलितों को अपमान मिल रहा है एक दलित महिला के नाम से स्टेडियम जो बना था रामदेव के इसारे पर उसको भी बदल दिया जो कांग्रेस बिलकुल भी होने नहीं देगी। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली ने कहा कि वंदना कटारिया हमारी ग्राम पंचायत की बेटी है अपनी मेहनत से उसने हमारे गांव जिले प्रदेश व भारत का नाम रोशन किया है वह हॉकी खिलाडी टीम की पूर्व कप्तान रह चुकी है हमारी बहन ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश के नाम को रोशन करने का काम किया है जो हमारे लिए गर्व की बात है। कांग्रेस प्रदेश सचिव राव फरमान एडवोकेट ने कहा की वंदना कटारिया हमारी शान है देश की शान है एक दलित की बेटी होने पर आज उसे भाजपा सरकार से अपमान सहने को मिल रहा है उसके नाम से स्टेडियम होने पर भाजपाई को बर्दास्त नहीं हो रहा है हम वंदना कटारिया के सम्मान की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक उसकी लड़ाई लड़ेंगे। ज्ञापन देने वालो मे मुरली मनोहर, ममता राकेश, फुरकान अहमद, वीरेंद्र जाती, इसम सिंह, महेश प्रताप राणा, रिजवान खान, राव काशिफ, राव अब्दुल्लाह, तीर्थ पाल, रवि, अमरदीप रोशन, मदन लाल, शाहनवाज मलिक, बुला चौधरी, इदरीश मलिक, अबरार मलिक, एडवोकेट साजिद अब्बासी, ओ.पी. चौहान, संतोष चौहान, सुनील कुमार सिंह, बीएस तेजयान, सुनील चौहान, दाताराम आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# संत महापुरूषों के सानिध्य मे पूरे विश्व में हो रहा सनातन धर्म संस्कृति का प्रसार : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर की यात्रा से लौटे निरंजनी अखाड़े के महंत दर्शन भारती ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी से भेंट की और उन्हें पशुपतिनाथ की प्रतिमा भेंट की। निरंजनी अखाड़े में भेंटवार्ता के दौरान महंत दर्शन भारती कहा कि अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी संत परंपराओं और सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। श्रीमहंत रविंद्रपुरी के नेतृत्व में प्रयागराज महाकुंभ के बाद 2027 में होने वाला हरिद्वार कुंभ भी दिव्य और भव्य रूप से संपन्न होगा। महंत दर्शन भारती का स्वागत करते हुए श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि संत महापुरूषों के सानिध्य में सनातन ध र्म संस्कृति पूरे विश्व में प्रचारित प्रसारित हो रही है। पूरी दुनिया के लोग भौतिकवाद का त्यागकर सनातन धर्म संस्कृति को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ की तर्ज पर 2027 हरिद्वार कुंभ को भी दिव्य और भव्य रूप संपन्न कराया जाएगा। कुंभ मेले में आने संतों और श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं मिलें। इसके लिए सरकार से निरंतर वार्ता की जा रही है। महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद एवं निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी ने कहा कि हरिद्वार कुंभ को भव्य रूप प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार लगातार काम कर रही है। कुंभ मेला कार्यो को गति प्रदान करते हुए मेलाधिकारी की नियुक्ति भी कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार कुंभ के माध्यम से अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी के नेतृत्व में सभी 13 अखाड़ों के संत महापुरूष पूरे विश्व को अध्यात्म के प्रकाश से आलोकित करेंगे।



# निक्षय मित्रों ने ली मतदान करने की शपथ



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएमजेएन कालेज में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तीसरे चरण के अंतर्गत अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहन्त रविन्द्रपुरी महाराज की अध्यक्षता में मतदाता साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमहन्त रविन्द्रपुरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.आरके सिंह, जिला टीबी अधिकारी डा.अनिल कुमार वर्मा, जिला कार्यक्रम समन्वयक अनिल नेगी, टीबी चौम्पियन सोनी, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाईजर डा.मौहम्मद सलीम, मनसा देवी मंदिर के ट्रस्टी अनिल शर्मा, अवनीश जोशी, सौरभ कुमार, दिनेश पंत, शादाब सिद्दीकी, सचिन कुमार आदि की उपस्थिति में उत्तराखंड राज्य उच्च शिक्षा परिषद के सदस्य प्रो.सुनील कुमार बत्रा ने सशक्त लोकतंत्र के लिए जागरूक मतदाता के रूप में निक्षय मित्रो को मतदान करने की शपथ दिलायी।

# संस्कृत भारती उत्तरांचलम् के प्रांतीय कार्यालय में चिकित्सा शिविर आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** संस्कृत भारती उत्तरांचलम के प्रांतीय कार्यालय परिसर में स्थित स्वामी वैराग्यनंद पुरी धर्मार्थ होम्योपैथिक चिकित्सालय में जिला होम्योपैथिक विभाग के सहयोग से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसमें प्रसिद्ध त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. यतींद्र नागियान, चिकित्सक डा. गजेंद्र त्यागी, संस्कृत भारती के क्षेत्र संपर्क प्रमुख प्रो. प्रेमचंद शास्त्री, एमओआईसी डा. चंचल सिंह (जिला होम्योथिक चिकित्सा विभाग) एवं देशराज शर्मा मौजूद रहे। डा. यतींद्र नागियान ने बताया कि संस्कृत भारती कार्यालय में प्रतिदिन प्रात: 9 से 10:30 बजे तक धर्मार्थ चिकित्सालय संचालित होता है। जहां नि:शुल्क परामर्श एवं औषधियों के माध्यम से सैकड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। डा.गजेंद्र त्यागी ने कहा कि संस्कृत भारती समय-समय पर इस प्रकार के चिकित्सा शिविरों का आयोजन करती रहती है, जो समाज के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। देशराज शर्मा ने कहा कि चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया और उन्हें आवश्यक औषधियां नि:शुल्क प्रदान की गईं। शिविर के संचालन में चिकित्सकों के साथ जिला होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग के फार्मासिस्ट हिमांशु, प्रदीप, प्रमोद, डा.पवन कुमार, विवेक शुक्ल, राजू एवं संतोष सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया। प्रांत संगठन मंत्री गौरव शास्त्री ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों एवं सहयोगियों का आभार प्रकट किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जनसेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।



(अदालती सूचना)

**सम्मन वास्ते करार दार उमर तनकीह तलब न्यायालय श्रीमान सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी महोदाय हरिद्वार**

**वाद संख्या - 8 सन् 2022**

देवेन्द्र पुत्र रामलाल निवासी ग्राम सुभाषगढ़ परगना ज्वालापुर, तहसील व जिला हरिद्वार।

........ **प्रार्थी/वादी**

**बनाम**

1. उत्तराखण्ड सरकार द्वारा कलैक्टर महोदय हरिद्वार, 2 ग्राम सभा सुभाषगढ़ द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम सभा सुभाषगढ़ तहसील व जिला हरिद्वार 3. मुंशीराम 4. रामशरण पुत्रगण स्व. नानकचंद निवासी ग्राम सुभाषगढ़ तहसील व जिला हरिद्वार

..... **प्रतिवादीगण**

हरगाह वादी ने उपरोक्त वाद अं0धा0-229बी0 ज0वि0अधि0 मौजा सुभाषगढ़ परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार डिक्री हेतु योजित किया है, लिहाजा आपको हुकुम होता है कि आप बतारिख 18.06.2025 बवक्त 10 बजे के दिन असालतन वकील के जो मुकदमे के हालात से करार वाकई किया गया हो और अमूरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की कर सके और हरगाह वादी तारीख जो आपके इजहारों के लिये मुकर्रर हो वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा तजबीज हुई है। बस आपको लाजिम होने उस रोज अपने जवाबदेही के ताईद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकुर आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजरी आपको मसमूह और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज तारीख 26-05-2025 को जारी किया गया।

आज्ञा से

प्रबन्धक/पेशगार

न्यायालय श्रीमान सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी महोदय हरिद्वार

# कमलदास कुटिया की भूमि पर अवैध दुकानों लगी सील, पहले भी तोड़ दी थी सील

**एचआरडीए ने अवैध निर्माणकर्ताओं को दी सख्त चेतावनी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तरी हरिद्वार के भूपतवाला क्षेत्र स्थित कमलदास कुटिया की संपत्ति पर किए गए अवैध निर्माण पर हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण (एचआरडीए) सीलिंग की कार्रवाई की है। दो दुकानों पर लगाई गई सील को भूमाफिया ने तोड़ दिया था। शिकायत मिलते ही फिर से दोबारा सीलिंग की कार्रवाई की गई है। वहीं सील तोड़ने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। कमलदास कुटिया पर वर्षों से मंदिर और गौशाला जैसे धार्मिक प्रतिष्ठान स्थापित हैं। इसकी भूमि पर कथित रूप से कुछ भू-माफियाओं ने कर्मचारियों की मिलीभगत से अतिक्रमण किया। आरोप है कि उन्होंने संपत्ति का एक हिस्सा तोड़कर उस पर दुकानें खड़ी कर दीं और उन्हें बेचने की कोशिश की। इस मामले में एक सेवक द्वारा मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी गई थी, जिसके बाद प्रकरण ने तूल पकड़ लिया। जिसके बाद एचआरडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से निर्मित दुकानों को सील कर दिया। हालांकि, इसके बाद भी भू-माफिया बाज नहीं आए और उन्होंने सील से छेड़छाड़ कर निर्माण कार्य को जारी रखने की कोशिश की। सील तोड़ने की इस दुस्साहसिक हरकत को विकास प्राधिकरण ने गंभीरता से लिया और मौके पर मौजूद टीम ने सख्त फटकार लगाई। प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि यदि दोबारा सील से छेड़खानी की गई, तो कानूनी कार्यवाही के साथ-साथ पुलिस में भी रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

# विधि विधान के साथ गंगा में विसर्जित की गयी रालोद नेता जगपाल दास गुर्जर की अस्थियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामशरण दास के पुत्र एंव रालोद नेता जगपाल दास गुर्जर की अस्थियां पूर्ण विधि विधान के साथ गंगा में विसर्जित की गयी। सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामशरण दास के पुत्र एंव रालोद नेता जगपाल दास गुर्जर का 26 मई को निधन हो गया था। पैतृक गांव में अन्तिम संस्कार के पश्चात परिजन उनकी अस्थियां लेकर हरिद्वार पहुंचे। हरकी पैड़ी पर विधि विधान के साथ स्वर्गीय जगपाल दास गुर्जर के ज्येष्ठ पुत्र रूपेश कुमार ने अस्थियों को गंगा की गोद में विसर्जित किया। इस अवसर पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव, महंत शुभम् गिरि, जिलाध्यक्ष साजिद अंसारी, महफूज अंसारी समेत आदि ने रूपेश कुमार से मुलाकात की और शोक जताया। चंद्रशेखर यादव ने बताया कि स्वर्गीय जगपाल दास ने समाजवादी पार्टी में प्रदेश सचिव सहित कई पदों पर योगदान किया। वर्तमान में वे रालोद में सक्रिय थे। महंत शुभम गिरी ने बताया कि स्व.चौधरी रामशरण दास व उनके पुत्र स्व.जगपाल दास ने समाजवादी नीतियों को आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया।



# 15 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए अभियान में 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीली दवाई एव इंजेक्शन आदि तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने बुधवार देर शाम को ध नपुरा में छापेमारी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया आरोपी से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम ऋषिपाल पुत्र सेवाराम निवासी धनपुरा बताया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के कर्म में एक आरोपी को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। आगे भी नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

**सूचना (संबंध विच्छेद)**

मैंने अपने पुत्र दिलीप व पुत्रवधु पार्वती को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेने-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। लच्छमन पुत्र दिलेराम, निवासी ग्राम आन्नेकी हेत्तमपुर थाना सिडकुल, हरिद्वार।

# देहरादून में अहिल्या स्मृति मैराथन का हुआ आयोजन

## मुख्यमंत्री धामी ने दौड़ में शामिल होकर बढ़ाया उत्साह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** देहरादून में ष्अहिल्या स्मृति मैराथनष् एक विरासत-एक संकल्प कार्यक्रम का बुधवार को आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी पवेलियन ग्राउंड से आयोजित हुए इस मैराथन में प्रतिभाग किया। सुबह सवेरे मुख्यमंत्री ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने स्वयं भी युवाओं के साथ मैराथन में दौड़ कर सबका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता और एकता लाने के साथ स्वस्थ समाज का भी निर्माण करते हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार, मेयर सौरभ थपलियाल, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, विधायक भरत चौधरी, दायित्वधारी अनिल डब्बू, श्याम अग्रवाल, हेम बजरंगी, भाजपा युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बिष्ट एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



### टिहरी नगर क्षेत्र में भी अहिल्या स्मृति मैराथन क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया

**नई टिहरी।** महान मराठा शासक और समाज सुधारिका अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को भाजपा युवा मोर्चा द्वारा नगर क्षेत्र में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को अहिल्याबाई होल्कर के प्रेरणादायी जीवन से परिचित कराना और उन्हें नशा मुक्त, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देना रहा। सुबह डाईजर से साईं चौक, बौराड़ी तक आयोजित इस दौड़ को भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में न केवल मठ-मंदिरों का संरक्षण किया, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी ऐतिहासिक कार्य किए। कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने उनके योगदान को भुला दिया, जबकि आज की युवा पीढ़ी को उनके जीवन से सीखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र जुयाल ने प्रतिभागियों को अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों की जानकारी देते हुए बताया कि कैसे एक महिला होते हुए भी उन्होंने न्यायप्रिय और कल्याणकारी शासन की मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा युवाओं को देश के महापुरुषों के योगदान से अवगत कराने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास कर रही है।

# जोशी ने विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज जनपद देहरादून के भगवंतपुर न्याय पंचायत स्थित गुनियाल गांव में "विकसित कृषि संकल्प अभियान" के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। यह अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक देशभर में संचालित किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान मंत्री जोशी ने कार्यक्रम की सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए और कहा कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी विभागीय अधिकारी समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले किसानों, विशेषज्ञों व अन्य आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



**■ कृषि मंत्री गणेश जोशी देर शाम पहुंचे गुनियाल गांव , मुख्यमंत्री धामी आज करेंगे शुभारंभ**

गौरतलब है कि इस महत्त्वपूर्ण अभियान का शुभारंभ कल, 29 मई को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में गुनियाल गांव से किया जाएगा। यह कार्यक्रम कृषि क्षेत्र में जागरूकता, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

## मुजफ्फरनगर निवासी यमुना नदी मै डूबा, मौत

**विकास नगर।** विकासनगर से यमुना नदी कटा पत्थर कोतवाली विक. ासनगर क्षेत्रान्तर्गत सत्यम पुत्र श्यामवीर निवासी पुरवालियान मुजफ्फरनगर उम्र 21 वर्ष नदी में नहाते समय डूब गया, जिसको स्थानीय पुलिस, जल पुलिस तथा एसडीआरएफ की मदद से बाहर निकाला गया, जिसको उपचार हेतु सरकारी अस्पताल विकासनगर ले जाया गया किन्तु चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किया गया। मृतक के पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर शव को मृतक के परि. जनो के सुपुर्द कर दिया गया है। मृतक अपनी चाची के साथ गर्मियों की छुट्टियों में विकासनगर आया था जो कि आज अपने परिजनो के साथ नदी में नहाने गये थे।मृतक मूल रुप से मुजफ्फर नगर का निवासी था जंहा पर वह ठ.ज्मबी की पढाई कर रहा था।

# राशन विक्रेताओं ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** जनजातीय क्षेत्र जौनसार बावर के राशन विक्रेताओं द्वारा कई बार कोविड काल के समय के लाभांश एंव भाडा न मिलने से आक्रोषित राशन विक्रेताओं ने बुधवार को जौनसार बावर भवन विकासनगर पर जोरदार प्रदर्शन किया।

विदित हो इस संबंध में राशन डीलरों ने विभाग व सरकार को अवगत कराने के बावजूद आजतक इसका भुगतान नहीं किया गया है। सरकार व विभाग की लापरवाही के चलते राशन विक्रेता कई दिनों से हड़ताल पर है जिससे राशन कार्ड धारकों को राशन न मिलने से काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। विभाग और राशन विक्रेताओं के बीच में क्षेत्र के गरीब लोग प्रभावित हो रहे है। जिससे नाराज होकर राशन डीलरों ने जौनसार बावर भवन विकासनगर में प्रदर्शन किया। राशन डीलरों ने इस संबध में त्यूनी, चकराता और कालसी तहसीलों में ज्ञापन दिया है।



राशन विक्रेताओं का कहना है कि विभाग द्वारा साल 2021-22 के सात माह का लाभांश व भाडा नहीं दिया गया, साल 2024-25 के पांच माह का परिवहन भाडा, लाभांश नहीं दिया गया। 2021-22 में 1 माह का राशन नहीं दिया गया। और जौनसार के सातों गोदामों में धर्म कांटा उपलब्ध नहीं है जिससे राशन विक्रेताओं को तोल में कमी होने के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है। कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती राशन नहीं उठाया जाएगा।

जौनसार बावर जनजाति सरकारी सस्ता गल्ला एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि विभाग से बार बार मांग करने के बावजूद राशन विक्रेताओं का भाडा, लाभांश नहीं दिया गया है जिसके लिए सभी राशन विक्रेता प्रदर्शन कर रहे है। विभाग द्वारा कोविड के समय सात माह का लाभांश व परिवहन भाडा नहीं दिए जाने पर खाद्य मंत्री, खाद्य सचिव, जिलाधिकारी को अवगत कराया गया लेकिन आजकल कोई कारवाई नहीं हुई।

**■ कोविड काल के समय के लाभांश व भाड़ा न मिलने से है आक्रोषित**

कहा कि जब हमारी मांगे पूरी नहीं की गई तब राशन उठान नहीं होगा और अगर इसको लेकर हम पर विभाग द्वारा कोई दबाव बनाया गया तो सभी राशन विक्रेता सामुहिक इस्तीफा देंगे।

प्रदर्शन करने वालों में महेंद्र सिंह तोमर, गुलाब सिंह नेगी, अमर सिंह नेगी, सुरेंद्र तोमर, अखिल कुमार, भागीराम चौहान, जनक सिंह तोमर, नंदा राम नेगी, महिपाल सिंह तोमर, गीताराम चौहान, ज्ञान सिंह तोमर, विरेन्द्र सिंह चौहान, शूरवीर सिंह, आनंद सिंह, सूरत सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

### एक नजर .......

## सरस्वती विद्या मंदिर कालेज ने मनाई वीर सावरकर की जयंती

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में वीर सावरकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, चंद्र प्रकाश शर्मा, रघुनाथ सैनी (भारत रक्षा मंच, प्रांतीय संगठन मंत्री) छत्रपाल सिंह, बाज सिंह आदि के द्वारा मां सरस्वती व वीर सावरकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय की बहिन अन्वेषा ने वीर सावरकर के जीवन पर प्रकाश डाला। रघुनाथ सैनी ने विनायक दामोदर सावरकर के जीवन से संबंधित प्रसंग सुनाते हुए कहा कि वे भारत के क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, चिन्तक, समाजसुधारक, इतिहासकार, कवि, ओजस्वी वक्ता तथा दूरदर्शी राजनेता थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने उपस्थित अतिथि का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## योग मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त जरूरी: डॉ सिंह



**रुद्रप्रयाग।** जखोली विकासखंड में 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत भव्य ब्लॉक स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य आम जन को योग के प्रति जागरूक करने के साथ ही स्वस्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना था।

योग अनुदेशक विजय राणा व मनीषा भट्ट ने प्रात: सात बजे से विभिन्न योगा. सन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियां सिखाई। प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर योग को जीवन में अपनाने का संकल्प किया। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ रघुवीर सिंह ने कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों की अमूल्य देन है। उन्होंने बताया कि यह न केवल शारी. रिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने आम जन से अपील करते हुए आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी सुरेश शाह, ओंकारानंद हिमालयन, मोंटेश्वरी इंटर कॉलेज के प्रबंधक ललिता प्रसाद भट्ट, चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण कुमार शर्मा, डॉ दिनेश कुमार, विद्यालय के छात्र-छात्राओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के लगभग अन्य 75 नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# महिला नेतृत्व वाले व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए फिक्की फ्लो प्रतिबद्ध : डॉ. गीता

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कौन-सा संस्थापक सबसे बेहतरीन पिच करता है? यही सवाल एफएलओ उत्तराखंड आयोजित ष्फाउंडर्स वॉर रूमष कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु बना रहा ।

यह आयोजन डॉ. गीता खन्ना, अध्यक्षा, फिक्की फ्लो उत्तराखंड चौप्टर 2025ख्26 के नेतृत्व में यूएफसी दून के सहयोग से, संपन्न हुआ। इस आयोजन में लगभग 100 उत्साही उद्यमियों, संस्थापकों और स्टार्टअप इकोसिस्टम भागीदारों ने भाग लिया, जो उत्तराखंड की उभरती स्टार्टअप प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एकत्र हुए थे।



इस कार्यक्रम का संचालन फ्लो उत्तराखंड स्टार्टअप सेल की इनिशिएटिव लीड अनुराधा डोवल ने किया, जबकि मंच संचालन क्षितिज डोवल, संस्थापक एवं सीईओ, उनहू इनोवेशन सेंटर ने संभाला। क्षेत्र के कुछ सबसे प्रतिभाशाली उद्यमी दिमागों को एक मंच पर लाकर उनके नवाचार विचारों की प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया, जहां वे ष्सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप पिचष का खिताब जीतने की दौड़ में शामिल हुए।

प्रारंभिक राउंड में संस्थापकों ने अपने बिजनेस मॉडल और समाधान प्रस्तुत किए, जिसके बाद अंतिम राउंड आयोजित हुआ।

डॉ. गीता खन्ना, नेहा जोशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं सामाजिक कार्यकर्ता विपुल दावर, पूर्व अध्यक्ष, सीआईआई उत्तराखंड एवं प्रबंध निदेशक, इंडो-जर्मन ब्रेक्स

डॉ. दीपक मुरारी, संयुक्त निदेशक, उद्योग निदेशालय उत्तराखंड एवं प्रभारी, स्टार्टअप उत्तराखंड सेल

कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण "सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप पिच" पुरस्कार अविनाश मिश्रा को प्रदान किया गया। उन्हें फ्लो ट्रॉफी एवं एक पुरस्कार भेंट कर उनके शानदार पिच और उद्यमशीलता भावना का सम्मान किया गया।

# टाइगर फॉल में हादसे के बाद नहाने पर प्रतिबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल टाइगर फॉल इन दिनों एक दुखद घटना के कारण सुर्खियों में है। हाल ही में टाइगर फॉल में एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें दो पर्यटकों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद से क्षेत्र में शोक की लहर है और स्थानीय प्रशासन व टाइगर फॉल प्रबंधन समिति पूरी तरह सतर्क हो गई है।

घटना के बाद टाइगर फॉल समिति ने एहतियातन बड़ा फैसला लिया है। अब अगले आदेश तक टाइगर फॉल के मुख्य तालाब में नहाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसे का कारण एक भारी पेड़ का टूटना रहा। इससे आसपास के और पेडो में भी खतरे की आशंका बनी हुई है। विशेषज्ञों की सलाह और सुरक्षा जांच के बाद ही फॉल को दोबारा नहाने के लिए खोला जाएगा।

अर्जुन सिंह ने कहा, हम किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं लेना चाहते। जब तक पेड़ों और पत्थरों की स्थिति को लेकर पूरी तरह संतुष्ट नहीं हो जाते, तब तक किसी को भी मुख्य तालाब में उतरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पर्यटकों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पीएनबी आरसेटी ने उद्यमी विकास योजना के तहत दिव्यांगों को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** नाबार्ड व अन्य वित्त पोषित संस्थाओं के सहयोग से संचा. लित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा युवाओं व महिलाओं को विभिन्न रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर उन्हें शसक्त बनाया जा रहा है। खास बात रह रही कि इस बार दिव्यांग व्यक्तियों को उघमी विकास योजना के तहत प्रशिक्षण दिया गया।

विकासनगर और सहसपुर के ग्रामीण क्षेत्रों से आए दिव्यांग व्यक्तियों को मोमबत्ती, अगरबत्ती, दीए व धूप बनाने का प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वह भी पीएनबी आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना रोजगार शुरू करके अपनी आजीविका में सुधार ला सके। जिसको लेकर विभागिय अधिकारियों और ट्रेनरों का कहना है कि उनके माध्यम से सरकार द्वारा संचा. लित की जा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के जरिए ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। जिसमें जहां रेशम पालन, मशरूम उत्पादन, जूट बैग बनाना, सिलाई कढ़ाई आदि का प्रशिक्षण देकर उन्हें बैंक से लोन दिलाने में मदद की जाती है।



बताया कि जहां पहले 18 से 35 वर्ष तक के ग्रामीण बेरोजगार व असहाय लोगों को प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था थी, उसे 50 वर्ष तक के व्यक्तियों तक के लिए भी कर दिया गया है। इस मौके पर प्रतिभागी सुरज, सुमित भट्ट, गिरीश चंद्र पांडेय, स्टेट डायरेक्टर पीएनबी आरसेटी, ओपी पंवार, ब्लाक डायरेक्टर पीएनबी आरसेटी आदि मौजूद रहे।

# शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कल से शुरू होगा 'विकसित कृषि संकल्प अभियान', मसूरी में 6 जून को होगा कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, शिवराज सिंह चौहान कल ओडिशा के पुरी से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का शुभारंभ करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा शुरू की गई यह ऐतिहासिक पहल, वैज्ञानिक नवाचार और जमीनी स्तर पर भागीदारी के माध्यम से भारतीय कृषि को बदलने तथा देश के खाद्य भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

15 दिवसीय अभियान के दौरान श्री चौहान लगभग 20 राज्यों की यात्रा करेंगे। इस मिशन को साकार करने में राज्य सरकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी और सभी राज्यों से सामूहिक स्वामित्व और समर्पण के माध्यम से इस अभियान को सफल बनाने की अपेक्षा जताई गई है।

इस अभियान में दो-तरफा संचार दृष्टिकोण अपनाया जाएगा, एक तरफ वैज्ञानिक किसानों के साथ अनुसंधान और तकनीकी जानकारी साझा करेंगे, वहीं दूसरी तरफ वे किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी जुटाएंगे। आज मीडिया से एक बार फिर बातचीत के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। शिवराज सिंह ने कहा कि कल से एक व्यापक अभियान शुरू हो रहा है। 'लैब टू लैंड' को जोड़ने के लिए कल से हमारे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक अभियान पर निकलेंगे। श्री चौहान ने कहा कि 16 हजार वैज्ञानिकों की 4-4 टीमें बनी हैं, जो गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद करेंगी। 2170 टीमें बनी हैं जो संपर्क करेंगी।। एक दिन में एक टीम 2 गांवों में जाएंगी। यह अभियान 15 दिन तक चलेगा और किसानों के बीच बैठकर सीधा संवाद होगा। क्षेत्र की जलवायु, पानी, मिट्टी के पोषक तत्व व अन्य बातों का ध्यान रखते हुए उसके आधार पर कौन सी फसल बोनी चाहिए, कौन सी वैराइटी होनी चाहिए, खाद का कितना उपयोग करना चाहिए,उसके साथ-साथ प्राकृतिक खेती और दलहन और तिलहन की खेती के संबंध में किसानों से चर्चा की जाएगी। वैज्ञानिक,किसानों की व्यावहारिक समस्याओं के समाधान सीधे संवाद के जरिए सुलझाएंगे। खेत की आवश्यकता के अनुसार आगे शोध की दिशा भी तय होगी। चौहान ने एक बार फिर से सभी लोगों से इस अभियान से जुड़ने और देशव्यापी स्तर पर इसे कारगर व सफल बनाने का आह्वान किया।यह अभियान 29 मई से 12 जून, 2025 तक 700 से अधिक जिलों में आयोजित किया जाएगा। इस अभियान में 731 केव. ीके, 113 आईसीएआर संस्थान, राज्य स्तरीय विभाग तथा कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन के अधिकारी तथा नवोन्मेषी किसान शामिल होंगे। इस अभियान के जरिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प की दिशा में एक मजबूत अध्याय जोड़ने का प्रयास किया गया है।

**■ शिवराज सिंह चौहान मीडिया से हुए मुखातिब, किसानों की खेती से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं का समाधान होगा दोतरफा होगा संवाद, किसानों से आमने-सामने बैठकर होगी बात-शिवराज सिंह**

# ब्रिगेडियर व प्रिंसिपल को चकराता में दी गई भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** व्यापार मंडल चकराता के तत्वावधान में छावनी परिषद अध्यक्ष ब्रिगेडियर अलीन देब साहा और जौनसार पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या लीना साहा के स्थानांतरण पर एक संयुक्त विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में व्यापारियों, गणमान्य व्यक्तियों और विद्यालय स्टाफ ने भावुक होकर दोनों अधिकारियों के कार्यों की सराहना की।

कैंट इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ब्रिगेडियर साहा ने अपने कार्यकाल में छावनी क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, कूड़े के निस्तारण, जल समस्या के समाधान, और जनता से सीधे संवाद के जरिए एक मिसाल कायम की। वहीं लीना साहा के नेतृत्व में विद्यालय में स्मार्ट क्लास, परिवहन सुविधा और शैक्षणिक गुणवत्ता में बड़ा सुधार देखने को मिला।ब्रिगेडियर साहा ने चकराता के लोगों से मिले स्नेह के लिए आभार जताया और कहा कि चकराता को सुंदर बनाए रखने की जिम्मेदारी अब यहां के लोगों की है। प्रधानाचार्या लीना साहा ने कहा कि वह चकराता से हमेशा जुड़ी रहेंगी और यहां की प्रतिभा को निखारने का प्रयास करती रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर चौहान ने की और संचालन उपाध्यक्ष व्यापार मंडल दिनेश चांदना ने किया। कार्यक्रम में सीईओ छावनी परिषद आर एन मंडल, जनजाति मोर्चा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर राठौर, पूर्व सदस्य कैन्ट आनंद राणा, से सचिव अंकित मोहल, राहुल चौहान, डॉ. आरती रावत, महेश शर्मा, विनय शर्मा, डां नंदलाल भारती, दिगंबर चौहान आदि मौजूद हे।



# पर्वतारोही मोहन रावत का जिला मुख्यालय में जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** उत्तरकाशी जनफके अस्सी गंगा घाटी मोहन रावत पर्वतारोही ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने बाद जिला मुख्यालय में जोरदार स्वागत किया गया है।

बुधवार को पर्वतारोही उत्तरकाशी जिला मुख्यालय पहुंचे तो क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता ने उनका ढोल नगाड़े के साथ जोरदार स्वागत कर जिला सभागार में उनके समान में एक समारोह का आयोजन किया। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि ऐतिहासिक माउंट एवरेस्ट पर जनपद के सीमांत क्षेत्र अस्सी गंगा घाटी अगोड़ा निवासी युवा समर्पित वरिष्ठ प्रशिक्षक मोहन रावत ने 18 मई, को सुबह 5:20 बजे (नेपाल समय) माउंट एवरेस्ट (8,848.86 मीटर)पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। उन्होंने बताया कि टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन के सौजन्य से यह उपलब्धि टीएसएएफ के लिए एक और मील का पत्थर है। बता दें 1984 में बरसाली नाकुरी गांव की सुश्री बछेंद्री पाल की ऐतिहासिक चढ़ाई के बाद से अब तक 13 सफल एवरेस्ट पर्वतारोहियों का समर्थन और प्रशिक्षण किया है। उत्तरकाशी के एक छोटे से गांव से दुनिया की सबसे ऊंची चोटी तक का उनका सफर उस साहस, अनुशासन और साहस की भावना को दर्शाता है जिसे हम बढ़ावा देना चाहते हैं। यह इस बात की एक शक्तिशाली याद दिलाता है कि दृढ़ता और उद्देश्य के साथ क्या हासिल किया जा सकता है।

# आरटीई के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई : डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे में शिक्षा का अधिकार अधिनियम का पालन न करने वाले शिक्षण संस्थानों पर ठोस कार्रवाई की जायेगी। इसके लिये सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने जनपदों में सभी निजी विद्यालयों से आरटीई के तहत होने वाले प्रवेश विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर महानिदेशालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही मुख्य शिक्षा अधिकारी अपने-अपने जनपदों में सरकारी स्कूलों के साथ ही निजी स्कूलों का निरीक्षण कर जरूरी मानकों पर खरा न उतरने वाले शिक्षण संस्थानों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज अपने शासकीय आवास पर शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुपालन को लेकर विभागीय समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी निजी शिक्षण संस्थानों को निर्धारित मानकों के अनुरूप अनिवार्य रूप से छात्र-छात्राओं को आरटीई के तहत प्रवेश देने होंगे।

जिसकी जिम्मेदारी जनपद स्तर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी व ब्लॉक स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारियों की होगी। डॉ. रावत ने कहा कि जिन शिक्षण संस्थानों में आरटीई के तहत छात्र-छात्राओं को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है ऐसे विद्यालयों को नोटिस जारी कर एनओसी निरस्त करने की कार्रवाही की जायेगी। इसके लिये जनपद स्तर पर विभागीय अधिकारियों को सभी निजी शिक्षण संस्थानों की समीक्षा के निर्देश दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिये मुख्य शिक्षा अधिकारी को सरकारी एवं निजी सभी विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध संसाधनों, मूलभूत सुविधाओं एवं शैक्षणिक स्टॉफ की स्थिति आदि की रिपोर्ट तैयार कर मानकों पर खरे न उतरने वाले विद्यालयों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दे दिये गये हैं। विभागीय मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से भी समय-समय पर निजी स्कूलों द्वारा आरटीई का पालन न करने की शिकायतें भी प्राप्त होती रहती हैं, साथ ही आयोग की तरफ से कई सुझाव भी प्राप्त हुये हैं। जिनको लागू करने के लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। आयोग ने आरटीई का अनुपालन न करने वाले निजी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की भी सिफारिश की है। जिस तहत विभागीय अधिकारियों को प्रदेशभर में आरटीई के अनुपालन की समीक्षा के निर्देश दे दिये गये हैं तथा अनुपालन न करने वाले निजी संस्थानों के विरूद्ध कार्रवाई को भी कहा गया है।

# हिंसा वाली जगह बनेगा थाना

## मलिक के बगीचे में आईजी ने किया थाने का भूमिपूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कभी हिंसा और तनाव का केंद्र रहा मलिक के बगीचे की जमीन अब एक नई पहचान की ओर अग्रसर है। 8 फरवरी 2024 को अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान भड़के बवाल और उसके बाद लगे कर्फ्यू के कारण चर्चा में आई इस जमीन पर अब बनभूलपुरा थाना बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। बुधवार को आईजी रिधिम अग्रवाल, एसएसपी पीएन मीणा व अन्य अधिकारियों ने भूमि पूजन के साथ नए थाने की नींव रख दी है। बता दें कि जिस जमीन पर नया थाना बन रहा है, उसी जमीन से पिछले वर्ष 8 फरवरी को हिंसा भड़की थी। कई मौतें हुई, कर्फ्यू लगा और बड़ी संख्या में आरोपियों को जेल भेजा गया। जिसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उक्त भूमि पर बनभूलपुरा थाना बनाने का एलान किया था। अब थाना बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसकी शुरुआत बुधवार को भूमि पूजन के साथ हुआ। आईजी कुमाऊ रिधिम अग्रवाल और एसएसपी पीएन मीणा के साथ एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितन लोहनी, थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने भूमि पूजन किया। जिसके बाद नींव खोदने का काम शुरू हुआ। आईजी रिधिम अग्रवाल ने जनता को यह संदेश दिया गया कि यह थाना पुलिसिंग को बेहतर करने, अपराध नियंत्रण, स्थानीय लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान करने, बाहरी या संदिग्ध व्यक्ति के आवागमन में भी पर्याप्त चेकिंग करते हुए एक मजबूत और सशक्त पुलिस व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से बनाया जा रह है। ताकि अराजक और उपद्रवी किस्म के तत्वों पर भी लगाम लगाई जा सके। इस थाने का निर्माण करीब 3 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार भवन को एक वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। भूमि पूजन कार्यक्रम में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ नितिन लोहनी, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, और एलआईयू के उप निरीक्षक आसिफ रजा समेत पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### 3 करोड़ 52 लाख रुपए से एक साल में बनकर तैयार होगा नया थाना



## निर्वस्त्र करने के प्रयास का आरोप

**अल्मोड़ा।** नगर के एक व्यक्ति से ब्याज के पैसों के लिए धमकाने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित ने एसएसपी, डीएम और सीएम से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। इधर, एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धारानौला निवासी प्रेम चंद्र नौटियाल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि निजी कारणों के चलते उन्होंने आरोपी विक्रम सिंह से 20 फीसदी मासिक ब्याज पर कर्ज लिया था। कहना है कि जमानत के तौर पर आरोपी ने तीन ब्लैंक चेक भी अपने पास रख लिए। वह प्रतिमाह 20 फीसदी ब्याज का भुगतान करता रहा। कुछ माह से आर्थिक स्थिति खराब होने से वह ब्याज की रकम नहीं दे पाया। आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि दुकान में बुलाकर बंद कमरे में मारपीट की और निर्वस्त्र करने का प्रयास किया। जिसके बाद पीड़ित ने एसएसपी, डीएम और सीएम को पत्र भेजकर मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की।

# शादी में जा रहे दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामनगर से काठगोदाम एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गए। बीती रात मंगलवार को नैनीताल रोड पर अनियंत्रित होकर बाइक एक पीपल के पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भीषण की था कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आनन फानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार पटकोट, रामनगर निवासी (25) रोहित कुमार रामनगर स्थित एक होटल में बतौर शैफ काम करता था। जबकि रतखाल, अल्मोड़ा निवासी (19) विवेक आर्या भी इसी होटल में काम करता था। बताया जाता है कि मंगलवार रात दोनों रामनगर से बाइक पर सवार होकर निकले थे। उन्हें काठगोदाम में आयोजित एक शादी समारोह में जाना था। बाइक सवार दोनों युवक देर रात हल्द्वानी पहुंचे। इस वक्त बारिश हो रही थी और युवक तेजी से काठगोदाम की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि नैनीताल रोड पर विशाल मेगा मार्ट के पास सड़क के लगभग बीच खड़े पीपल के पेड़ से बाइक टकरा गई। हादसे में रोहित और विवेक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना स्थल से गुजर रहे एक वाहन चालक ने हादसे की सूचना 112 नंबर पर दी। जिसके बाद आनन-फानन में भोटियापड़ाव पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को लेकर सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि जांच की जा रही है कि किन परिस्थितियों में यह हादसा हुआ।

### नैनीताल रोड पर दर्दनाक हादसा



# तेजस तिवारी का शतरंज में कमाल, तीसरा मुकाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती, और इसका जीवंत प्रमाण बने हैं दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 2 के छात्र तेजस तिवारी, जिन्होंने 19वीं उत्तराखंड राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के अंडर-13 वर्ग में तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय और परिजनों को गर्व से भर दिया। कम उम्र में यह उपलब्धि तेजस की प्रतिभा, समर्पण और खेल के प्रति उनके जुनून को दर्शाती है। खास बात यह है कि तेजस पहले भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ चुके हैं। उन्होंने अंडर-11 वर्ग में तीसरा और अंडर-9 वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। उनकी निरंतर उत्कृष्टता यह संकेत देती है कि वह भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का नाम रोशन करने की पूरी क्षमता रखते हैं। तेजस की इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक समित टिक्कू, प्रधानाचार्य प्रबलिन कौर, और अन्य शिक्षकों किशन तिवारी एवं नीरज साह ने छात्र को बधाई दी और कहा कि यह सफलता न केवल स्कूल के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा देने का कार्य करेगी। विद्यालय प्रशासन ने तेजस की उपलब्धि को शैक्षिक विकास के साथ-साथ सह-पाठ्य गतिविधियों में उत्कृष्टता की मिसाल बताया है। विद्यालय जल्द ही तेजस के लिए विशेष सम्मान समारोह का आयोजन भी करेगा।

# यूओयू को यूजीसी से मान्यता

## शोध और अनुदान के नए अवसरों को दिया जाएगा बढ़ावा: प्रो. नेगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। उत्तराखंड राज्य के लिए यह गर्व का क्षण है कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा यूजीसी अधि. नियम की धारा 12 (बी) के अंतर्गत मान्यता प्रदान कर दी गई है। इस मान्यता के साथ विश्वविद्यालय अब केंद्र सरकार, यूजीसी सहित अन्य राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से अनुसंधान परियोजनाओं, अनुदानों एवं शैक्षणिक सहयोग के लिए आवे. दन करने और भागीदारी के लिए पात्र हो गया है। यूजीसी की धारा 12(बी) के तहत मान्यता केवल उन्हीं विश्व. विद्यालयों को मिलती है, जो उच्च शिक्षा के मानकों, प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण माहौल को पूरी तरह स्थापित करते हैं। यह उपलब्धि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान क्षमताओं और नवाचार-उन्मुख दृष्टिकोण का प्रमाण मानी जा रही है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यूजीसी की धारा 12(बी) के तहत प्राप्त यह मान्यता विश्वविद्यालय की एक बड़ी उपलब्धि है। यह न केवल हमारे शिक्षण प्रयासों की पुष्टि है, बल्कि इससे दूरवर्ती, वंचित और कामकाजी वर्ग को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने के हमारे मिशन को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजनाओं में सहभागिता का अवसर मिलेगा। बता दें कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय जो राज्य का एकमात्र मुक्त एवं दूरवर्ती शिक्षा संस्थान है, ने हाल के वर्षों में डिजिटल शिक्षण, ई-लर्निंग, मूल्यपरक पाठ्यक्रमों और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के क्षेत्र में अनेक नवाचार किए हैं। यह मान्यता विश्वविद्यालय के लिए ही नहीं, बल्कि उत्तराखंड राज्य की उच्च शिक्षा प्रणाली के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने मिष्ठान वितरण कर एक-दूसरे को बधाई दी।



# कार बेची, फिर चोरी कर दूसरे शहर में बेच दी, धरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में चोरी का एक अजीबो गरीब मामला प्रकाश में आया। जहां पर एक युवक ने पहले अपनी कार बेची और फिर बाद में उस कार को चोरी कर उसे दूसरे शहर में बेच दी। जब पुलिस कार चोरी की जांच में जुटी और कार चोर को गिरफ्तार किया तो पुलिस भी हैरान रह गई। बनभूलपुरा पुलिस के अनुसार टनकपुर रोड, गौलागेट निवासी विकास जोहरी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 23 अप्रैल को उन्होंने अपनी सफेद रंग की कार टनकपुर रोड पर खड़ी की थी। 25 अप्रैल को जब वह कार लेने पहुंचे तो कार को गायब देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने कार चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने कार चोरी के मामले की जांच शुरू की और आस-पास क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो एक शातिर कार को ले जाता नजर आया। तलाश में जुटी पुलिस ने अल्मोड़ा निवासी आयुष पुत्र राजेंद्र सिंह भाकुनी को जजी कोर्ट के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने चोरी की बात कुबूल की। साथ ही बताया कि उसने यह कार विकास को बेची थी, लेकिन कार बेचने वक्त एक चाबी उसने अपने पास रख ली थी। उसी चाबी के जरिये उसने कार चोरी की और फिर रुद्रपुर में एक व्यक्ति को 56 हजार रुपए में बेच दी। इधर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# 188 लोगों का हुआ सत्यापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बिना सत्यापन के रहे रहे लोगों के खिलाफ पुलिस का सत्यापन अभियान बुधवार को भी जारी रहा। बुधवार को तीन सीओ की अगुवाई में पुलिस ने टीम ने एसएएबी व पीएसी के साथ मिलकर कई थानाक्षेत्रों में सत्यापन अभियान चलाया।

इस दौरान बिना सत्यापन के रह रहे लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्माना ठोंका, और मकान मालिकों को सख्त हिदायत दी कोई भी मकान मालिक बिना सत्यापन के किराए ना रखे। बता दें कि एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर पूरे जिले में सभी फड़, रेहड़ी, दुकानदार, किरायेदार, घरेलू कामगार, निर्माण कार्य में लगे मजदूरों और बाहरी व्यक्तियों का लगातार सघन सत्यापन किया जा रहा है। बुधवार को एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ नितिन लोहनी, सीओ सुमित पांडे और सीओ लालकुआं ने पुलिस टीम के साथ एसएसबी और पीएसी के साथ मिलकर हल्द्वानी, लालकुअ. ां, कालाढूंगी, बनभूलपुरा, मुखानी और चोरगलिया में सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान 188 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। 13 व्यकितयों पर सत्यापन न कराने पर पुलिस अधिनियम में चालानी कार्रवाई करते हुए 3250 रुपये का जुर्माना लगाया गया।



# हल्द्वानी में जमकर बरसे मेघ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार बुधवार सुबह हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में मौसम ने करवट ली और झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी। सुबह से ही जारी बारिश ने जहां शहरवासियों को राहत की सांस दी, वहीं कई इलाकों में जलभराव की स्थिति भी पैदा हो गई। सुबह करीब 11 बजे हल्द्वानी का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले दिनों के मुकाबले काफी कम था। बारिश के चलते वातावरण खुशनुमा हो गया और लोगों ने इस मौसम का भरपूर आनंद लिया। बच्चे और युवा सड़कों पर निकलकर बारिश में भीगते और खेलते नजर आए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बारिश की तस्वीरें और वीडियो साझा कर लोगों ने अपने जज्बात बयां किए। हालांकि, तेज बारिश ने शहर के कुछ हिस्सों में जलभराव की समस्या भी खड़ी कर दी। सड़कों पर चल रहे लोग बारिश से बचने के लिए दुकानों और बस स्टॉप जैसी सुरक्षित जगहों की शरण लेते दिखे। नगर निगम की ओर से जलनिकासी की व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।



# बढ़ते महिला अपराधों पर आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में महिलाओं के साथ छेड़खानी एवं बच्चियों के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर एकता जनसेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल के पदाधिकारियों ने एसपी सिटी प्रक. ाश चन्द्र से मुलाकात करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। बुधवार को एसपी सिटी को एकता जनसेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं के प्रति छेड़खानी एवं बलात्कार जैसी घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है वहीं छोटी-छोटी बच्चियों को अपने हवस का शिकार बनाकर उनकी जिंदगियां बर्बाद कर रहे है। और कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर मनचलो एवं गंदी सोच रखने वाले लोगों द्वारा बहन बेटियों को खुलेआम छेड़खानी करके उनको परेशान किया जा रहा है, ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा अगर इसमें शीघ्र ही अंकुश नहीं लगाया गया और आरोपियों को सख्त सजा नहीं दी गई तो राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं एकता फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल उग्र आंदोलन को बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में शिवम ठाकुर, लक्ष्मीनारायण, शशि गुप्ता, जीतू सागर, रोहित दिवाकर, मोहम्मद नबी, दीपा पांडे, शरीफ आदि मौजूद रहे।



## दो वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट में संबंधित अभियुक्तों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी के एसएसपी देवेंद्र पींचा ने सख्त निर्देश दिए है। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार मारपीट से संबंधित वारंटी अभियुक्त राकेश कुमार और पूनम निवासी गांव बेलक कफलनी लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे।

# बाघ एक्सप्रेस में मिली पोस्ट ऑफिस कर्मी की लाश

**हल्द्वानी।** पांच साल पहले एक हादसे में अपना एक पैर गवां चुके बरेली के पोस्ट ऑफिस कर्मी ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। उसका शव काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर खड़ी बाघ एक्सप्रेस के दिव्यांग कोच से बरामद हुआ। हालांकि मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सामने आएगी। जीआरपी पुलिस के अनुसार शास्त्रीनगर बरेली उत्तर प्रदेश निवासी भानु प्रताप बरेली पोस्ट ऑफिस में तैनात थे। बीते मंगलवार को जीआरपी ने बाघ एक्सप्रेस के दिव्यांग कोच से भानु का शव बरामद किया। तलाशी में उनकी जेब से आधार कार्ड, मोबाइल और सल्फास की शीशी बरामद हुई। आधार कार्ड के जरिये जीआरपी ने परिजनों से संपर्क साधा और भानु को अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर हल्द्वानी पहुंचे मृतक भानु के परिजनों ने जीआरपी पुलिस को बताया कि पांच साल पहले भानु सड़क हादसे का शिकार हो गए थे और उनका एक पैर काटना पड़ा। पिछले कुछ समय से वह मानसिक तनाव में थे और ड्यूटी भी नहीं जा रहे थे। वह अक्सर ट्रेन में सवार होकर कहीं भी निकल जाते थे। जीआरपी थानाध्यक्ष नरेश कोहली ने बताया कि बीते मंगलवार को बाघ एक्सप्रेस ट्रेन काठगोदाम देरी से पहुंची। रूटीन चेकिंग के दौरान टीम ने ट्रेन के दिव्यांग कोच में एक व्यक्ति को बेसुध पाया गया और उन्हें तुरंत अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# कालूसिद्ध मंदिर में 6 से 8 जून तक होगी प्राण प्रतिष्ठा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऐतिहासिक कालू सिद्ध मंदिर के नव-निर्मित भवन में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 6 से 8 जून तक किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन को लेकर मंदिर समिति की ओर से बुधवार को नगर आयुक्त ऋचा सिंह के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और नगर निगम से अपेक्षित सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। गौरतलब है कि कालूसिद्ध मंदिर सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत प्रभावित हुआ था, जिसके चलते मंदिर को स्थानांतरित करना पड़ा। अब मंदिर समिति द्वारा नए स्थान पर मंदिर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है और सभी देवी-देवताओं की मूर्तियाँ भी स्थापित करने के लिए प्राप्त हो चुकी हैं। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त को अवगत कराया कि 6 से 8 जून तक चलने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सैकड़ों श्रद्धालुओं की सहभागिता की संभावना है, ऐसे में साफ-सफाई, पेयजल, ट्रैफिक व्यवस्था और बिजली आदि की उचित व्यवस्था जरूरी है। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने मंदिर समिति को विश्वास दिलाया कि नगर निगम की ओर से हर संभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल के आसपास की सफाई व्यवस्था, ट्रैफिक कंट्रोल, और बुनियादी सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। प्राण प्रतिष्ठा जैसे धार्मिक अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति और प्रशासन मिलकर समन्वित प्रयास कर रहे हैं। मंदिर समिति ने आम जनता से अपील की है कि वे कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक परंपरा को सजीव बनाए रखें।

### नगर आयुक्त से व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा



**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालय : 'उज्जवल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, दूरभाष संख्या: 0135- 2763808 फैक्स नं0: 0135-2763508

सी.आई.एन. सं0 - U40101UR2001SGC025866, वैबसाईट: Website: www.ujvnl.com

पत्रांक : 374 **निविदा सूचना** दिनांक : 28.05.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), खोदरी पावर स्टेशन, डाकपत्थर (देहरादून), द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

**निविदा सं0: 02/अ0अ0(उत्पा0)/खोदरी/2025-26: खोदरी विद्युतगृह में विभिन्न अग्निशमन यंत्रों (एबीसी एवं बीसी प्रकार) की रिफिलिंग।**

**अनुमानित लागत:** रू0 5,01,540/-जीएसटी अतिरिक्त,

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 29.05.2025, 10:00 बजे

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 18.06.2025,16:00 बजे तक।

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरुंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTTHIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कार्य बहिष्कार पर रहे लेखपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर गए लेखपालों का धरना दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। कल यानि आज गुरुवार को लेखपालों के कार्य बहिष्कार का अंतिम दिन है और अब लेखपाल आखिरी रणनीति बनाने में जुट गए। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि अगर उनकी मांगें पूरी न हुई तो वह अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। बता दें कि बीते मंगलवार से लेखपाल अपनी मांगों को लेकर तीन दिवसीय कार्य बहिष्कार पर हैं। बुधवार को लेखपाल संघ के बैनर तले हल्द्वानी, लालकुआं, कालाढूंगी और रामनगर तहसील के लेखपाल एक बार फिर हल्द्वानी तहसील में जमा हुए और से अपनी मांगों को मनवाने के लिए राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी। लेखपालों का कहना है कि उन्हें अंश निर्धारण का काम तो दे दिया गया, लेकिन संसाधन नहीं दिए गए। पुराना रिकार्ड तक उपलब्ध नहीं है। उनका कहना था कि अंश निर्धारण के लिए उन्हें पुराने दस्तावेजों के साथ लैपटॉप और इंटरनेट चाहिए और इसके बगैर काम को अंजाम तक नहीं पहुंचाया जा सकता। साथ ही तय किया गया कि यदि कार्य बहिष्कार के अंतिम दिन भी राज्य सरकार उनकी मांगों पर गौर नहीं करती तो वह नए सिरे से आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे। इस मौके पर ताराचंद्र घिल्डियाल, जितेंद्र मिश्रा, आशुतोष चंद्र, मनोज रावत, अरुण, संजय, डीएस पंचपाल, सुनीता, दीक्षा मेहता, रंजना आर्या, गोपाल बिष्ट, लक्ष्मी नारायण यादव, दीपक नेगी, गोविंद अधिकारी, राहुल आर्या, फैजान खान, मनोज कुमार आदि थे।

**कार्यालय- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)**

पत्रांक:- 1387/नि0अनु0/ना0सफ0/2025-26 दिनांक: 28/5/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य की सील बन्द निविदा दिनांक 06.06.2025 को अपराहन 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.06.2025 से 05.06.2025 को अपराहन 04:00 तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दिनांक 06.06.2025 को सायं 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क + 18% GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम कोटद्वार क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0 1, 5, 6, 8, 10, 11, 12, 13, 15 तथा 16 में नाला सफाई कार्य। | 38,000.00 | 1500+270 | 15 दिन | 45 दिन | 'B' |
| 2 | नगर निगम कोटद्वार क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0 21, 22, 23, 24, 25, 29, 30 तथा 31 में नाला सफाई कार्य। | 32,100.00 | 1500+270 | 15 दिन | 45 दिन | 'B' |
| 3 | नगर निगम कोटद्वार क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0 34 से 38 तथा 40 में नाला सफाई कार्य। | 30,500.00 | 1500+270 | 15 दिन | 45 दिन | 'B' |

**सहायक नगर आयुक्त**
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।

**उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर) 18 ई0सी0 रोड, देहरादून
दूरभाष: 2652916 कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UR2001SGC025867

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिए 'क' श्रेणी के लाईसेन्स धारक, वैध जी.एस.टी, ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी. के अन्तर्गत पंजीकृत, आयकर पैन कार्ड धारक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागो में (प्रथम भाग में निविदा धरोहर धनराशि संबंधी घोषणा पत्र, नियम एवं शर्ते, उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत 'ए' क्लास लाईसेंस की प्रतिलिपि, जी.एस.टी पंजीकरण, पैनकार्ड आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम छः माह तक वैध हो) दिनांक **20.06.2025** को 14.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसका प्रथम भाग उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी द्वारा सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिक्स में वैध जी.एस.टी. धारक के द्वारा दिनांक **19.06.2025** (14:00 बजे) तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा प्रपत्र का मूल्य नगद (अप्रतिदेय) जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। बिना निविदा धरोहर धनराशि व अन्य संबधित घोषणा पत्र के निविदा भाग-2 नहीं खोली जायेंगी। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने/अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर होने पर अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं। विस्तृत नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित है।

**निविदा संख्या 02/EDD(N)/2025-26**, Work Maintenance & Repairing work of 33/11 KV Substation, Kunj Bhawan and Happy Valley (LBSNAA) Mussoorie की **धरोहर राशि रू0 30,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0. 500.00. G.S.T. Extra.**

पत्रांक: 2007/विवित्ख(उ)/ दिनांक: 28/05/2025 **अधिशासी अभियन्ता**

किसी भी विद्युत समस्या के लिए सम्पर्क करें टोल फ्रि नं0 18004190406 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

**खेल विशेष**

## धीमे ओवर गति के लिए पंत पर लगा 30 लाख का जुमार्ना

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत पर धीमी ओवर गति के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ऋषभ पंत का आईपीएल के इस सत्र में यह तीसरा अपराध है। आईपीएल के नये नियमों के तहत पंत पर प्रतिबंध लगाने की बजाए उन पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान मैच में खेलने वाले सभी खिलाड़ियों में से प्रत्येक पर या तो 12 लाख रुपये या उनके मैच शुल्क का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) जुर्माना लगाया गया। मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ हुए मैच में धीमे ओवर रेट के लिए पंत पर यह जुर्माना लगाया गया है। इस मैच में पंत ने 61 गेंदों में (नाबाद 118) रन की पारी खेलते हुए तीन विकेट पर 227 रन तक पहुंचाया। आरस.ीबी ने जितेश (नाबाद 85) और कोहली (54) की शानदार पारियों की बदौलत यह लक्ष्य आठ गेंद शेष रहते हासिल कर लिया था।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में अर्जेंटीना को रौंदा

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में नियमित समय में स्कोर 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूटाआउट में मेजबान अर्जेंटीना को 2-0 से हराया। यहां खेले गए मुकाबले में भारत के लिए कनिका ने (44वें) मिनट में एकमात्र गोल किया, जबकि लालरिनपुई और लालथंतलुंगी ने शूटआउट में गोल दाग कर टीम की जीत सुनिश्चित की। अर्जेंटीना की डेल वैले ने (10वें) मिनट पहले क्वार्टर में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर में कनिका के 44वें मिनट से गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर लाकर टीम को मुक.ाबले में वापस ला दिया। निर्धारित समय में स्कोर बराबरी पर रहने पर मैच में परिणाम के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया।


# पंजाब-आरसीबी की नजर फाइनल पर




● हेजलवुड और डेविड की वापसी से आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण मजबूती देगा और पंजाब को हराने में सहायक होगी

**चंडीगढ़, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 क्वालीफायर वन मुकाबले से पहले आरसीबी जॉश हेजलवुड और टिम डेविड की वापसी से उत्साहित है और टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के लिए मैदान में उतरेगी। वहीं पंजाब किंग्स अपनी मजबूत बल्लेबाजी लय और घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर फाइनल में पहुंचना चाहेगी। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को होने वाले यह मुक.ाबला जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। प्लेऑफ में हमेशा मुकाबला आक्रामक होता रहा है। हेजलवुड और डेविड की वापसी से आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण मजबूती देगा और फिनिशिंग पावर पंजाब किंग्स की मजबूत टीम को हराने सहायक होगी। आईपीएल के इस सत्र में आरसीबी के लिए 10 मैचों में 18 विकेट लेने वाले हेजलवुड का तेज गेंदबाजी आक्रमण, अनुभव, अनुशासन और नियंत्रण उनकी क्षमता को बेहतरीन बनाता हैं। बीच के ओवरों में उनकी रन रोकने और महत्वपूर्ण विकेट लेने की क्षमता पंजाब की गहरी बल्लेबाजी लाइन.अप को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हेजलवुड के साथ, अनुभवी भारतीय खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल पांड्या की ऑलराउंड क्षमता आक्रमण में और गहराई और विविधता जोड़ती है। टिम डेविड डेथ ओवरों में बड़े शॉट लगाकर मैच फिनिशिंग के लिए जाने जाते है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की बल्लेबाजी में विराट कोहली अहम भूमिाक निभा रहे हैं। उन्होंने अब तक पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 60-20 की औसत से 600 से अधिक रन बनाए हैं और लगातार अच्छी बल्लेबाजी ने आरसीबी को मजबूत स्थिति में रखा है। फिल साल्ट शीर्ष पर तेज शुरुआत प्रदान करता है, जबकि रजत पाटीदार ने हाल ही में फिटनेस संबंधी परेशानियों के बावजूद 140 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से महत्वपूर्ण रन बनाए हैं। मयंक अग्रवाल और रोमारियो शेफर्ड का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा है। पंजाब किंग्स को कम तर नहीं आंका जा सकता है। टीम ने 14 मैचों में से नौ जीत के साथ लीग स्टैंडिंग में शीर्ष पर रही। उनकी बल्लेबाजी संतुलित और लचीली है। उसके पास प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की धाकड़ सलामी जोड़ी है। यह जोड़ी टीम की मजबूत नींव रखने में मददगार रही है। वहीं कप्तान श्रेयस अय्यर ने मध्य क्रम में 172 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 500 से अधिक रन बनाए हैं। मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस और शशांक सिंह के अंतिम ओवरों में योगदान ने अक्सर पंजाब के पक्ष में मैच पलटा है। गेंदबाजी की बात की जाए तो अर्शदीप सिंह पंजाब किंग्स की अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में 18 विकेट लिए है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण तेज गेंदबाज मार्को जेनसन की अनुपस्थिति एक चुनौती है। काइल जैमीसन से अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने की उम्मीद है, हालांकि उनकी इकॉनमी रेट टीम के लिए लचता का विषय रही है। युजवेंद्र चहल की स्पिन टीम को बीच के ओवरों में रन रोकने और विकेट लेने की क्षमता दिखाती। मुल्लांपुर की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल होने की उम्मीद है, जिसमें पहली पारी का औसत स्कोर 170 के आसपास रह सकता। कुल मिलाकर देखा जाए तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलरु और पंजाब किंग्स की टीमें संतुलित दिख रही हैं ऐसे में हेजलवुड और टिम डेविड की वापसी आरसीबी के बोनस साबित हो सकता है।

## आईपीएल का फाइनल सशस्त्र बलों को समर्पित करना सराहनीय कदम: गंभीर



■ सशस्त्र बलों को समर्पित किया गया कोई भी कार्य को हमारा पूर्ण समर्थन है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल मुकाबले को सशस्त्र बलों को समर्पित करना वास्तव में 'अविश्वनीय' सराहनीय कदम है और यह हमारी राष्ट्रीय एकता को दर्शाता है। गंभीर ने संवाददाता सम्मेलन से कहा कि मैं अक्सर कई मामलों में बीसीसीआई की आला.ेचना करता रहा हूं, लेकिन यह पहल वास्तव में सराहनीय है। सशस्त्र बलों को समर्पित किया गया कोई भी कार्य को हमारा पूर्ण समर्थन है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। यह दर्शाता है कि पूरा देश एकजुट है और हमारे सशस्त्र बलों को सलाम कर रहा है। बिना किसी स्वार्थ के हमारी रक्षा करने के लिए मैं सशस्त्र बलों को श्रेय देता हूं। मुख्य कोच गंभीर ने कहा कि हमारे सैनिक बदले में कुछ भी अपेक्षा किए बिना हमारी सेवा करते हैं, सुरक्षा करते हैं और बलिदान देते हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल क्रिकेट संस्था के लिए बल्कि इससे भी अधिक वर्दीधारी बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए व्यापक सराहना

## यूनुस खान बनें पाकिस्तान के मुख्य टेस्ट कोच: वसीम अकरम



● पाकिस्तान के गेंदबाज ने कहा: यूनुस में लंबे प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपने वजूद की तलाश में है। हाल फिलहाल में इस टीम का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो हर्श हुआ है, वह किसी से छिपा नहीं है। एक के बाद एक टूर्नामेंट में पहले दौर से ही बाहर होने के बाद टीम और मैनेजमेंट स्तर पर कई बदलाव हुए। हालांकि, इसका फायदा नहीं मिला। कोच से लेकर खिलाड़ियों को हटाया गया, लेकिन फिर भी टीम के प्रदर्शन में सुधार नहीं है। हाल फिलहाल में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने माइक हेसन को सीमित ओवर क्रिकेट का मुख्य कोच नियुक्त किया था, जो गैरी कर्स्टन के जाने के बाद से खाली था। अब पीसीबी के सामने नए टेस्ट कोच को लाने की जिम्मेदारी है।

इसी कड़ी में पाकिस्तान के महान गेंदबाज वसीम अकरम ने एक नाम का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि यूनुस खान टेस्ट में पाकिस्तान के मुख्य कोच पद के लिए उपयुक्त हैं। अकरम ने कहा कि यूनुस में लंबे प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है। पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान ने कराची में एक कार्यक्रम में कहा, शमेरा मानना है कि यूनुस एक बहुत अच्छा विकल्प है। वह मेरी पसंद होगा लेकिन सब कुछ उसकी उपलब्धता और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की सोच पर निर्भर करता है। यूनुस इससे पहले 2021 में दो साल के लिए पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच नियुक्त हुए थे। उन्होंने हालांकि बोर्ड के कुछ अधिकारियों के साथ मतभेद के कारण छह महीने में ही इस्तीफा दे दिया था। तब तेज गेंदबाज हसन अली के साथ भी उनका विवाद हुआ। वह इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान की टीम से मेंटर के तौर पर जुड़े थे। टेस्ट कोच के पद के लिए मिस्बाह उल हक, अजहर महमूद और सकलैन मुश्ताक के नाम चर्चा में हैं, लेकिन वसीम ने अच्छी युवा टीम बनाने के लिए यूनुस का समर्थन किया। अकरम ने कहा, शमुझे लगता है कि यूनुस खिलाड़ियों की मानसिकता बदल सकते हैं और टेस्ट टीम में नयापन ला सकते हैं।

● बीसीसीआई का चौंकाने वाला फैसला ●

## पद से हटाए गए टी दिलीप, अब इंग्लैंड भी जाएंगे

● बोर्ड ने उन्हें फिर फील्डिंग कोच नियुक्त किया, घरेलू टेस्ट सीरीज और ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर हार बना कारण

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम के लिए यह महीना कुछ चौंकाने वाला रहा है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास ने दुनिया भर के फैंस को चौंका कर रख दिया। इसके बाद आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल नए टेस्ट कप्तान बनाए गए। हालांकि, यह सब घटनाएं पिछली दो टेस्ट सीरीज से जुड़ी हुई हैं। पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हार ने इस बदलाव को अंजाम दिया।

सिर्फ खिलाड़ी के स्तर पर बदलाव नहीं हुए, बल्कि टीम मैनेजमेंट में भी काफी उथल पुथल देखने को मिली थी। सहायक कोच अभिषेक नायर और फील्डिंग कोच टी दिलीप को पिछले महीने उनके पद से बर्खास्त किया गया। हालांकि, अब बीसीसीआई ने एक बार फिर सभी को चौंकाते हुए और अजीबोगरीब फैसला लेते हुए टी दिलीप को वापस बुलाया और उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। दरअसल, बीसीसीआई ने उपयुक्त विकल्प नहीं मिलने के बाद टी दिलीप को आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम के फील्डिंग कोच के रूप में फिर से नियुक्त करने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी में विजयी अभियान के बाद कोचिंग स्टाफ में फेरबदल किया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2024-25 बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के खराब प्रदर्शन के लिए नायर और दिलीप को दोषी मानते हुए उन पर गाज गिरी थी और बोर्ड ने पिछले महीने दोनों को हटाने का फैसला किया था। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, शदिलीप एक अच्छे कोच हैं जिन्होंने तीन साल (2021 से) से अधिक समय तक टीम के लिए अच्छा काम किया। वह इनमें से अधिकांश क्रिकेटरों को बहुत करीब से जानते हैं इसलिए उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ बड़ी सीरीज के लिए टीम में शामिल करना अच्छा ही होगा। बीसीसीआई नए फील्डिंग कोच के रूप में किसी विदेशी को लाने के लिए बहुत उत्सुक था, लेकिन बोर्ड निश्चत समय में ऐसा नहीं कर सका। दिलीप को हटाने के बाद सहायक कोच रेयान टेन डेशकाटे को फील्डिंग कोच की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई थी। सूत्र ने कहा कि इसलिए इस समय कोई नया नाम लाने का कोई मतलब नहीं है और दिलीप खिलाड़ियों के बीच भी बहुत लोकप्रिय हैं। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान दिलीप ने पहले कुछ लोकप्रिय सुझाव पेश किए थे, जिससे टीम में फील्डिंग का स्तर सुधरा भी था। इनमें मैच के दिन सर्वश्रेष्ठ फील्डर को पदक देना या उन पदकों को वितरित करने के लिए कुछ दिग्गज हस्तियों को लाना शामिल हैं।

नवनियुक्त टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और रिजर्व बल्लेबाज बी साई सुदर्शन छह जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के दूसरे चार दिवसीय मैच से चूक सकते हैं। ये दोनों गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं। अगर गुजरात की टीम तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाती है तो गिल और सुदर्शन दोनों के लिए मैच से पहले भारत ए में शामिल होना मुश्किल होगा। इसके अलावा उन्हें इंग्लैंड में अलग-अलग परिस्थितियों के हिसाब से जल्दी से जल्दी लाल गेंद के प्रारूप में ढलना होगा। भारत ए के कोच भारत के पूर्व खिलाड़ी ऋषिकेश कानितकर होंगे और उन्हें रेयान टेन डेशकाटे (बल्लेबाजी कोच) और ट्राय कूली (गेंदबाजी कोच) का साथ मिलेगा।

## जितेश ने खेली आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ पारी: टॉम मूडी

**लखनऊ, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कार्यवाहक कप्तान जितेश शर्मा ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अर्द्धशतकीय पारी के साथ टीम को न सिर्फ जीत दिलाई, बल्कि क्वालिफायर-1 में भी पहुंचा दिया। उनकी इस पारी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टाम मूडी को प्रभावित किया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए लीग चरण के आखिरी मुकाबले में आरसीबी के कार्यवाहक कप्तान जितेश ने 33 गेंदों पर नाबाद 85 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। मूडी ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, शमेरे लिए यह पारी आईपीएल के वर्तमान सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी है। हमने युवा और अनुभवी खिलाड़ियों की कुछ बेहतरीन पारियां देखी हैं, लेकिन यह पारी वाकई उल्लेखनीय है। प्लेयर ऑफ द मैच जितेश ने 33 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाए। उन्हें मयंक का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 23 गेंद पर नाबाद 41 रन की पारी में पांच चौके जड़े। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 45 गेंद में 107 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। मूडी ने आगे कहा कि परिस्थितियां पूरी तरह से प्रतिकूल थी लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया और मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने पूरी चतुराई से बल्लेबाजी की। वह जिस तरह से खेल रहे थे उसे देखकर लग रहा था कि वह इससे पहले भी कई बार ऐसा कर चुके हैं। आरसीबी की पारी के 12वें ओवर में विराट को.हली (54) के आउट होने के बाद जितेश क्रीज पर आए थे। तब आरसीबी का स्कोर चार विकेट पर 123 रन था।

# अमेरिका ने ओमान को नौ रनों से हराया

**विश्व कप लीग-2**




**अमेरिका, वार्ता।** साई तेजा एम (73), स्मित पटेल (41) और संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 40) की शानदार पारियों के बाद जसदीप सिंह और हरदीप सिंह (तीन-तीन विकेट) की बदौलत अमेरिका ने मंगलवार रात विश्व कप लीग दो के एकदिवसीय मुकाबले में ओमान को नौ रनों से शिकस्त दी। फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ मैदान पर खेले गए मुकाबले में ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमे.रिका के लिए स्मित पटेल और शयन जहांगीर की सलामी जोड़ी ने 69 रन जोड़े। 11वें ओवर में सुफयान महमूद ने शयन जहांगीर (37) को आउट कर ओमान को पहली सफलता दिलाई। 16वें ओवर में आमिर ने स्मित पटेल (41) को आउटकर अमेरिका को दूसरा झटका दिया। अमेरिका ने निर्धारित 50 ओवरों में कप्तान मोनांक पटेल(26), साई तेजा एम (73), हरमीत सिंह (33) और संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 40) आदि के योगदान से आठ विकेट पर 293 रनों का स्कोर खड़ा किया। ओमान की ओर से सुफयान महमूद ने तीन विकेट लिए। शकील अहमद आमिर कलीम को दो-दो विकेट मिले। समय श्रीवास्तव ने एक बल्लेबाज को आउट किया। अमे.रिका के 293 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में आमिर कलीम (पांच) का विकेट गवां दिया। इसके बाद मुजीबुउर अली ने कप्तान जतिंदर सिंह के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में जतिंदर सिंह (40) के रनआउट होने पर इस साझेदारी का अंत हुआ। तीसरे विकेट के रूप में मुजीबुउर (19) रन बनाकर आउट हुये। हम्माद मिर्जा ने (50)रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली। विनायक शुक्ला ने (46) और सुफयान महमूद (72) रनों की पारी खेली। आखिरी ओवरों में अमेरिकी गेंदबा.जों ने कसी हुई गेंदबाजी की। ओमान के बल्लेबाज निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 284 रन ही बना सके और उनकी टीम नौ रन से मुकाबला हार गई।

## भारत 44 साल बाद एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत 44 सालों के बाद अगले साल अहमदाबाद में होने वाली एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई भारोत्तोलन महासंघ (एडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत ने पिछली बार 1982 में नई दिल्ली में एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। वर्ष 2026 एक से 10 अप्रैल तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में एशियाई मंच पर भारतीय भारोत्तोलन के लिए एक ऐतिहासिक वापसी होगी। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 2024 में हुई एडब्ल्यूएफ कांग्रेस में इस चैंपियनशिप को गुजरात के गांधीनगर को आबंटित किया गया था। जिसका आयोजन स्थल अब बदलकर अहमदाबाद कर दिया गया है। यह अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा शुरू की गई नई भार श्रेणियों के तहत आयोजित होने वाली पहली एशियाई चैंपियनशिप भी होगी। इससे वैश्विक स्तर पर खेल के लिए एक नए युग की शुरुआत होगी। यह चैपियनशिप भारतीय भारोत्तोलकों की नई पीढ़ी को मंच प्रदान करेगी।

## पुरी समुद्र तट पर अवैध जल क्रीड़ा सुविधा ध्वस्त

**पुरी, वार्ता।** ओडिशा के पुरी जिला प्रशासन ने पुरी बीच के बलियापांडा इलाके में चल रही एक अवैध जल क्रीड़ा सुविधा को ध्वस्त कर दिया है। स्काई डाइव एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स नाम से चल रही यह सुविधा उचित प्राधिकरण या सुरक्षा उपायों के बिना पर्यटकों को स्पीडबोट की सवारी और स्काईडाइविंग का अनुभव प्रदान कर रही थी। यह कार्रवाई पिछले शनिवार को एक स्पीडबोट पलटने से हुयी दुर्घटना के बाद की गई क्योंकि इस दुर्घटना में सभी यात्री समुद्र में गिर गए थे। इन यात्रियों में क्रिकेटर सौरव गांगुली के भाई स्नेहाशीष गांगुली और उनकी पत्नी अर्पिता




# विराट ने रचा इतिहास

● टी-20 में 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज वार्नर को पछाड़ा

**लखनऊ, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह टी-20 में किसी एक टीम की तरफ से खेलते हुए 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। किंग कोहली ने इस मुकाबले में 24 रन बनाते ही टी-20 में 9004' रन बना लिए। कोहली ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 2008 में आरसीबी के साथ की थी, तब से वह इसी टीम का हिस्सा हैं। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में उनका बल्ला जमकर गरजा और वह 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। लखनऊ के खिलाफ उन्होंने 27 गेंदों में सत्र का आठवां अर्द्धशतक जड़ा। वह 30 गेंदों में 10 चौके की मदद से 54 रन बनाकर आउट हुए। को.हली इसके साथ ही आईपीएल में सर्वाधिक अर्द्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। लखनऊ के खिलाफ पचासा जड़ते ही वह इस मामले में डेविड वार्नर से आगे निकल गए। इससे पहले कोहली और वार्नर संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। इन दोनों बल्लेबाजों के नाम आईपीएल में 62 अर्द्धशतक लगाने का रिकार्ड दर्ज था। हालांकि, अब कोहली के नाम 63 अर्द्धशतक हो गए हैं। रोहित शर्मा तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने आईपीएल में 46 अर्द्धशतक लगाए हैं। एक सीजन में सबसे ज्यादा अर्द्धशतकीय पारी खेलने के मामले में यह कोहली का तीसरा सफल सीजन है। उन्होंने 2016 में 11 और 2023 में आठ पचासे लगाए थे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड हुई रवाना

■ भारतीय महिला टीम आठ जून तक नीदरलैंड के एम्सटर्डम में अभ्यास करेंगी




फाइल फोटो

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम का 24 सदस्यीय दल कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में 28 मई से शुरु हो रही एफआईएच प्रो लीग यूरोपीय चरण के लिए बुधवार को यहां से नीदरलैंड के लिए रवाना हो गई।

हॉकी इंडिया की आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय महिला टीम आठ जून तक नीदरलैंड के एम्सटर्डम में अभ्यास करेगी। उसके बाद टीम लंदन जाएगी, जहाँ उसे ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना के खिलाफ अपने पहले चार मैच खेलने हैं। भारतीय महिला टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम से भिड़ेगी, उसके बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना की महिला टीम से मैच खेलेगा। इसके बाद, टीम 19 जून को एंटवर्प जाएगी, जहाँ उसे बेल्जियम की राष्ट्रीय टीम के खिलाफ 21 और 22 जून को अपने अगले दो मैच खेलने है। भारतीय टीम 28 और 29 जून को जर्मनी के बर्लिन में चीन के खिलाफ दो मैचों के साथ यूरोपीय चरण का समापन करेंगी। नीदरलैंड रवाना होने से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि हमारे लिए एफआईएच प्रो लीग का एक बहुत ही महत्वपूर्ण चरण है, क्योंकि हम चार बहुत मजबूत टीमों से मुकाबला होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने मैचों से पहले एम्सटर्डम में अपनी रणनीति को और बेहतर बनाएंगे।

## सीपीएल का दूसरा संस्करण 31 मई से होगा शुरू

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात के अहमदाबाद में क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीपीएल) का दूसरा संस्करण 31 मई से शुरु होगा। चिरिपाल ग्रुप के प्रमोटर और सीपीएल के सह-संस्थापक रोनक चिरिपाल ने बुधवार को यहां यूनीवार्ता को बताया कि सीपीएल 2025 गुजरात की क्रिकेट खेलने की भावना को जागृत कर सके और सच्ची प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने का एक प्रमुख मंच बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में लिया गया दूसरा दृढ़ कदम है। क्रिकेट प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण एसजी हाईवे पर, निरमा यूनिवर्सिटी के सामने स्थित एसजीवीपी ग्राउंड्स में 31 मई से 14 जून, 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिरिपाल ग्रुप की प्रमुख पहल, सीपीएल का आयोजन करने का मिशन शीर्ष रणजी ट्रॉफी खिलाड़ियों और उभरती हुई स्थानीय प्रतिभाओं को एक संगठित, प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करके गुजरात के घरेलू क्रिकेट के परिदृश्य को नए स्तर पर ले जाना है।

### उद्यम स्थापना के तहत ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

# डीएम व सीडीओ ने किया रीप परियोजना कार्यों का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/भगवानपुर।** मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों के क्रम में, जनपद हरिद्वार के समस्त विकासखंडों में अल्ट्रा पूवर सपोर्ट, एंटरप्राइजेज (फॉर्म एवं नॉन फॉर्म) और सीबीओ लेवल के एंटरप्राइजेज की स्थापना की गई है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा बुद्धवार को ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के अंतर्गत भगवानपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत अमानतगढ़ और ग्राम पंचायत बुग्गावाला में किए गए कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उद्यमों की प्रगति का आँकलन व भौतिक प्रगति की मौके पर ही समीक्षा की। निरीक्षण की शुरुआत ग्राम पंचायत अमानतगढ़ में ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के अंतर्गत पशुपालन विभाग उत्तराखंड के सहयोग से स्थापित बकरी प्रजनन केंद्र के भ्रमण से हुई। जिलाधिकारी और मुख्य



विकास अधिकारी महोदया को जिला परियोजना प्रबंधक, ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना संजय सक्सेना और मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, श्री डी. के. चंद्र द्वारा केंद्र के उद्देश्यों, संभावित लाभों और भविष्य में इसके संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। श्री सक्सेना ने बताया कि केंद्र की लागत, बकरियों की क्षमता, उनकी प्रजाति और बच्चों के विपणन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। इस केंद्र की विशेष पहचान चार प्रकार की बकरी नस्लों का उत्पादन करना है। पहले चरण में राजस्थान की जाखराना ब्रीड लाई गई है, जिसका औसत दैनिक दुग्ध उत्पादन 3 से 4 लीटर है। यहां उत्पन्न होने वाले उच्च नस्ल के बकरी का विपणन जिले के बकरी पालकों को उचित दाम पर किया जाएगा, जिससे जनपद में बकरी उत्पादन और दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जो भविष्य में वैल्यू एडिशन के माध्यम से कन्फेक्शनरी और अन्य उत्पादों के उत्पादन का मार्ग प्रशस्त करेगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसान एवम् पशु पालकों को जनपद के मौसम के अनुकूल बकरी की नस्लें उपलब्ध कराई जाएं जोकि यहां के वातारण में जीवित रहने के साथ ही सही से फलखफूल सकें ताकि किसानों की आय के लिए एक अच्छा संसाधन मिल सके। तत्पश्चात, जिलाधिकारी कमेन्द्र सिंह और मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने प्रकाशमय सीएलएफ, बुग्गावाला सीएलएफ कार्यालय का दौरा किया, जहां प्रकाशमय सीएलएफ के बीओडी सदस्यों ने जिलाधिकारी महोदय और मुख्य विकास अधिकारी महोदया का गर्मजोशी से स्वागत किया। बीओडी सदस्यों ने कार्यालय में स्थापित आलू प्रसंस्करण इकाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसमें आलू के चिप्स और आटा बनाया जाएगा। इस इकाई की स्थापना महिलाओं द्वारा स्थानीय आलू किसानों को उचित मूल्य न मिलने की समस्या के समाधान के लिए की गई है, और इसके उत्पादों के विपणन की योजना भी पहले से ही तैयार है। इकाई का पूरा प्रबंधन निदेशक मण्डल द्वारा किया जाएगा, और इसके संचालन हेतु एक विशेषज्ञ को नियुक्त किया जाएगा जो गुणवत्ता और उत्पादन पर तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। निरीक्षण के दौरान, महिलाओं ने बिजली कनेक्शन संबंध ी समस्या से अवगत कराया, जिसके त्वरित निस्तारण हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने मार्गदर्शित करते हुए कहा कि आपके प्रोडक्ट की क्वालिटी और टेस्ट जितना अच्छा होगा, सामान की डिमांड उतनी ही अच्छी होगी क्योंकि अच्छे प्रोडक्ट को मार्केट की नहीं बल्कि मार्केट को अच्छे प्रोडक्ट की आवश्यकता होती है। उन्होंने रीप के अधिकारियों को समूह को नियमानुसार सभी सुविधाएं 7मुहैया कराने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश, जिला सूचना अधिकारी अहमद नदीम, रीप परियोजना के जिला स्तरीय स्टाफ, खंड विकास अधिकारी भगवानपुर आलोक गर्ग, रीप और एनआरएलएम विकासखंड स्टाफ, सीएलएफ स्टाफ, और अन्य रेखीय विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। परियोजना निदेशक रीप ने बताया कि यह निरीक्षण जनपद हरिद्वार में ग्रामीण सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे ठोस प्रयासों को उजागर करता है, जिससे स्थानीय किसानों और महिला उद्यमियों को सीधा लाभ मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## शांति भंग में दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंग नहर पुलिस द्वारा शांति भंग करने पर 2 अभियुक्तगणों को किया गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 27.05.2025 को उपनिरीक्षक पंकज कुमार मय हेड कांस्टेबल लखपत सिंह, कांस्टेबल भूपेंद्र द्वारा दौराने शांति व्यवस्था ड्यूटी, शांति भंग करने के आरोप में 1.श्यामलाल पुत्र पीतांबर सिंह निवासी शक्ति विहार कॉलोनी कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार 2-नवनीत पुत्र सुरेंद्र निवासी शक्ति विहार कॉलोनी कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार को सम्बन्धित अन्तर्गत धारा 170 मे गिरफ्तार किया गया। अभि0 को बाद मेडिकल परीक्षण के ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट रुड़की के समक्ष पेश किया जाएगा।

## फर्नीचर कारोबारी से मारपीट के मामले में आरोपी के पिता की गिरफ्तारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली पुलिस ने चंद्रपुरी में फर्नीचर स्वामी को सड़क पर गिराकर लाठी डंडो से पीट कर गंभीर रूप से घायल करने वाले तीसरे मुख्य आरोपी को गंगनहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी पर भी 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था

रुड़की कोतवाली गंग नहर क्षेत्र निवासी पुनीत सैनी और उनके मित्र अमित के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी थी। मामले में पीड़ित के पिता अमरीक सिंह की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। तीनों आरोपियों पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। इस मामले में पुलिस ने हमला करने वाले तीन आरोपियों में से दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है और अब तीसरे मुख्य आरोपी जितेंद्र सैनी पुत्र स्व. बलराम सैनी निवासी चावमंडी रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी,वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय शाह, उप निरीक्षक प्रवीण बिष्ट और कांस्टेबल रणवीर शामिल रहे।

### बीएसएम बीएड कॉलेज में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

## मोबाइल-लैपटॉप से बढ़ रही आंखों की समस्याएं: मनोहर लाल शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम बी.एड.कॉलेज रुड़की में आई-क्यू सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रूड़की के द्वारा निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री एडवोकेट मनोहर लाल शर्मा, बीएसएम शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष एडवोकेट ममतेश शर्मा, बीएसएम शिक्षण संस्थान के निदेशक रजनीश कुमार शर्मा के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

जानकारी के अनुसार आई-क्यू सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रूड़की से आए हुए डॉक्टर निमिषा अग्रवाल, अरविंद शर्मा, अनिता, नेहा, पारूल, शौकत अली ने बी.एड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्रों की आंखों की निशुल्क जांच करवाई गई। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष ने कहा कि आंखें मानव शरीर का अभिन्न अंग हैं वर्तमान समय में मोबाइल टीवी लैपटॉप आदि के अधिकाधिक




प्रयोग से आंखों से संबंधित समस्याएं सामान्य हो गई अत: उनकी देख रेख एवं इनका ध्यान रखना अति आवश्यक हो गया है उन्होंने अंत में आई-क्यू की टीम, प्राचार्या डॉ.ममता जोशी जी एवं समस्त शिक्षक गणों को धन्यवाद दिया कि इस तरह के कार्यक्रम महाविद्यालय में आयोजित करने के लिए अंत में बी.एड. की प्राचार्या जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समय समय पर आंखों की जांच करवाते रहना चाहिए।

इस अवसर पर बीएसएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन श्री अजय कौशिक जी ,बीएसएम लॉ कॉलेज की प्राचार्या डॉ अर्चना शर्मा जी बी. एड.विभाग से डॉ सुमति श्रीवास्तव, निमिषा सैनी, सोनिया सैनी, डॉ संगीता सैनी, अमित कुमार, अविनाश कुमार, भारत चन्द एवं नवजोत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संपत्ति के झगड़े में उलझ रहे लोगों को पुलिस ने कोतवाली से खदेड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** संपत्ति के झगड़े में उलझ रहे दो पक्षों के लोगों को हंगामा करने पर पुलिस ने कोतवाली से खदेड़ दिया। इसके बाद दोनों पक्ष वहां से चुपचाप निकल लिए। पुलिस ने दोनों पक्षों को माहौल खराब करने पर कड़ी कार्रवाई के लिए चेताया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुरी में दो पक्षों में एक संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि कागजातों में हेराफेरी कर संपत्ति को दूसरे व्यक्ति के नाम पर बैनामा कराया गया है। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में पहले तो बातचीत हुई लेकिन मामला नहीं सुलझ पाया। इसके बाद दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर कोतवाली पहुंच गए। मंगलवार को जब दोनों पक्षों का दोपहर के वक्त संपत्ति विवाद में आमना-सामना हुआ तो दोनों एक-दूसरे से उलझ पड़े और कोतवाली में हंगामा करने लगे। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से माहौल खराब होता देखा तो उन्हें कोतवाली से बाहर कर दिया। पुलिस का सख्त रूप देख दोनों पक्ष वहां से चुपचाप निकल गए। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि संपत्ति की खरीद-फरोख्त को लेकर दो पक्षों में विवाद की बात सामने आ रही है। दोनों पक्षों को शांतिपूर्वक मामला निपटाने की हिदायत दी है। यदि किसी पक्ष ने माहौल खराब किया तो कार्रवाई की जाएगी। एक पक्ष की ओर से मिली तहरीर पर भी पुलिस जांच कर रही है।

## 54 पव्वे अवैध शराब के साथ एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने अवैध शराब के 54 पव्वो के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया हैं।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रहमतपुर में वेडिंग पॉइंट के पास से अवैध देशी शराब के 54 पव्वो के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विनोद उर्फ भोला निवासी रहमतपुर बताया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर किया गया हैं।टीम में एएसआई राम अवतार, जमशेद अली,विक्रम सिंह शामिल रहे।

## बाइक सवार महिला के गले से चैन झपटकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बुधवार को सुबह-सुबह एक स्कूटर सवार दंपति से दो बाइक सवार बदमाश चैन झपटकर फरार हो गए। पहले परिजन काफी तलाश किया बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस ने चौन स्नेचरो को तलाश में जुट गई लेकिन घटना सीसीटीवी में कैद हो गई पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है ।

जानकारी के अनुसार सुबह के समय जैन दम्पत्ति अपनी स्कूटी द्वारा, पूजा के लिए रूड़की के मोहल्ला कानून गोयान स्थित जैन मंदिर मे आऐ तो दो बदमाश जो उनके पीछे पीछे आऐ और मौका पाकर महिला के गले से सोने कि चेन खींच कर तोड़ी और लेकर भाग गए। दोस्तो इस विडिओ को अधिक से अधिक शेयर करे ताकी ये बदमाश जल्द से जल्द पुलिस कि पकड़ मे हो और पुलिस इनकी खातिर तवाजो कर के सलाखो के पीछे भेज दे , ये लोग समाज मे रहने लायक नही है।

## गंगनहर पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** न्यायालय के आदेशानुसार 01 वारंटी को कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया कि अभियुक्त को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार द्वारा न्यायालय द्वारा जारी आदेशिकाओं को शतप्रतिशत तामील करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक महोदय द्वारा टीम गठित की गई। जिसमें थाना हाजा से उप निरीक्षक प्रवीण बिष्ट, कांस्टेबल रणवीर सिंह, कांस्टेबल मनमोहन अंदर क्षेत्र छठॅ तामील में रवाना थे। दिनांक28/05/25 को अभियुक्त सुनील पुत्र बलवंत निवासी नंद विहार कॉलोनी रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार के मस्कन पर दबिश दी गई तो अभियुक्त सुनील अपने मस्कन पर मौजूद मिला जिनका नाम पता तस्दीक कर माननीय न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र दिखाकर व बताकर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। अभियुक्त सुनील पुत्र बलवंत पर धारा 323/504/ 506 भादवी में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**आवश्यक सूचना**

**मंगलौर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**फिरोज खान**

(संवाददाता मंगलौर)

**मो. नं०** 9368483651

कार्यालय : आनंद मार्केट, मलानपुरा मंगलौर।

## पत्नी व बच्चों को ससुराल लेने पहुंचे युवक को सालों ने पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दंपती के मनमुटाव में पत्नी और बच्चों को ससुराल लेने गए युवक को सालों ने पीटकर घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद पीड़ित ने अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। मौके पर चेतककर्मियों को भेजा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दंपती के मनमुटाव में पत्नी और बच्चों को ससुराल लेने गए युवक की सालों ने पिटाई कर दी। गंगनहर कोतवाली को पुहाना थाना भगवानपुर निवासी इकखाक ने बताया कि उसकी शादी इस्लामनगर में हुई है। दस दिन पूर्व पत्नी से पारिवारिक विवाद को लेकर मनमुटाव हो गया था। इसके बाद बच्चे और पत्नी ससुराल से मायके आ गए थे। मंगलवार को मनमुटाव कम होने पर वह अपनी पत्नी और बच्चों को ससुराल लेने गया था। तभी सालों ने पीटकर उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़ित ने परिजनों को मारपीट की सूचना दी। इसके बाद पीड़ित पक्ष के लोग भी इस्लामनगर पहुंचे और वहां से घायल को लेकर कोतवाली पहुंचे। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि दंपती में मनमुटाव चल आ रहा है। मंगलवार को पति अपनी पत्नी और दो बच्चों को ससुराल लेने पहुंचा था। यहां ससुराल पक्ष के लोगों से विवाद होने पर मारपीट हुई है। तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। चेतककर्मियों को भी जानकारी जुटाने के लिए मौके पर भेजा गया है।

## पुलिस ने नकदी के साथ एक सटोरिया दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** गंगनहर पुलिस द्वारा सट्टे की खाईबाडी करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। इसी के तहत आज सट्टे की खाई बाड़ी करते 01 सटोरीये को धर दबोच लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से सट्टा पर्ची पैन डायरी व नगद 1340 रूपये भी बरामद कर लिये गये हैं।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा स्मैक चरस गांजा पीने/बेचने/सट्टा खाई बड़ी/जुआ खेलने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक गंगनहर द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत अलग अलग टीमें बनाकर अवैध शराब स्मैक चरस गांजा पीने/बेचने/जुआ/सट्टा खाई बाड़ी करने वालो के विरुद्ध अभियान चलाया। परिणाम स्वरुप पुलिस टीम द्वारा दिनांक 27/05/25 को मुखबिर की सूचना पर सट्टे की खाई बाडी करते अभियुक्त शहजाद पुत्र मुबारिक निवासी ग्राम रामपुर थाना कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार को सट्टे की खाई बाडी करते हुए प्राइमरी स्कूल सुनहरा रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 218/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम में अभीयोग पंजीकृत किया गया।

## आस्पा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के बसेड़ी खादर में आस्पा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद सांसद नगीना का सैकड़ो भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया है भीम आर्मी कार्यकर्ता इकराम अंसारी ने कहा कि मुझे मालूम हुआ कि आस्पा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई चंद्रशेखर आजाद पंचेवली मंदिर पर जा रहे हैं मैंने उनसे गुजारिश की कि हम लोग आपका बसेड़ी खादर में स्वागत करना चाहते हैं मेरे कहने पर नगीना से सांसद आस्पा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने हां में हां मिला दी और घंटो लेट होने के बाद भी मेरे साथी सासद के स्वागत में वहीं पर खड़े रहे और चंद्रशेखर आजाद के आने पर उनका जोरदार स्वागत किया उन्होंने कहा मैंने सभी भीम आर्मी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दे रहा हूं कि उन्होंने मेरे एक टेलीफोन पर इतनी बड़ी संख्या में आकर मेरा हौसला बढ़ाया आस्पा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के स्वागत समारोह में सैकड़ो भीम आर्मी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शांति व्यवस्था भंग करने में दो युवक दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था पर प्रभावित करने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना संदिग्ध व्यक्तियों में असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया था 27 मई 2025 को लक्सर तहसील क्षेत्र सुल्तानपुर क्षेत्र से दो व्यक्तियों के आपस में लड़ाई झगड़ा करने की सूचना मिली थी सूचना पर तुरंत ही पुलिस को भेजा गया पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को काफी समझाने का प्रयास किया वह नहीं माने और मरने मारने प्र उतारू हो गए किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम रजनीकांत पुत्र रविंद्र कुमार निवासी चंद्रपुरी बांगर थाना कोतवाली लक्सर उम्र 31 वर्ष सलमान पुत्र नसीर अहमद निवासी सुलतानपुर आदमपुर कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार उम्र 23 वर्ष बताया दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## सरेआम फायरिंग करने वाले दो मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा सरेआम फायरिंग कर घटना को अंजाम देने वाले दो मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए दोनों अभियुक्तगणो को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया 27 मई 2025 को सर्वेश पत्नी प्रकाश चंद निवासी ग्राम भीक्कमपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार द्वारा अभियुक्त अभिषेक आदि द्वारा वादिया के पुत्र मोहित कुमार पुत्र प्रकाश के साथ गाली गलोज करना व जान से मारने की नीयत से फायर करना जिसके जिससे मोहित की छाती में गोली लगी व गंभीर रूप से घायल करना कि घटना के संबंध में थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर संबंधित अभियुक्तों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा संज्ञान लेते हुए मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया। उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा घटना में संलिप्त अभियुक्तगणों की धर पकड़ गिरफ्तारी घटना के दिन से ही लगातार उनके



प्रभावित ठिकानों पर दबिश देकर घटना में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम देव पुत्र कमल कुमार निवासी ग्राम भीक्कमपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार उम्र 17 वर्ष रजत पुत्र देवपाल उर्फ बबलू निवासी ग्राम भीक्कमपुर उम्र 22 वर्ष बताया। उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज गैरोला भीकमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान हेड कांस्टेबल अर्जुन गुंजियांल कांस्टेबल संदीप रावत अमित संजय पवार शामिल रहे। पकड़े गए दोनों अभियुक्त को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए दोनों अभियुक्तगणो को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## सुबोध राकेश ने बाबा खाटू श्याम के जागरण में पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भाजपा नेता सुबोध राकेश ने हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा जागरण में पहुंच कर पूजा अर्चना कर बाबा खाटू श्याम का आशीर्वाद लिया।

मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा भगवानपुर ग्राम बेहेडेकी गांव में वरिष्ठ भाजपा नेता सुबोध राकेश ने बाबा खाटू श्याम के जागरण में पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद। इस अवसर पर सुबोध राकेश ने कहा कि बाबा खाटू श्याम जी की सच्ची भक्ति करने से ही व्यक्ति को सफलता मिलती हैं। इस शुभ अवसर पर रिम्पू त्यागी, विनय त्यागी, अंकित त्यागी, काला त्यागी,सचिन त्यागी, सुमित, हर्ष त्यागी, काला प्रजापति, हिमांशु चौधरी,सूरज त्यागी,कपूर त्यागी, सुधीर कुमार, गोपाल, नीटू और समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।



# सम्पादकीय

गुरुवार, 29 मई 2025

## भारत की सतर्कता

भले ही भारत-पाक के बीच सीजफायर हो गया हो, लेकिन दोनों देशों में अब भी आपसी विश्वास की भारी कमी देखी जा रही है। भारत अपनी तरफ से किसी तरह की कोई ढिलाई बरतना नहीं चाहता। तभी तो वह सीमावर्ती राज्यों में मॉकड्रिल करने जा रहा है। राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, जम्मू के लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। लोगों में युद्ध के समय किसी तरह का बेवजह का तनाव पैदा न हो। वह अपने आपको बचाने के लिए यह मॉकड्रिल की जा रही है। गुरुवार (आज) को जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान में मॉकड्रिल होगी। जबकि पंजाब में तीन जून को यह ड्रिल होगी। मॉकड्रिल एक तरह की प्रेक्टिस है, जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला हो जाए तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करते हैं। इसी तरह ब्लैक आउट एक्सरसाइज का मतलब है कि तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइट बंद कर देना। इसका मतलब यह होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। सात मई को देश के 44 शहरों में 12 मिनट का ब्लैक आउट किया गया था। इसी दिन भारत ने पाकिस्तान के नौ स्थानों पर ऑपरेशन सिंदूर के चलते एयरस्ट्राइक की थी। जिसमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए थे। जाहिर है यह मॉकड्रिल बताती है कि भारत-पाकिस्तान को यह संदेश भी देना चाहता है कि वह अभी भी युद्ध मोड में है और किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए भारतीय सेना व भारतीय लोग पूरी तरह मुस्तैद हैं। सरकार ने जिस तरह देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकने का नोटिफिकेशन जारी किया है, यह बताने के लिए काफी है कि भारत अब अपनी सेना को बेहद चुस्त-दुरुस्त कर रहा है। अब एक सेना का अधिकारी ही तीनों सेनाओं वायु, थल और जल सेनाओं को निर्देश दे सकेगा। जाहिर है इससे समय में बेहद कमी आएगी और सेना को एकजुट होकर कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। 27 मई से इंटरसर्विस आर्गेनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। इस नए कानून बनने से इंटरसर्विस आर्गेनाइजेशन के तहत एक कमांडर इन चीफ/ऑफिसर इन कमांड की नियुक्ति होगी। यह कानून 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बन गया था और 10 मई 2024 से लागू किया गया। जाहिर है इससे हमारी सेना को एकजुट रखने में बड़ी मदद मिलेगी। असल में हमारा पड़ोसी पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जब तक वह आतंकवाद से अपने आपको अलग नहीं रखता और उनको संरक्षण देना बंद नहीं करता, तब तक उस पर भला भरोसा भी कैसे किया जा सकता है। भारत ने भी साफ किया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को संरक्षण देता रहेगा, भारत उसके साथ कठोरता से पेश आता रहेगा, बल्कि भारत ने अब आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बना ली है।

## अकेले शांति से जीना चाहता है भारत



भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता, भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता, पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है, भारत ने आपरेशन सिंदूर इसलिए शुरू किया, क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपरा. धियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी, भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है और यह स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अपरा. धियों की पहचान करं उन पर कार्रवाई करे।

**-शशि थरूर**
**पूर्व विदेश मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# भारतीय राजनीति के असली चौधरी थे भारत रत्न चौ. चरण सिंह



29 मई पुण्यतिथि पर विशेष



**आरपी तोमर**

भारत रत्न चौधरी चरण सिंह एक ऐसा नाम है जो भारतीय राजनीति और इसके लोकतंत्र के लिए किसी हीरो से कम नहीं। यह वह नाम है जो ना जाने कितने ही बड़े संवैधानिक पदों पर रहकर यह दिखा गया कि कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति के जीवन में कैसै बदलाव लाया जा सकता है। चौधरी चरण सिंह ने देश की कृषि नीतियों को आकार देने में बेहद अहम भूमिका निभाई। चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों के हित और उनके कल्याण में समर्पित कर दिया और यही वजह है कि उन्हें किसानों का मसीहा कहा जाता है। चौधरी चरण सिंह सिर्फ एक राजनीतिज्ञ, एक किसान नेता, एक पार्टी के अध्यक्ष और एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री का नाम ही नहीं था बल्कि चरण सिंह एक विचारधारा का भी नाम है। जो भारतीय राजनीति में अकाट्य है और सदैव रहेगा। चरण सिंह की राजनीति में कोई दुराव या कोई कपट नहीं था, बल्कि जो उन्हें अच्छा लगता था, उसे वो ताल ठोक कर अच्छा कहते थे और जो उन्हें बुरा लगता था, उसे कहने में उन्होंने कोई गुरेज भी नहीं करते थे। उनका व्यक्तित्व बहुत रौबीला था, जिनके सामने लोगों की बोलने की हिम्मत नहीं पड़ती थी। उनके चेहरे पर हमेशा पुख्तगी होती थी। हमेशा संजीदा गुफ्तगू करते थे। बहुत कम मुस्कुराते थे। अगर मैं गलत नहीं हूं तो एकआध लोगों ने ही उन्हें कभी कहकहा लगाते हुए देखा होगा। वो उसूलों के पाबंद थे और बहुत साफ-सुथरी राजनीति करते थे। वे सच्चे मायने में भारत रत्न हैं। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह का जन्म उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के नूरपुर गांव में 23 दिसंबर 1902 को हुआ था। उनकी शिक्षा सरकारी उच्च विद्यालय और विश्वविद्यालय मेरठ से पूरी हुई। उन्होंने विज्ञान स्नातक, कला स्नातकोत्तर और विधि स्नातक की पढ़ाई की थी। चौधरी चरण सिंह ने पूरे जीवनभर किसानों के मुद्दे उठाए और उनके हक दिलाने का काम किया। चौधरी चरण सिंह का निधन 29 मई 1987 को 84 साल की उम्र में दिल्ली में हुआ था। जब 1929 में लाहौर में कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य का एलान किया तो नेहरू कांग्रेस के सबसे बड़े नेता के रूप में उभरे, तब चौधरी चरण सिंह ने गाजियाबाद में कांग्रेस कमेटी का गठन किया। 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हुआ तो चौधरी चरण सिंह हिंडन नदी के किनारे नमक बनाने पहुंच गए तो अंग्रेज सरकार ने उन्हें छह महीने की जेल की सजा दी। जेल से वापसी पर वे पूरे जोर-शोर से स्वतंत्रता आंदोलन में कूद गए। 1937 में चुनाव हुए तो बागपत से चौधरी चरण सिंह विधानसभा के लिए चुने गए। विधानसभा में किसानों की फसल से संबंधित एक बिल पेश किया। यह उस वक्त का क्रांतिकारी बिल था, जब ब्रिटिश सरकार ने भारतीय किसानों को ही सबसे ज्यादा चोट पहुंचाई थी। अंग्रेजी सरकार ने मुगलिया टैक्स सिस्टम को हटाकर बेहद क्रूर सिस्टम लागू किया था। जिसकी वजह से बहुत गरीबी फैल गई थी। उन्होंने 1939 में कर्जा माफी विधेयक पास करवाकर किसानों के खेतों की नीलामी रुकवाई। 1939 में ही किसान के बच्चों को सरकारी नौकरियों में 50 फीसदी आरक्षण दिलाने की कोशिश की पर इसमें सफलता नहीं मिल पाई। 1939 में किसानों को टैक्स बढ़ाने और बेदखली से मुक्ति दिलाने के लिए जमीन उपयोग का बिल तैयार किया और ऋण निर्मोचन विधेयक पास कराकर चौधरी साहब ने लाखों गरीब किसानों को कर्जे से मुक्ति दिलाई।

इसी साल निजी सदस्यों के संकल्प के तहत उन्होंने कृषि उत्पादन मंडी विधेयक पेश किया, जिसमें किसानों को बिचौलियों से मुक्त कराकर वाजिब दाम दिलाने का प्रावधान था। उनके सुझावों को कई सरक. ारों ने क्रियान्वित किया, इसमें पहला राज्य पंजाब था। ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत की विधानसभा ने सर छोटू राम के राजस्व मंत्री रहते हुए वर्ष 1938 में जो पहला कृषि उत्पाद मंडी अधिनियम पारित कर उसे लागू किया था। दरअसल, उसकी परिकल्पना चौधरी चरण सिंह की ही थी। चौधरी चरण सिंह जब पहली बार चुनाव जीतने के बाद उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत के संसदीय सचिव बने थे, तब चौधरी साहब कृषि उत्पाद मंडी बनाने के लिए एक बिल लेकर आना चाहते थे लेकिन, पंत ने उन्हें मना कर दिया, जिसके बाद चौधरी चरण सिंह ने उत्तर प्रदेश की यूनाइटेड प्रोविंस लेजिस्लेटिव असेंबली में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया, लेकिन वो बिल पारित नहीं हो पाया, यह बात वर्ष 1937 की है। 1940 में कांग्रेस बड़ी उहापोह में थी कि ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ें कि नहीं, छोटे स्तर पर व्यक्तिगत सत्याग्रह की शुरुआत हुई, चौधरी चरण सिंह इसमें भी शामिल हुए। जेल गए, फिर छूटे और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में चरण सिंह को फिर मौका मिला। वे अंडरग्राउंड हो गए और एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन तैयार किया। पुलिस का आदेश था कि देखते ही गोली मार दी जाए पर चौधरी चरण सिंह सभा करके हर जगह से निकल जाते थे। अंत में गिरफ्तार हो गए। जिन्हें डेढ़ साल की सजा हुई, जेल में ही उन्होंने शिष्टाचार किताब लिखी। वे जातिवाद के कट्टर विरोधी थे और उनके प्रयासों का असर था कि 1948 में उत्तर प्रदेश में राजस्व विभाग ने सरकारी कागजों में जोत मालिकों की जाति नहीं लिखने का फैसला लिया। उन्होंने गोविंद बल्लभ पंत को पत्र लिखकर 1948 में मांग की थी कि अगर शैक्षिक संस्थाओं के नाम से जाति-सूचक शब्द नहीं हटाए जाते तो उनका अनुदान बंद कर दिया जाए। हालांकि यह मसला टलता रहा, लेकिन जब वे 1967 में खुद मुख्यमंत्री बने तो सरकारी अनुदान लेने वाली शिक्षा और सामाजिक संस्थाओं को अपने नामों के आगे से जातिसूचक शब्द हटाने पड़े। उन्होंने ही आजादी के बाद भारत में सोवियत रूस की तर्ज पर आर्थिक नीतियां लगाई गई। चौधरी साहब का कहना था कि इंडिया में यह चलेगा नहीं, इसको लेकर चौधरी साहब कहते थे कि किसानों को जमीन का मालिकाना हक देने से ही बात बनेगी। उस वक्त नेहरू का विरोध करना ही बड़ी बात थी लेकिन चौधरी साहब सहकारी खेती के रूसी मॉडल के सख्त खिलाफ थे। हालाकि इससे उनके राजनैतिक करियर पर असर पड़ा फिर भी चौधरी साहब ने अपनी बात कहनी शुरू कर दी थी। चौधरी चरण सिंह 1952, 1962 और 1967 की विधानसभा में जीते थे। गोविंद बल्लभ पंत की सरकार में पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी रहे। रेवेन्यू, लॉ, इनफॉर्मेशन, हेल्थ कई मिनिस्ट्री में भी रहे, संपूर्णानंद और चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में भी मंत्री रहे। 1967 में चरण सिंह ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भारतीय क्रांति दल नाम से अपनी पार्टी बना ली। राम मनोहर लोहिया का इनके ऊपर हाथ था। उत्तर प्रदेश में पहली बार कांग्रेस हारी और चौधरी चरण सिंह मुख्यमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह 1967 और 1970 में मुख्यमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह ने अपने मुख्यमंत्री काल में एक बड़ा निर्णय लेते हुए खाद पर से सेल्स टैक्स हटा लिया। सीलिंग से मिली जमीन किसानों में बांटने की कोशिश की पर उत्तर प्रदेश में ए सफल नहीं हो पाया। इसके बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी तब देश में माहौल गड़बड़ हो गया था, 1975 में इंदिरा ने विवादास्पद निर्णय लिया और इमर्जेंसी लगा दी। चौधरी चरण सिंह भी जेल में डाल दिए गए। जेल में विरोधी पक्ष लामबंद हो गया और 1977 में लोकसभा के चुनाव हुए। इंदिरा बुरी तरह हारीं और देश में पहली बार गैर-कांग्रेसी पार्टियों ने मिलकर सरकार बनाई। मोरार जी देसाई प्रधानमंत्री बने, चौधरी चरण सिंह इस सरकार में उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रहे। वित्तमंत्री भी बने।जनता पार्टी को बनाने में उनका ही आधार और किसान शक्ति सबसे अधिक काम आई। जनता पार्टी के नेताओं, जिसमें आज की भाजपा और तबका जनसंघ भी शामिल था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगानिस्तान से रिश्तों में सुधार के पीछे कूटनीति



**अक्षत सरोत्री**

अक्सर एक बात सामने आती है कि दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है। अफगानिस्तान के साथ वीजा डिपलोमैसी शुरू करने के पीछे का कारण बहुत बड़ी कूटनीतिक चाल है। आपको याद होगा कुछ दिन पहले ही अफगानिस्तान की सरकार की चीन से बातचीत चल रही थी। आप इसके मायने समझ सकते हैं। चीन अफगानिस्तान में सेना का बेस चाहता है ताकि भारत पर दबाव बनाया जा सके।

चीन की यह वैसी ही चाल थी जैसी चीन कई सालों से बलूचिस्तान में रहकर पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत के खिलाफ रच रहा है। आपको बता दें कि इसके लिए एक ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया है, जो निवेशकों, कलाकारों, एथलीटों, छात्रों और इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके अटेडेंड के साथ ही संयुक्त राष्ट्र राजनयिक वीजा के लिए आवेदन की अनुमति देता है। यह ऐसे समय में हो रहा है, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है।

नई दिल्ली ने अभी तक इस बारे में कोई आधिका. रिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन यह कदम भारत और तालिबान के बीच बढ़ते कूटनीतिक संबंधों के बीच उठाया गया है। इसी महीने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बात की थी। काबुल में तालिबान की वापसी के बाद यह दोनों देशों के बीच पहली मंत्री स्तरीय वार्ता थी। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान का कब्जा हुए करीब चार साल बीत चुके हैं। 15 अगस्त, 2021 में तालिबान ने गनी की सरकार को गिराकर काबुल पर कब्जा कर लिया था, जिसके बाद दुनिया के लगभग सभी देशों ने तालिबान में अपने दूतावास बंद कर दिए थे। अब दुनिया का रुख तालिबान की प्रति बदल रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण बीते साल रूस द्वारा तालिबान को आतंकी संगठन की सूची से हटाना था। 2003 में रूस ने तालिबान को आतंकी संगठन घोषित किया था, लेकिन दिसंबर, 2024 में रूस ने तालिबान को इस सूची से हटा दिया था।

आपको बता दें कि भारत- अफगानिस्तान के बीच ऐतिहासिक संबंध रहे हैं और अशरफ गनी की सरकार के समय दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रिश्ते भी बेहतर थे, लेकिन तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद भारत ने तालिबान के साथ अपने संबंधों को खत्म कर लिया। हालांकि, अब वक्त बदल रहा है। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार के साथ भारत की बातचीत की शुरुआत इसी साल जनवरी में हुई थी। जनवरी में विक्रम मिसरी और मुत्ताकी के बीच दुबई में बातचीत हुई थी। अब विदेश मंत्री जयशंकर ने खुद तालिबान के विदेश मंत्री से बातचीत की थी। हालांकि, अभी तक भारत की ओर से औपचारिक रूप से तालिबान की सरकार को मान्यता नहीं दी है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही पाकिस्तान से उसकी ठनी हुई है। भारत-अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच शुरू हो रही यह बातचीत पाकिस्तान जैसे दुश्मन को रणनीतिक रूप से घेरने के रूप में देखी जा रही है। अफगानिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की थी। इसके बाद जब पाकिस्तान की ओर से कहा गया कि भारत ने अफगानिस्तान को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया, तो खुद तालिबान की सरकार ने इसका खंडन कर दिया था।

आपको बता दें कि अभी कुछ दिन पहले ही बीजिंग में पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग ई और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने मिलकर अपने-अपने देशों में व्यापार, बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया था। बैठक के बाद, इशाक डार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और विकास के लिए एक साथ खड़े हैं। यह बैठक तीन देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने का संकेत देती है, लेकिन भारत के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण कदम हो सकता है। हालांकि आपको बता दें इस बैठक को फेल करने के लिए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही मन बना चुके थे। भारत ने चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के किसी तीसरे देश में विस्तार पर कड़ा विरोध जताया था। भारत का कहना है कि CPEC का एक हिस्सा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरता है और इसे भारत अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानता है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले साल कहा था कि जो भी देश CPEC प्रोजेक्ट में शामिल होंगे, वे जम्मू-कश्मीर में भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करेंगे। भारत ने इस कारण से चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में शामिल होने से इंकार कर दिया है, जो कि लगभग 60 बिलियन डॉलर का एक विशाल प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट में पाकिस्तान के जरिए एक बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास कार्य किए जाने हैं, जो भारत के लिए चिंता का विषय है। इसके अतिरिक्त आपको याद होगा कि भारत-अफगानिस्तान के बीच चाबहार पोर्ट को लेकर भी साझेदारी है। वहीं इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर को लेकर भी दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं। यह कॉरिडोर भारत से लेकर ईरान, रूस होते हुए यूरोप को जोड़ने वाला है। इस तरह दो अहम प्रोजेक्ट्स में दोनों देश साथ हैं और पाकिस्तान के साथ दोनों के ही संबंध सहज नहीं हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक म्यान, दो तलवारें: शौर्य की अद्वितीय मिसाल थे महाराणा प्रताप




**योगेश कुमार गोयल**

अपनी वीरता, स्वाभिमान, दृढ़ संकल्प और त्याग से इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कराने वाले हिन्दू हृदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप 16वीं शताब्दी के ऐसे कुशल वीर योद्धा थे, जिन्होंने विभिन्न युद्धों में अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। अपने साम्राज्य की रक्षा के लिए उन्होंने अपने जीवनकाल में हमेशा मुगलों को समय-समय पर दांतों चने चबाने पर विवश किया। दरअसल मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप ऐसे महान वीर और निर्भीक शासक थे, जिन्हें मुगलों का शासन कदापि स्वीकार नहीं था। मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा राणा उदय सिंह और महारानी जयवंता बाई के ज्येष्ठ पुत्र महाराणा प्रताप बचपन से ही घुड़सवारी, तीरंदाजी और युद्ध कला में भी पारंगत थे। उनकी वीरता से भारत भूमि तो गौरवान्वित हुई ही, मेवाड़ की वह शौर्य-भूमि भी धन्य हुई, जहां उन्होंने जन्म लिया था। इतिहासक. ार महाराणा प्रताप को ऐसा योद्धा मानते हैं, जिनके युद्ध कौशल के दुश्मन भी कायल थे और इसीलिए प्राय: दुश्मन भी उन्हें सलाम करते थे। मेवाड़ की धरती को मुगलों के आतंक से बचाने के लिए उन्होंने अनेक लड़ाईयां लड़ी, जिनके कारण ही उनका नाम पराक्रमी, शूरवीर, साहसी, महान् राष्ट्रभक्त और एक वीर सम्राट के रूप में इतिहास के पन्नों में अजर-अमर हो गया। युद्ध कला और नीति निर्माण में निपुण महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाएं मेवाड़ में तो आज भी लोकगीतों के माध्यम से बताई जाती हैं।

इन्हीं हिन्दू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की जयंती हिंदी कैलेंडर के अनुसार इस वर्ष 29 मई को मनाई जा रही है, जिसे लेकर मेवाड़ में एक सप्ताह पहले ही कार्यक्रम शुरू हो गए थे। महान राजपूत शासक मेवाड़ के 13वें राजा महाराणा प्रताप का जन्म 1540 में राजस्थान के मेवाड़ में ज्एष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन पुष्य नक्षत्र में हुआ था। बचपन में उन्हें कीका के नाम से पुकारा जाता था और उनका राज्याभिषेक गोग. ुंदा में हुआ था। दरअसल बचपन में महाराणा प्रताप का जीवन काफी समय तक भीलों के साथ भी बीता। भील उस समय अपने पुत्र को कीका कहकर संबोधित करते थे, इसीलिए महाराणा प्रताप को भी कीका कहकर संबोधित किया जाता था। महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाओं से तो हालांकि आज की पीढ़ी भी परिर. चत होगी ही, लेकिन यह तथ्य कम लोग ही जानते होंगे कि युद्ध के समय वे एक म्यान में एक साथ दो तलवारें रखा करते थे, एक स्वयं के लिए और दूसरी दुश्मन के लिए। यही नहीं, वह एक कुशल योद्धा की भांति कभी किसी निहत्थे पर वार भी नहीं करते थे और जरूरत पड़ने पर म्यान से निकालकर अपनी ही दूसरी तलवार शत्रु को लड़ने के लिए दे देते थे। महाराणा प्रताप जब युद्ध के लिए प्रस्थान करते थे तो 208 किलोग्राम वजनी दो तलवारें, 72 किलोग्राम का कवच और 80 किलोग्राम का भाला अपने साथ लेकर जाते थे। महाराणा प्रताप के 24 भाई और 20 बहनें थी। उनके एक सौतेले भाई जगमल ने उन्हें धोखा देते हुए अजमेर जाकर अकबर से संधि कर ली थी लेकिन महाराणा प्रताप अकबर के विशाल साम्राज्य के समक्ष कभी नहीं झुके और उन्होंने जीते-जी अकबर की अधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया बल्कि अकबर के साथ कई वर्षों तक संघर्ष किया। उन्होंने देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और हल्दी घाटी युद्ध में अकबर के साथ वीरतापूर्वक लड़े। महाराणा प्रताप और मुगल बादशाह अकबर के बीच 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में भीषण युद्ध हुआ था। उस युद्ध में महाराणा प्रताप को अफगानी राजाओं का समर्थन प्राप्त था। अफगानी हाकिम खान अंतिम सांस तक युद्ध में राजपूतों की ओर से लड़े थे। अन्न की कमी के कारण महाराणा प्रताप की सेना को हार का सामना पड़ा था, लेकिन महाराणा प्रताप ने अकबर की 85 हजार सैनिकों वाली विशाल सेना के सामने अपने 20 हजार सैनिकों और सीमित संसाधनों के बल पर स्वतंत्रता के लिए वीरतापूर्वक संघर्ष किया। हालांकि महाराणा प्रताप को उस युद्ध के मैदान से भागने के लिए विवश होना पड़ा था, लेकिन उन्होंने जब तक बड़ी संख्या में अकबर की सेना का सफाया करने में कामयाबी हासिल की थी, जिसके चलते उनकी बहादुरी की अपार प्रशंसा हुई। उस युद्ध में जख्मी होने के बावजूद महाराणा मुगलों के हाथ नहीं आए।

हल्दी घाटी की हार के बाद भी दृढ़ निश्चई, पराक्रमी और वीरता की मिसाल महाराणा प्रताप ने हार नहीं मानी और नई रणनीति के तहत मुगलों से लोहा लेने का संकल्प लिया। इसके लिए उन्होंने गुरिल्ला युद्ध की रणनीति अपनाई और अरावली की पहाड़ियों में शरण ली। वहीं से ही उन्होंने मुगल सेना पर खूब छापामार हमले किए। 12 वर्षों तक उन्होंने वनवास में रहकर ही संघर्ष किया और मेवाड़ को मुगलों से मुक्त कराने का निरंतर प्रयास करते रहे। कहा जाता है कि जंगल में रहते हुए उन्होंने न जमीन पर सोकर रातें गुजारी बल्कि केवल घास की ही रोटी भी खाई लेकिन अकबर के सामने कभी हार नहीं मानी। गुरिल्ला युद्ध के जरिए वे हर पल मुगलों की नाक में नकेल कसते रहे और इस प्रकार उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। 30 वर्ष लंबे संघर्ष और युद्ध के बाद भी अकबर महाराणा प्रताप को न तो बंदी बना सका और न ही झुका सका। महाराणा प्रताप के शौर्य की बात हो और उनके प्रिय घोड़े चेतक का जिक्र न किया जाए, यह भी संभव नहीं। दरअसल महान राजपूत योद्धा महाराणा प्रताप का अश्व चेतक भी उन्हीं की भांति वीर योद्धा था, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ घोड़ों में से एक था। चेतक महाराणा प्रताप के प्रति वफादारी के लिए जाना जाता है, जो एक बेहद बुद्धिमान और ताकतवर घोड़ा था। युद्ध में दुश्मन को चकमा देने के उद्देश्य से उसके मुंह के आगे हाथी की सूंड लगाई जाती थी। एक बार जब मुगल सेना महाराणा प्रताप के पीछे लगी थी, तब चेतक महाराणा प्रताप को अपनी पीठ पर लिए 26 फीट के उस नाले को भी लांघ गया था, जिसे मुगल पार नहीं कर सके। हल्दी घाटी युद्ध में चेतक बुरी तरह घायल हो गया था, जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई और आज उसी युद्धस्थल के पास चेतक का मंदिर बना हुआ है। वीरता, स्वाभिमान और दृढ़ संकल्प के प्रतीक महाराणा प्रताप केवल एक महान योद्धा ही नहीं थे बल्कि एक आदर्श शासक और प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में कुंभलगढ़ किले का निर्माण, चावंड, रणकपुर और जगन्नाथपुरी जैसे मंदिरों का निर्माण कराया और गायों की रक्षा के लिए अनेक गौशालाओं की भी स्थापना की। महाराणा प्रताप सदैव भारत के वीर योद्धाओं और देशभक्तों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। युद्ध और शिकार के दौरान लगी चोटों के कारण 56 वर्ष की आयु में 29 जनवरी 1597 को उन्हें वीरगति प्राप्त हुई। महाराणा प्रताप ने कुल 11 शादियां की थी और उनके कुल 17 बेटे और 5 बेटियां थी। महाराणा प्रताप के बाद गद्दी पहली पत्नी अजाब्दे पंवार के बेटे अमर सिंह को मिली थी।





# अमेरिका ने इजरायल को 90 हजार टन से अधिक हथियार भेजेः रिपोर्ट



- इजरायल के हमलों से दो महीने से अधिक समय में 3900 से अधिक लोग मारे गए
- 2023 से गाजा संघर्ष में मारे गए लोगों की संख्या 54056 तक पहुंच गई

**मास्को।** अमेरिका ने अक्टूबर 2023 से अब तक इजरायल को 90 हजार टन से अधिक सैन्य आपूर्ति की है, जिसमें बख्तरबंद वाहन और गोला-बारूद भी शामिल हैं। द टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने इजरायली रक्षा मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2023 में गाजा संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका से 800 परिवहन विमान और 140 जहाज हथियारों से लैस इजरायल पहुंच चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार इजरायल को दिए गए सैन्य उपकरणों में 'बख्तरबंद वाहन, युद्ध सामग्री, गोला-बारूद, व्यक्तिगत सुरक्षा गियर और चिकित्सा उपकरण' शामिल हैं। इजरायल ने 18 मार्च को ऑपरेशन गिदोन के रथ के हिस्से के रूप में गाजा पट्टी में एक नए हमले की शुरुआत की घोषणा की थी। जिसके बारे में इजरायल का दावा है कि ऑरेशन गिदोन से अंततः हमास को पराजित किया जा सकेगा। गाजा स्वास्थ्य प्राधिकरण का अनुमान है कि इजरायल के हमलों से दो महीने से अधिक समय में 3900 से अधिक लोग मारे गए हैं। वहीं, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कल बताया कि सात अक्टूबर, 2023 से गाजा संघर्ष में मारे गए लोगों की संख्या 54,056 तक पहुंच गई है।

## रूसी वायु रक्षा ने तीन घंटे में 112 ड्रोन किए नष्ट



**मास्को।** रूसी वायु रक्षा ने पिछले तीन घंटों में छह रूसी क्षेत्रों में 112 यूक्रेनी ड्रोन को रोका और नष्ट कर दिया। यह जानकारी रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को दी। मंत्रालय ने कहा कि 27 मई को मास्को के समय के अनुसार 21:00 से 28 मई को 00:00 तक, वायु रक्षा प्रणालियों ने 112 यूक्रेनी विमान-प्रकार के मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट कर दिया। इनमें से ब्रांस्क क्षेत्र में 59, बेलगोरोड क्षेत्र में 19, तुला क्षेत्र में 13, कुर्स्क क्षेत्र में 10, ओर्योल क्षेत्र में आठ और कलुगा क्षेत्र में तीन शामिल हैं।

## वेनेजुएला ने अपने नागरिकों से अमेरिका यात्रा से परहेज करने का किया आग्रह

**कराकस।** वेनेजुएला ने अपने नागरिकों से अमेरिका जाने से बचने का आग्रह किया गया। विदेश मंत्री यवन गिल ने टेलीग्राम पर एक यात्रा चेतावनी जारी की। उन्होंने कथित मानवाधिकार उल्लंघन का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका में वेनेजुएला के लोगों को निर्वासन, परिवार से अलग होने और मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने का खतरा है। उन्होंने अमेरिका पर 'प्रवासन ब्लैकमेल' का उपयोग करने और ज़ेनोफ़ोबिया को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। यह चेतावनी अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा अमेरिकियों और कानूनी निवासियों को वेनेजुएला की यात्रा न करने की सलाह दिए जाने के कुछ घंटों बाद आई।



गुलमर्ग। अपने मंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक के बाद जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला।

## अमेरिका-कनाडा के साथ इस साल के अंत में होगी मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षाः एडरार्ड

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के वित्त मंत्री मार्सेलो एबरार्ड ने कहा है कि मुक्त व्यापार पर अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौते की आगामी समीक्षा बैठक सितम्बर के अंत या अक्टूबर की शुरुआत में शुरू हो सकती है। एबरार्ड ने यहां संवाददाताओं से कहा कि आने वाले महीनों में मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा से पहले अमेरिकी विनियमों के लिए विभिन्न क्षेत्रों के साथ परामर्श करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि मेक्सिको भी 'हर चीज का मूल्यांकन' करेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि वह मौजूदा समय में देश के व्यापार क्षेत्र के साथ स्टील और एल्यूमीनियम के मुद्दों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मेक्सिको की अर्थव्यवस्था उत्तरी अमेरिका में अधिक एकीकरण के साथ 'आर्थिक क्षेत्रीयकरण' के दौर में प्रवेश करेगी।

## ईरान गए तीन भारतीयों के परिजन लापता

- इस घटना को लेकर भारत सरकार की ओर से चिंता जाहिर की गई
- ये सभी पंजाब के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं

**तेहरान।** भारत के तीन नागरिक जो हाल ही में ईरान की यात्रा पर गए थे, उनके परिवार वालों ने भारतीय दूतावास को बताया है कि वे लापता हो गए हैं। इस पर भारतीय दूतावास ने तेहरान में ईरानी अधिकारियों के समक्ष इस मामले को तुरंत सूचित किया है।

इस मामले में ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने ईरानी प्रशासन से साफ-साफ कहा है कि लापता भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द ढूंढा जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। भारतीय दूतावास ने यह भी बताया है कि वे लगातार लापता लोगों के परिवारों से संपर्क में हैं और इस मामले में हो रही कार्रवाई से उन्हें हर अपडेट दे रहे हैं। भारतीय दूतावास ने कहा कि हमने यह मामला मजबूती से उठाया है और ईरान सरकार से निवेदन किया है कि इन भारतीय नागरिकों को ढूंढने के लिए जरूरी कदम तुरंत उठाए जाएं। इस घटना को लेकर भारत सरकार की ओर से चिंता जाहिर की गई है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इन नागरिकों का पता चल जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ये सभी पंजाब के अन्य-अन्य जिलों के रहने वाले हैं। जो 11 मई को तेहरान पहुंचे और उसके बाद से ही लापता है। परिजनों के अनुसार, एक ट्रैवल एजेंट ने उन सभी को आस्ट्रेलिया भेजने का वादा किया और ईरान में रुकने की सुविधा कराने की बात कही, लेकिन ईरान पहुंचने के बाद से उनका कोई अता-पता नहीं है।

## इंडोनेशिया-फ्रांस ने गाजा में युद्ध विराम निर्बाध मानवीय पहुंच का किया आह्वान

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को गाजा में युद्ध को तत्काल रोकने और मानवीय सहायता तक निर्बाध पहुंच का आह्वान किया। प्रबोवो ने स्टेट पैलेस (राष्ट्रपति भवन) में मैक्रों का स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रबोवो ने बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय कानून के सम्मान को बनाए रखने में एक-दूसरे के साथ समन्वय करने पर सहमत हुए है। उन्होंने कहा कि दोनों देश (इंडोनेशिया और फ्रांस) ने संप्रभु देश के रूप में फलस्तीनी स्वतंत्रता की दिशा में प्रयासों का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

# भारत शांति चाहता है, पाकिस्तान नहींः थरूर

### बोलेः भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता

- भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है
- इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया



**पनामा।** पनामा के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता। उन्होंने साफ किया कि भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता। थरूर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है।

भारत ने आपरेशन सिंदूर इसलिए शुरू किया क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। आतंकवाद के खिलाफ पनामा का भारत को समर्थन थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पनामा की यात्रा पर पहुंचा है। इसमें भाजपा, कांग्रेस और दूसरे दलों के सांसद भी हैं। इस यात्रा का मकसद दुनिया को भारत की आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और सख्त रवैये का संदेश देना है। इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया है। पनामा की असेंबली की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा ने कहा है कि पनामा शांति के इस अभियान में भारत के साथ खड़ा होना चाहता है, और हमें उम्मीद है कि हम आतंकवाद को हरा सकते हैं। कास्टानेडा के साथ बैठक में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम सभी अलग-अलग राजनीतिक पृष्ठभूमि और भारत के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं लेकिन हम राष्ट्रीय उद्देश्य में एकजुट हैं। शशि थरूर ने मंगलवार को पनामा में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित किया। थरूर ने कहा कि भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है और यह स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे अपराधियों की पहचान करें और उन पर कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी बताया कि इस आपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के भीतर मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। यह केवल नियंत्रण रेखा (एलओसी) तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा को भी पार किया। थरूर ने कहा कि इससे पहले भारत ने 2016 में उरी हमले के बाद और 2019 में पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था, लेकिन इस बार हमला और भी ज्यादा भीतर तक किया गया। थरूर ने आतंकियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि अब हर हमले की कीमत चुकानी पड़ेगी और भारत इस दिशा में किसी तरह की नरमी नहीं दिखाएगा। थरूर की टीम ने पनामा से पहले गुयाना का दौरा किया था, जहां उन्होंने 26 मई को गुयाना के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लिया और वहां के प्रधानमंत्री और मंत्रियों के साथ आतंकवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की। थरूर ने गुयाना से भी पाकिस्तान को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि भारत का इरादा सिर्फ जवाबी कार्रवाई करना था। भारत, पाकिस्तान के साथ लम्बी लड़ाई नहीं चाहता था, लेकिन अगर पाकिस्तान दोबारा हमला करने की हिमाकत करता है तो फिर हमारा जवाब पहले से भी ज्यादा आक्रामक होगा।

## कम्बोडिया, थाइलैंड सैनिकों के बीच झड़प

**नॉम पेन्ह।** कम्बोडिया और थाईलैंड के सैनिकों के बीच बुधवार सुबह एक विवादित सीमा क्षेत्र में कुछ देर के लिये झड़प हुई। कम्बोडियाई सेना के प्रवक्ता माओ फाल्ला ने शिन्हुआ संवाद समिति से टेलीफोन पर कहा कि सीमा क्षेत्र में कम्बोडिया और थाईलैंड सैनिकों के बीच करीब 10 मिनट तक सशस्त्र झड़प हुई, लेकिन मुझे अभी तक नहीं पता कि पहले किसने गोली चलाई। उन्होंने कहा कि संघर्ष किस कारण से हुआ, अभी इसका भी पता नहीं चला है। फिलहाल, हताहतों के बारे में तत्काल जानकारी उपलब्ध नहीं है। प्रवक्ता ने बताया कि दोनों पक्षों के स्थानीय कमांडरों की ओर से एक-दूसरे से बातचीत करने और संघर्षविराम का आदेश देने के बाद स्थिति शांत हो गई है।

## दो भारतीय शांति रक्षकों को यूएन मरणोपरांत करेगा सम्मानित

- भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में चौथा सबसे ज्यादा योगदान करने वाला देश है

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र दो भारतीय शांतिरक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित करेगा। दोनों भारतीय शांतिरक्षक अपने कर्तव्य को निभाने के दौरान बलिदान हो गए थे। यह सम्मान समारोह 29 मई को अंतर्राष्ट्रीय शांति रक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा।

जिन दो भारतीय शांतिरक्षकों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और हवलदार संजय सिंह शामिल हैं। ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा, यूएन डिसइंगेजमेंट आब्जर्वर फोर्स और हवलदार संजय सिंह यूएन स्टैबलाइजेशन मिशन, कांगो में तैनात थे। दोनों को मरणोपरांत डैग हैमर्सजोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। भारत संयुक्त राष्ट्र शाति सेना में चौथा सबसे ज्यादा योगदान करने वाला देश है। फिलहाल विभिन्न यूएन शांति रक्षक अभियानों में भारत के 5300 सैन्य और पुलिस जवान तैनात हैं। ये सैनिक अबेई, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन ऑफ कांगो, लेबनान, सोमालिया, साउथ सूडान और वेस्टर्न सहारा जैसे देशों में तैनात हैं। 29 मई को होने वाले सम्मान समारोह में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनिया गुटेरेस 1948 से अब तक संयुक्त राष्ट्र मिशन में बलिदान हुए 4400 शांति रक्षकों की याद में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। सम्मान समारोह में कुल 57 सैन्य, पुलिस और सामान्य नागरिक शांति रक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा।

ये 57 शांति सैनिक बीते साल विभिन्न यूएन मिशन में बलिदान हुए। बीते साल भारतीय सेना की मेजर राधिका सेन को '2023 यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' से सम्मानित किया गया था। 2024 का मिलिट्री जेंडर एडवोकेट सम्मान घाना के स्क्वाड्रन लीडर शैरोन मिनसोटे और यूएन की महिला पुलिस अधिकारी सिएरा लिओन की सुपरीटेंडेंट जैनब गबला को दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस की शुरुआत साल 2002 में की गई थी।

## श्रीलंका में नशीले पदार्थ की तस्करी में शामिल 11 गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के अधिकारियों ने समुद्री अभियान में 600 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और क्रिस्टल मेथामफेटामाइन जब्त की है। श्रीलंका की नौसेना, राज्य खुफिया सेवा और पुलिस नारकोटिक्स ब्यूरो की संयुक्त टीम ने इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा दो मछली पकड़ने वाली नावें भी बरामद की गई है। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई में देश के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में दो मछली पकड़ने वाली नावों से 600 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और मेथामफेटामिन (आइस) बरामद की गईं। नावों को डिकोविता बंदरगाह लाया गया, जहां नशीली दवाओं की खेप और आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

## गाजा में खाने के लिए मची भगदड़

### तीन की मौत, 46 घायल, सात लोग अभी लापता



- इजरायली सैनिकों ने किया था हवाई फायर

**राफा।** गाजा के दक्षिणी शहर राफा में मंगलवार को खाना लेने पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गई। इससे 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई, वहीं 46 घायल हो गए। इसके अलावा 7 लोग लापता भी हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह भगदड़ इजरायली सैनिकों के हवा में फायर करने के बाद बची।

वहीं इजरायल सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाई थीं। गाजा में लोगों को खाना मुहैया कराने के लिए फूड सेंटर शुरू किए जा रहे हैं। मंगलवार को राफा शहर में ऐसे ही एक सेंटर पर खाना लेने के लिए हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। इजरायली फायरिंग के बाद हजारों फलस्तीनी खाने के लिए सेंटर पर दौड़ पड़े। राफा में आज जो कुछ हुआ, वह एक जानबूझकर किया गया नरसंहार और एक पूर्ण युद्ध अपराध है। गाजा में फिलहाल एक हफ्ते के लिए मदद पहुंचाई जाएगी। इस दौरान इजरायल गाजा में खाना बांटने के लिए नए वितरण केंद्र बनाएगा। ये सेंटर इजरायली सेना की निगरानी में रहेंगे। इसका संचालन अमेरिकी कंपनियां करेंगी। नई व्यवस्था के तहत गाजा के लोगों को गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) के जरिए मदद दी जाएगी। हालांकि कई सहायता एजेंसियों ने इस योजना की आलोचना की है। उनका कहना है कि इससे मानवाधिकार का उल्लंघन होता है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का कहना है कि वह जीएचएफ के साथ काम नहीं करेंगे, क्योंकि यह निष्पक्ष नहीं है। गाजा में जीएचएफ के 4 वितरण केंद्र खोले जाने की तैयारी है जबकि यूएन के पूरे गाजा में 400 वितरण केंद्र हैं। अगर जीएचएफ से गाजा के लोगों को खाना मिले तो बहुत कम लोगों तक ही मदद पहुंच पाएगी।



### ट्रम्प का फितूर बदस्तूर जारी

# स्टूडेंट वीजा को लेकर अब अमेरिका में आई शामत

- यूएस जाने वाले छात्रों के सोशल मीडिया की जांच होगी, क्लास छोड़ने पर वीजा रद्द कर दिया जाएगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने विदेशी छात्रों के लिए नए वीजा इंटरव्यू पर रोक लगा दी है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को इसे लेकर एक आदेश जारी किया। आदेश का मकसद देश की यूनिवर्सिटीज में यहूदी विरोध और वामपंथी विचारों को रोकना है।

रुबियो ने दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों को आदेश जारी कर कहाः वे स्टूडेंट वीजा के लिए नए इंटरव्यू शेडयूल न करें, क्योंकि ट्रम्प सरकार अमेरिका आने वाले छात्रों के सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच को और सख्त करने जा रही है। उन्होंने आगे कहाः तत्काल प्रभाव से कांसुलर सेक्शन आगे के दिशानिर्देश जारी होने तक स्टूडेंट या एक्सचेंज विजिटर (एफ, एम और जे) वीजा के लिए नए अपाइंटमेंट की इजाजत नहीं दे। हालांकि पहले से शेडयूल किए गए इंटरव्यू हो सकते हैं, लेकिन लिस्ट में नए अपाइंटमेंट नहीं जोड़े जाएं। यह रोक एफ, एम और जे वीजा केटेगरी पर लागू होती है, जो ज्यादातर अंतर्राष्ट्रीय छात्रों और एक्सचेंज विजिटर्स को कवर करती हैं। दावा है कि ये इन प्रोग्राम्स के जरिए आने वाले छात्र अमेरिका सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं या यहूदी-विरोधी माहौल को बढ़ावा दे सकते हैं। ट्रम्प सरकार ने अधिकारियों को इंस्टाग्राम, टिकटाक और एक्स जैसे प्लेटफार्म पर पोस्ट, लाइक, कमेंट और शेयर की जांच करने के भी आदेश दिए हैं, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले कंटेंट का पता लगाया जा सके। द गार्जियन के मुताबिक अधिकारी मार्च से, उन छात्रों के सोशल मीडिया की जांच कर रहे हैं, जो फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में शामिल थे। वे ऐसे पोस्ट के स्क्रीनशाट ले रहे हैं, जिन्हें अपमानजनक माना जाता है, भले ही बाद में वह कंटेंट हटा दिया गया हो। हालांकि इस आदेश में यह साफ तौर पर नहीं बताया गया है कि भविष्य में सोशल मीडिया जांच में क्या देखा जाएगा। पहले, सोशल मीडिया जांच केवल उन छात्रों के लिए लागू थी, जो फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में शामिल थे। ट्रम्प प्रशासन ने कहा है कि कोई विदेशी छात्र बिना जानकारी कोर्स छोड़ता है, क्लास नहीं जाता या पढ़ाई बीच में छोड़ता है, तो उसका स्टूडेंट वीसा रद्द किया जा सकता है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में जारी कर इसकी जानकारी दी। दूतावास ने किसी भी समस्या से बचने के लिए हमेशा अपने वीजा शर्तों का पालन करने के लिए कहा। दूसरी तरफ ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साथ लगभग 850 करोड़ रुपये का कान्ट्रैक्ट रद्द करने की तैयारी कर रहा है।

## ट्रम्प ने रोमानिया के राष्ट्रपति डैन को अमेरिका आने का दिया न्यौता

**बुखारेस्ट।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार शाम रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन से फोन पर बात की और उन्हें अमेरिका आने का निमंत्रण दिया। रोमानियाई प्रसारक डिजी24 ने सूत्रों का हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि मई 2025 का चुनाव जीतने के बाद डैन ने सोमवार को पदभार संभाला। उन्होंने चार दलों-सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी, सेव रोमानिया यूनियन पार्टी, नेशनल लिबरल पार्टी और रोमानिया में हंगरी के डेमोक्रेटिक अलायंस की भागीदारी के साथ एक नया मंत्रिमंडल बनाने पर बातचीत शुरू की। विपक्षी गठबंधन ने रोमानियाई संघ के अधिकारियों पर चुनाव धोखाधड़ी और विदेशी हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए डैन के शपथग्रहण समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा की। रिपोर्ट में कहा गया कि दोनों नेताओं के बीच बातचीत करीब दस मिनट तक चली। हाल के वर्षों में, रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक सहयोग के क्षेत्रों में अमेरिका और रोमानिया के संबंध मजबूत हुए हैं। देवेसेलु में अमेरिकी मिसाइल रक्षा बेस 2016 से रोमानियाई क्षेत्र में काम कर रहा है, और 2023 में दोनों देशों ने परमाणु ऊर्जा विकास के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## यमन शरणार्थी को रिहा करे पुलिसः उच्च न्यायालय

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने यमन नागरिक मोहम्मद कासिम मोहम्मद अल शिबाह को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी यहां रहने पर पुलिस ने 16 मई से बायकुला पुलिस थाने में हिरासत में रखा गया था। एक अधिवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति गौरी गोडसे और न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरसन की अवकाश पीठ ने बिना औपचारिक आदेश के शरणार्थी के हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने आदेश पारित करते हुए निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता अल शिबाह को तुरंत रिहा किया जाए और उन्हें न्यायालय की पूर्व अनुमति के बिना ग्रेटर मुंबई के अधिकार क्षेत्र को नहीं छोड़ने और अपने मोबाइल फोन पर लोकेशन सेवाओं को सक्रिय रखने का निर्देश दिया।